www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र



# देशबन्धु



नई दिल्ली, शनिवार, 4 मई , 2024 | वर्ष-17 | अंक -28 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

एम्स का 'निरीक्षण' करने आ रहे हैं मोदी 02

■ मान मन्नौवल के बाद माने राहुल गांधी नहीं लड़ना...
■ भाजपा, मोदी व अमित शाह को अरविंद केजरीवाल ... 03

■ स्थानीय कानूनों का पालन करें भारतीय छात्र : जायसवाल
■ अमेरिका व जापान हाइपरसोनिक्स को मार गिराने में ... 07

बुलडोजर दिखा कर डराना चाहते हैं 09

## सार संक्षेप

### अब एचडी रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर



**मैसूरु।** कर्नाटक सेक्स वीडियो मामले में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे एमएलए एचडी रेवन्ना के खिलाफ कर्नाटक पुलिस ने रेप और किडनैपिंग के मामले में एक एफआईआर दर्ज की है। पीड़ितों में से एक के बेटे ने अपनी मां के अपहरण की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद एचडी रेवन्ना के खिलाफ केस दर्ज किया गया। एचडी रेवन्ना के रिश्तेदार सतीश बाबू को एफआईआर में दूसरे आरोपी के रूप में रखा गया है।

### तिहाड़ जेल में एक कैदी की दूसरे ने की हत्या



**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिहाड़ जेल में खाने को लेकर हुए विवाद में एक 29 वर्षीय कैदी की एक अन्य कैदी ने हत्या कर दी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना जेल नंबर 3 में हुई जहां मृतक कैदी सेवादार के रूप में काम करता था। उसकी पहचान शकूरपुर निवासी दीपक के रूप में हुई है। वह डकैती और हत्या के एक मामले में जेल में बंद था।

### जेएनयू में 100 मीटर के दायरे में प्रदर्शन करना अपराध



**नई दिल्ली।** जेएनयू प्रशासन और डीन की ओर से छात्रों के लिए एक सलाह और परामर्श जारी किया गया है। 2 मई को जारी इस नए मैनुअल में कहा गया है कि डीन ऑफ स्टूडेंट्स कार्यालय, किसी भी शैक्षणिक और प्रशासनिक परिसर के 100 मीटर के दायरे के भीतर भूख हड़ताल, धरना, समूह का घुसपैठ और अन्य कोई भी प्रदर्शन करना दंडनीय अपराध है।

### एनआईए ने थलपुझा मामले में आरोप पत्र दायर किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केरल के थलपुझा इलाके में विशेष अभियान समूह के कमांडो पर फायरिंग से संबंधित मामले में नक्सली संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के चार कैडरों के खिलाफ शुक्रवार को आरोपपत्र दायर किया। जांच एजेन्सी ने बताया कि यह घटना केरल में पिछले वर्ष 7 नवंबर को हुई थी।

### मतदान के दिन मुंबई मेट्रो ने रखा खास ऑफर



**मुंबई।** मुंबई में लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के दिन 20 मई को मुंबई उपनगरों में मेट्रो लाइन 2ए और 7 के यात्रियों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉरपोरेशन ने कहा, मुंबई महानगर क्षेत्र में रहने वाले लोग वोट के लिए विभिन्न कोनों से यात्रा करेंगे।

## राहुल का रायबरेली से नामांकन, किया भावुक पोस्ट

# मां ने बड़े भरोसे से परिवार की कर्मभूमि सौंपी

■ सोनिया गांधी, खड़गे, गहलोत भी रहे मौजूद

■ भाजपा के दिनेश प्रताप से है टक्कर

**रायबरेली, 3 मई (देशबन्धु)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली सीट से नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, रॉबर्ट वाड्रा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मौजूद रहे।

रायबरेली से नामांकन करने के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक भावनात्मक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा, 'रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था। मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।'



### अमेठी से कांग्रेस के केएल शर्मा ने भरा पर्चा

*अमेठी। उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा ने शुक्रवार को अपना नामांकन कर दिया। नामांकन से पहले कांग्रेस कार्यालय से रोड शो निकालते हुए वह कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। केएल शर्मा को गांधी परिवार करीबी माना जाता है। वह मूल रूप से पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आए थे। तब से वह यहीं के होकर रह गए।*

अमेठी और रायबरेली दोनों ही मेरा परिवार हैं। मुझे खुशी है कि किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे : **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### नामांकन से पहले जुलूस निकाला

शुक्रवार सुबह ही राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से फुरसतगंज पहुंचे। वहां से अमेठी होते हुए रायबरेली आए। रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला। भारी भीड़ इस जुलूस में शामिल रही। राहुल गांधी का नामांकन जुलूस हाथी पार्क स्थित कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय से निकला। फिरोज गांधी चौराहा से होते हुए जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस जुलूस में भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकर्ताओं का उत्साह अपने चरम पर था। कांग्रेसी राहुल को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात कहते रहे। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी दिखे।

### दिनेश प्रताप दूसरी बार उतरे

इस हाई प्रोफाइल रायबरेली संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह लगातार दूसरी बार गांधी परिवार के सामने होंगे। राहुल गांधी के नामांकन के कुछ देर पहले ही दिनेश प्रताप सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। 2019 में दिनेश प्रताप सिंह सोनिया गांधी के सामने चुनाव लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन चुनाव हार गए थे। 2018 में दिनेश प्रताप सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सोनिया गांधी को 5,31,918 मत मिले थे। भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को 3,67,740 मत मिले थे। दिनेश प्रताप 1,64,178 मतों से हार गए थे, लेकिन उन्होंने सोनिया गांधी के जीत के अंतर को कम कर दिया था।

# मोदी का राहुल पर तंज डरो मत, भागो मत

## मोदी बोले, अब रायबरेली में रास्ता खोज रहे शहजादे

**बर्धमान, 3 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने पर हमला बोला है। वो शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वह अमेठी से इतना डर गए कि वहां से भागकर अब रायबरेली में रास्ता खोज रहे हैं। विपक्ष की सबसे बड़ी नेता के पास चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। वो डर के मारे भाग गई और भागकर राजस्थान और वहां से राज्यसभा में आई। मैंने पहले ही ये भी बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हारने वाले हैं। हार के डर से वायनाड में जैसी ही मतदान समाप्त होगा, वो तीसरी सीट खोजने लग जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा, अब दूसरी सीट पर भी उनके सारे चेले चपाटे कह रहे थे कि अमेठी आएंगे। लेकिन वह अमेठी से भी इतना डर गए कि वहां से भागकर अब रायबरेली में रास्ता खोज रहे हैं। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं- डरो मत। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं भी इन्हें यही कहूंगा- अरे डरो मत, भागो मत।



■ शहजादे को वायनाड़ में सता रहा हार का डर

### 14 को वाराणसी से दाखिल करेंगे अपना नामांकन मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को उत्तरप्रदेश के वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे एक दिन पहले 13 मई को वे अपने संसदीय क्षेत्र में रोड शो कर पार्टी की ताकत भी दिखाएंगे। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से है। मालूम हो कि वाराणसी में 1 जून को सातवें और अंतिम चरण में मतदान होगा। सातवें चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 7 मई से शुरू 14 मई तक चलेगी। कांग्रेस नेता अजय राय यहां तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाफ मैदान में है। 2014 और 2019 में उन्हें हार का सामना करना पडा था।

# अडानी ग्रुप की छह कंपनियों को सेबी ने थमाया नोटिस

**नई दिल्ली, 3 मई (एजेंसियां)।** अडानी ग्रुप की छह कंपनियों को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इन कंपनियों पर संबंधित पक्ष लेनदेन के कथित उल्लंघन, लिस्टिंग नियमों का पालन न करने और ऑडिटर सर्टिफिकेट्स की वैधता के संबंध में आरोप हैं।



■ कंपनियों पर लेनदेन के कथित उल्लंघन का आरोप

■ कंपनी ने अपेक्षित मंजूरी नहीं ली

इन कंपनियों ने स्टॉक एक्सचेंजेज को दी गई रेगुलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की अगुवाई वाले इस ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने गुरुवार को कहा कि उसे 31 मार्च को समाप्त तिमाही में दो कारण बताओ नोटिस मिले हैं। साथ ही ग्रुप की अन्य कंपनियों अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडानी पावर, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडानी विल्मर और अडानी टोटल गैस को भी कारण बताओ नोटिस मिले हैं। इन कंपनियों का कहना है कि उन्हें जो कानूनी राय मिली है, उसके मुताबिक सेबी के नोटिस का उन पर कोई असर होने की संभावना नहीं है। हालांकि, अडानी विल्मर और अडानी टोटल गैस को छोड़कर बाकी सभी कंपनियों के ऑडिटर्स ने एक क्वालीफाइड ओपिनियन जारी किया है। इसके मुताबिक सेबी की जांच के नतीजे भविष्य में इन कंपनियों के फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स को प्रभावित कर सकते हैं। ये नोटिस अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडानी ग्रुप पर लगाए गए आरोपों पर सेबी की जांच के बाद जारी किए गए। कारण बताओ नोटिस कोई अभियोग नहीं है। सेबी ने इन कंपनियों से पूछा है कि क्यों उनके खिलाफ मॉनिटरी और कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।

## केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# चुनाव के मद्देनजर जमानत पर कर सकते हैं विचार

**नई दिल्ली, 3 मई (एजेंसियां)।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदनी पार्टी (आप) नेता एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दिल्ली अबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन एक मामले में गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर अंतरिम जमानत देने पर विचार करने का शुक्रवार को संकेत दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान मौखिक तौर पर कहा कि उसने अभी कोई फैसला नहीं किया, लेकिन सुनवाई लंबी चलने की संभावना के मद्देनजर वह अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकती है। पीठ स्पष्ट करते हुए कहा कि वह केवल सभी संबंधित अधिवक्ताओं को सूचित कर रही है





■ इस मामले में सात मई को होगी सुनवाई

■ ईडी को स्पष्टीकरण देने को कहा था

कि सुनवाई जल्द पूरी नहीं होने की संभावना के मद्देनजर याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देने पर विचार किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में वह अगली सुनवाई सात मई को करेगी। इससे पहले 30 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने लोकसभा चुनाव से पहले श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर उठाए गए सवाल पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को तीन मई तक अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था। धनशोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 अभियोजन पक्ष पर काफी अधिक जिम्मेदारी डालती है। इसलिए आरोपी जमानत का विकल्प नहीं चुन रहा है, क्योंकि तब उसे अदालत को यह विश्वास दिलाना होगा कि वह दोषी नहीं है।

### गिरफ्तारी को शीर्ष अदालत में दी है चुनौती

श्री केजरीवाल ने दिल्ली अबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन के मामले में ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष अपने लिखित जवाब में श्री केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अपनी गिरफ्तारी के तरीके और समय पर सवाल उठाया है।

# संविधान की प्रस्तावना से सेकुलर शब्द हटाएंगे : भाजपा

**नई दिल्ली, 3 मई (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज कहा कि लोकसभा चुनाव जीतने पर भाजपा की सरकार संविधान की प्रस्तावना से सेकुलर शब्द हटा देगी। भाजपा के महासचिव दुष्यंत गौतम ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के बेबुनियाद आरोप लगा रही है , लेकिन भाजपा का नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्पष्ट कर चुके हैं कि संविधान और आरक्षण के साथ कोई बदलाव नहीं होगा।



■ दुष्यंत गौतम बोले सेकुलर शब्द डालने से अंबेडकर की आत्मा को ठेस लगी थी

■ कांग्रेस की सरकार ने प्रस्तावना में बदलाव करके सेकुलर शब्द जोड़ा था

उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि संविधान को बदलने का पाप कांग्रेस ने किया है। संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। कांग्रेस की सरकार ने प्रस्तावना में बदलाव करके सेकुलर शब्द जोड़ दिया था। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा की नयी सरकार संविधान की प्रस्तावना से वे शब्द हटाकर उसे पुन: मूल रूप में लाएगी, श्री गौतम ने कहा, हां, पुराने रूप में लाएंगे। सेकुलर शब्द नहीं होना चाहिए। सेकुलर शब्द डालने से बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की आत्मा को ठेस लगी थी। वह नहीं चाहते थे कि संविधान की प्रस्तावना में सेकुलर शब्द हो। भाजपा महासचिव ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता जवाहरलाल नेहरू ने डॉ अंबेडकर और उनके बनाए संविधान का शुरू से ही विरोध किया था। डॉ अंबेडकर के पंडित नेहरू से 36 का आंकड़ा था। पंडित नेहरू ने चुनाव में डॉ अंबेडकर को हराने के लिए काम किया।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के साथ वहां अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को लागू नहीं होने दिया।

# सीपीआई नेता अतुल कुमार अंजान का निधन

**लखनऊ, 3 मई (एजेंसियां)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान (70) का शुक्रवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। अतुल कुमार अंजान पिछले एक महीने से एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। अतुल अंजान ने अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत 1977 में की, जब वह लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए। वह सबसे मुखर और सक्रिय कम्युनिस्ट नेताओं में से एक थे, जिन्होंने एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। किसानों और श्रमिकों के हितों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता ने लोगों से व्यापक प्रशंसा और सम्मान जीता।



■ लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे

### वामपंथी राजनीति का बड़ा चेहरा थे

*अतुल कुमार अंजान एक वरिष्ठ सीपीआई नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव थे। वे अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव भी थे। छात्र राजनीति से राजनीतिक सफर तय करने वाले अतुल अंजान को वामपंथी राजनीति में बड़ा चेहरा माना जाता था।*

# भारत ने ईरान व इजरायल की यात्रा से प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली, 3 मई (एजेंसियां)।** भारत ने ईरान और इज़रायल के बीच संघर्ष की आशंका के मद्देनजर भारतीय नागरिकों के लिए इन दोनों देशों की यात्रा पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है लेकिन लोगों को यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने और भारतीय मिशन के संपर्क में रहने की सलाह दी है। ईरान और इजरायल के संबंध में यात्रा परामर्श के बारे में मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम क्षेत्र में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने यह भी देखा है कि ईरान और इजरायल ने कई दिनों से अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। हम भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह देते हैं।

**विदेश मंत्रालय ने सतर्कता बरतने की दी सलाह**

## चुनाव | तेलंगाना के मलकजगिरि में सबसे अधिक 177 नामांकन पत्र दायर किए गए

# चौथे चरण में 96 सीटों पर 1,717 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली, 3 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए भी उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार कर ली गई है। चौथे चरण के चुनाव में कुल 1,717 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 संसदीय सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक इन 96 संसदीय सीटों के लिए कुल 4,264 नामांकन दाखिल किए गए थे।**

नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल थी। दाखिल किए गए सभी नामांकनों की जांच के बाद, 1,970 नामांकन वैध पाए गए। नाम वापसी के उपरांत इन सीटों पर 1,717 उम्मीदवार शेष बचे हैं। मतदान के चौथे चरण में, तेलंगाना में सभी 17 संसदीय सीटों के लिए अधिकतम 1,488 नामांकन फॉर्म भरे गए। इसके बाद आंध्र प्रदेश में सभी 25 संसदीय क्षेत्रों से 1,103 नामांकन फॉर्म भरे गए हैं। तेलंगाना के संसदीय क्षेत्र 7-मलकजगिरि में सबसे अधिक 177 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। वहीं, तेलंगाना में ही संसदीय क्षेत्र 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर प्रत्येक में 114 नामांकन फॉर्म भरे गए हैं। चौथे चरण में संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है। चौथे चरण में जिन राज्यों में चुनाव होना है, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को था। इसके उपरांत चुनाव का दूसरा चरण 26 अप्रैल को हुआ। अब तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 94 सीटों पर चुनाव होने जा रहा है। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा और इन 94 सीटों पर कुल 13 सौ से अधिक उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उसके बाद 13 मई को चौथे चरण का मतदान होगा।




■ 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में 13 मई को मतदान होगा

# देश

उवाच

“ राहुल गांधी रायबरेली से गांधी परिवार के अंतिम बादशाह होंगे। गांधी परिवार जहां से हारता है, वहां फिर दोबारा नहीं जाता। राहुल गांधी अमेठी से हार गए तो उन्होंने वो सीट छोड़ दी, इस बार रायबरेली भी हारेंगे तो वो भी छोड़ देंगे: **गिरिराज सिंह**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38.1 | 18.3 |
| मुंबई | 33.0 | 24.3 |
| कोलकाता | 39.4 | 28.8 |
| चेन्नई | 40.2 | 28.4 |

### दरभंगा में अब तक एम्स नहीं बनाए जाने पर तेजस्वी यादव का तंज

# एम्स का 'निरीक्षण' करने आ रहे हैं मोदी

**दरभंगा,** 3 मई (एजेंसियां)। राजद नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दरभंगा दौरे को लेकर तंज कसा है। उन्होंने दरभंगा में अब तक एम्स नहीं बनाए जाने को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि लगता है पीएम मोदी एम्स का निरीक्षण करने आ रहे हैं। दरभंगा में शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब हमारी 17 महीने बिहार में सरकार थी, तब हम लोगों ने दरभंगा एम्स निर्माण के लिए जमीन भी उपलब्ध करा दी थी। जिससे दरभंगा शहर का विकास भी होता।



**जब हमारी 17 महीने बिहार में सरकार थी, तब हम लोगों ने दरभंगा एम्स निर्माण के लिए जमीन भी उपलब्ध करा दी थी: तेजस्वी यादव, राजद नेता**

**दरभंगा में भी वे हिंदू-मुसलमान की ही बात करेंगे**

दरभंगा में भी वे कब्रिस्तान-श्मशान, हिंदू-मुसलमान की ही बात करेंगे। उन्होंने दरभंगा हवाई अड्डे की चर्चा करते हुए कहा कि हवाई अड्डा का टर्मिनल अभी तक ढंग से बनकर तैयार नहीं हुआ है। हवाई जहाज आ रही है, लेकिन दरभंगा में देश का सबसे महंगा टिकट मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी बोलते थे कि हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई सफर करेंगे, लेकिन, हवाई चप्पल वाले क्या, उच्च मध्य परिवार के लोग भी टिकटों की कीमत से परेशान हैं। तेजस्वी यादव पिछले दो दिनों से दरभंगा में प्रवास कर रहे हैं और वहीं से आसपास के लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा कर रहे हैं।

**खराब है एनडीए की हालत**

बिहार के दरभंगा प्रवास के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाजपा और चिराग पासवान को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि इन लोगों की हालत खराब है। तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं और मुकेश सहनी महागठबंधन के पक्ष में घूम रहे हैं। उधर (भाजपा) से कभी राजनाथ सिंह, कभी नड्डा जी, कभी अमित शाह आ रहे हैं तो कभी प्रधानमंत्री आ रहे हैं। यानी उनके जो स्थानीय और अलायंस के नेता हैं, वह सभी बेकार हैं। उन लोगों से काम नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि हम तो बोलते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप, पुतिन के साथ-साथ तानाशाह किम जोंग उन को बुलाकर भी प्रचार करवा लें, लेकिन कुछ होने वाला नहीं है। चिराग पासवान को आरक्षण विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि चिराग कहते हैं कि जो संपन्न दलित हैं, उन्हें आरक्षण छोड़ देना चाहिए। तो, संपन्न दलित चिराग पासवान नहीं हैं, क्या जिन्हें समस्तीपुर से टिकट मिला है, जिनको जमुई से टिकट मिला, वह संपन्न नहीं हैं क्या?

## लालू यादव ने 'शब्दों' के जरिए पीएम मोदी पर कसा तंज



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनके कथित पसंदीदा शब्दों को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि वे नौकरी-रोजगार, गरीबी-किसानी जैसे शब्द भूल गए हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सोशल साइट एक्स पर देशवासियों को संबोधित करते हुए लिखा कि हिंदी भाषा में आज लगभग 1.5 लाख शब्द बताये जाते हैं तथा अध्ययन की सभी शाखाओं में तकनीकी शब्दों को मिलाकर लगभग 6.5 लाख शब्द हैं। उन्होंने आगे लिखा, 'लेकिन, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे पसंदीदा शब्द हैं: पाकिस्तान, श्मशान, कब्रिस्तान, हिन्दू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद, मछली-मुगल, मंगलसूत्र, गाय-भैंस। ऊपर की लिस्ट पहले दो चरणों के चुनाव होने तक की है। सातवें चरण तक इस लिस्ट में कुछ दो चार नाम और बढ़ सकते हैं।' लालू ने आगे कहा कि वे नौकरी-रोजगार, गरीबी-किसानी, महंगाई-बेरोजगारी, विकास-निवेश, छात्र-विज्ञान-नौजवान इत्यादि मुद्दे भूल गए है।

## बीजेपी को चुनाव के समय ही आती है बिहार की याद: मीसा भारती

पटना। पाटलिपुत्र लोकसभा से महागठबंधन की प्रत्याशी मीसा भारती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता को केवल चुनाव के समय ही बिहार की याद आती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं को 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान की गई घोषणाओं और वादों को याद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार को स्पेशल पैकेज कब मिलेगा, यहां की बंद फैक्ट्रियां कब चालू होंगी। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ रोजगार का वादा किया गया था। एनडीए सरकार के शासन काल में बिहार के कितने नौजवानों को रोजगार मिला? बिहार के डबल इंजन की सरकार को बताना चाहिए कि बिहार के लोगों को रोजगार कब मिलेगा? साथ ही स्पेशल पैकेज की घोषणा कब होगी? उन्होंने कहा कि देश का माहौल महागठबंधन के पक्ष में है और देश की जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए सरकार की विदाई का मन बना लिया है।

# आरक्षण खत्म करने की साजिश में लगे हैं कांग्रेस, वाम दल और तृणमूल कांग्रेस : मोदी

**बर्दवान,** 3 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया समूह के घटक कांग्रेस, वाम दल और तृणमूल कांग्रेस पर अपने वोटबैंक की खातिर जमीन तैयार करने के वास्ते एसटी/एससी और ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि ये पार्टियां इसे धार्मिक आधार पर मुसलमानों को आवंटित करने के लिए साजिश कर रही हैं। श्री मोदी बर्दवान-दुर्गापुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष और बर्दवान-पूर्व से प्रत्याशी गायक कवि आशिम सरकार के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह यह जानकर आश्चर्यचकित हैं कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने गुरुवार को कथित तौर पर सभी हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी (गंगा) में डुबाने की धमकी दी। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इस राज्य के हिंदुओं का क्या होगा , जिन पर हाल ही में रामनवमी उत्सव के दौरान हमला किया गया था।



**विपक्ष विकास नहीं ला सकता। वे केवल वोटों की खातिर समाज में दरार पैदा करना जानते हैं। एक तृणमूल कांग्रेस विधायक ने सिर्फ दो घंटे में हिंदुओं को भागीरथी में डुबो देने की धमकी दी है। क्या क्या यही भाषा और राजनीतिक संस्कृति है: नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

उन्होंने कहा, 'वे (विपक्ष) विकास नहीं ला सकते। वे केवल वोटों की खातिर समाज में दरार पैदा करना जानते हैं। एक तृणमूल कांग्रेस विधायक ने सिर्फ दो घंटे में हिंदुओं को भागीरथी में डुबो देने की धमकी दी है। क्या क्या यही भाषा और राजनीतिक संस्कृति है। बंगाल में हिंदुओं के साथ क्या हो रहा है। ऐसा लगता है कि तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया है।'

उन्होंने कहा, 'कांग्रेस, वाम दल और तृणमूल कांग्रेस के पास विकास के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है। आप अच्छी तरह से जानते हैं कि ये तीनों पार्टियां राज्य के लिए क्या कर सकते हैं।

## कल पीएम मोदी का अयोध्या दौरा, रामलला के करेंगे दर्शन

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या जाएंगे। जहां वह राम मंदिर में रामलला का दर्शन और पूजा-अर्चना भी करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी रविवार शाम करीब 7 बजे रामलला के दर्शन करेंगे। इसके बाद वह अयोध्या में सुग्रीव किला से लता मंगेशकर चौक तक लगभग 2 किलोमीटर का रोड शो करेंगे। पिछले चार महीनों में अयोध्या में पीएम मोदी का यह दूसरा रोड शो होगा। खबरों के मुताबिक, पीएम मोदी रविवार को करीब 2.45 बजे पर इटावा पहुंचेंगे और 4.45 बजे धारूहेड़ा जाएंगे। इसके बाद पीएम मोदी शाम को करीब 7 बजे अयोध्या के राम मंदिर में दर्शन करेंगे और फिर फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में दो किलोमीटर रोड शो करेंगे। फैजाबाद में पांचवें चरण में 20 मई को वोट डाले जाएंगे।

## सार संक्षेप

### तेलंगाना हाईकोर्ट से अविनाश रेड्डी को राहत अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिका खारिज

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट से शुक्रवार को वाईएस विवेकानंद रेड्डी हत्या मामले में कडप्पा सांसद वाईएस अविनाश रेड्डी को राहत मिली। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिका खारिज कर दी। मामले में आरोपी से सरकारी गवाह बने शेख दस्तगिरी ने याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति के. लक्ष्मण ने पिछले महीने याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट ने इसी मामले में अविनाश रेड्डी के पिता भास्कर रेड्डी को भी जमानत दे दी। उन्हें पहले स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत दी गई थी। हालांकि, अदालत ने अन्य आरोपियों जी. उदय कुमार रेड्डी और सुनील यादव को जमानत देने से इनकार कर दिया। दस्तगिरी की याचिका पर सीबीआई ने भी जवाब दाखिल किया और उसके वकील ने तर्क दिया कि अविनाश रेड्डी ने काफी प्रभाव डाला और मामले में कुछ गवाहों को प्रभावित करने में कामयाब रहे।

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी-सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी-सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आप नेता आबकारी नीति में कथित घोटाले से मनी लॉड्रिंग मामले में आरोपी हैं। सिसोदिया ने राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज करने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने ईडी से सवाल किया कि जब सिसोदिया को उनकी पत्नी से हफ्ते में एक दिन मिलने की इजाजत है, तो फिर अब इसे जारी रखने में क्या दिक्कत है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

### गुजरात कांग्रेस ने बीजेपी पर बोला हमला, चुनाव में अनैतिक आचरण का लगाया आरोप

**अहमदाबाद।** भाजपा पर अनैतिक आचरण का आरोप लगाते हुए गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया संयोजक और प्रवक्ता डॉ. मनीष दोषी ने पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने राजकोट में भाजपा नेताओं पर अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए खोडलधाम और कांग्रेस की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का आरोप लगाया है। डॉ. दोषी ने आरोप लगाया, 'भाजपा के एक पन्ना प्रमुख के नेतृत्व में गुमनाम समाचार पत्र प्रसारित करके खोडलधाम युवा समिति के कार्यकर्ताओं को फंसाने की साजिश की गई।' डॉ. दोषी ने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रियाओं में बाधा डालने के लिए पुलिस के कथित दुरुपयोग की भी आलोचना की।

# हिमाचल दौरे पर आएंगी मुर्मू सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

**शिमला,** 3 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से आठ मई तक हिमाचल दौरे पर आ रही हैं। कल दोपहर बाद राष्ट्रपति शिमला पहुंचेगी और शिमला से सटे छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास 'दी रिट्रीट' में रुकेंगी। शुक्रवार को शिमला के मॉल रोड में राष्ट्रपति के काफिले के गुजरने की रिहर्सल भी की गई। आगामी पांच मई को राष्ट्रपति कैचमेंट एरिया का दौरा करेंगी जबकि छह को राष्ट्रपति केंद्रीय विवि धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। सात मई को सुबह संकट मोचन व तारादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी और दोपहर बाद मालरोड, रिज मैदान में सैर करेंगी। शाम को गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति आठ मई को सुबह शिमला से वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगी।इस दौरान दी रिट्रीट राष्ट्रपति निवास आम जनता और पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा रहेगा और एक हजार से अधिक पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किए गए हैं। जगह-जगह साफ-सफाई के साथ राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर सजावट भी की जा रही है।इस बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विमान जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पर लैंड करेंगी। जुब्बड़हट्टी से लेकर मशोबरा तक पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।इसके अलावा ट्रैफिक को भी व्यवस्थित रखने के लिए सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को भी हटा दिया गया है। राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन सभी तैयारियां पूरी कर चुका है।



- **छह को राष्ट्रपति केंद्रीय विवि धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी**
- **सात मई को सुबह संकट मोचन व तारादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी**

श्री मुर्मु सात मई को संकट मोचन मंदिर और तारादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद शाम के वक्त मालरोड पर भ्रमण करेंगी। इसके बाद उनका ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक संध्या का में शामिल होने का कार्यक्रम है। सांस्कृतिक संध्या के बाद राज भवन में रात्रि भोज का आयोजन होगा। शिमला के गेयटी थियेटर में सभी तैयारियां की जा रही हैं। राष्ट्रपति आठ मई को सुबह शिमला से वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

## राजभवन में एक और व्यक्ति को गलत इरादे से रखा गया : बंगाल गवर्नर

**कोलकाता,** 3 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंदा बोस ने शुक्रवार को दावा किया कि कोलकाता के राजभवन में एक और व्यक्ति को गलत इरादे से रखा गया है। राज्यपाल ने यह बात राजभवन की एक महिला कर्मचारी द्वारा एक स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराने के एक दिन बाद कही। महिला ने शिकायत में उन पर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया था। उन्होंने शुक्रवार को जारी एक ऑडियो संदेश में दावा किया, 'राजभवन को एक गोपनीय रिपोर्ट मिली है कि राजनीतिक ताकतों ने गलत इरादे से एक और व्यक्ति को राजभवन में बैठा दिया है।' इसके अलावा यह भी दावा किया कि मामले का सत्यापन संबंधित एजेंसियां कर रही हैं और ये सिर्फ चुनावी हथकंडे हैं। उन्होंने संदेश में राजभवन के सामान्य कर्मचारियों से भी सतर्क रहने को कहा है। राज्यपाल ने कहा कि बुरे इरादों से उन्हें बदनाम करने का कोई भी प्रयास उन्हें भ्रष्टाचार को उजागर करने और हिंसा पर अंकुश लगाने के उनके दृढ़ प्रयास से नहीं रोक पाएगा।



## बसपा ने यूपी में उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी की, तीन सीटों पर प्रत्याशी बदले

**लखनऊ,** 3 मई (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। बसपा ने राज्य में तीन और सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, जबकि अन्य तीन सीटों पर उम्मीदवार बदल दिए। पार्टी ने गोंडा से सौरभ कुमार मिश्रा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे और बाराबंकी (सुरक्षित सीट) से शिव कुमार दोहरे को मैदान में उतारा है। जहां गोंडा और कैसरगंज के उम्मीदवार ब्राह्मण हैं, वहीं बाराबंकी का उम्मीदवार अनुसूचित समुदाय से है। जिन तीन सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार बदले हैं उसमें संत कबीर नगर, आजमगढ़ और डुमरियागंज शामिल है। आजमगढ़ में कांग्रेस छोड़कर आई सबीहा अंसारी की जगह मशूद अहमद को टिकट दिया गया है। संत कबीर नगर में सैयद दानिश की जगह नदीम अशरफ को टिकट दिया गया है। आजमगढ़ में बसपा दो बार प्रत्याशी बदल चुकी है। पार्टी ने शुरुआत में अपने पूर्व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को मैदान में उतारा था, लेकिन फिर उनकी जगह सबीहा अंसारी और अब मशूद अहमद को मैदान में उतारा है। डुमरियागंज में ख्वाजा शम्सुद्दीन की जगह मोहम्मद नदीम मिर्जा चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, बसपा ने लखनऊ पूर्व सीट से आलोक कुशवाहा को मैदान में उतारने की घोषणा की। बसपा ने इलाहाबाद से रमेश सिंह पटेल को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं बांसगांव में राम समुझ बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।




- **पार्टी ने गोंडा से सौरभ कुमार मिश्रा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे और बाराबंकी (सुरक्षित सीट) से शिव कुमार दोहरे को मैदान में उतारा**

## 'प्रज्वल को कानून का सामना करने के लिए पकड़ लिया जाएगा': सिद्दारमैया

**बागलकोट (कर्नाटक),** 3 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि हासन के मौजूदा सांसद एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप है और कानून का सामना करने के लिए उन्हें सामने आना होगा। श्री सिद्दारमैया ने पत्रकारों से कहा, 'उनके ठिकाने की परवाह किए बिना श्री रेवन्ना को पकड़ लिया जाएगा और भारत में न्याय का सामना करने के लिए वापस लाया जाएगा।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि श्री रेवन्ना के खिलाफ मामला यौन उत्पीड़न से ऊपर है और यह दुर्षकर्म का गंभीर अपराध है। उन्होंने श्री रेवन्ना पर एक विवाहित महिला द्वारा लगाए गए दुष्कर्म के आरोपों की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'पीड़िता की गवाही अदालत में मायने रखती है। अगर उसने झूठा दावा किया है, तो उसका जीवन बर्बाद हो जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विशेष जांच दल (एसआईटी) ने श्री प्रज्वल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (2) एन (बार-बार दुष्कर्म ), 506 (आपराधिक धमकी), 354 (ए) ( 1) (यौन उत्पीड़न, यौन संबंधों की मांग करना), 354 (बी) (एक महिला पर आपराधिक बल का प्रयोग), और 354 (सी) (ताक-झांक) के तहत मामला दर्ज किया गया है।



**'रेवन्ना ठिकाने की परवाह किए बिना श्री रेवन्ना को पकड़ लिया जाएगा और भारत में न्याय का सामना करने के लिए वापस लाया जाएगा: सिद्दारमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक**

## ममता बनर्जी ने बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोप पर पीएम मोदी की चुप्पी पर उठाया सवाल

**कोलकाता,** 3 मई (एजेंसियां)। राजभवन की एक अस्थायी कर्मचारी द्वारा राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस पर 'उसका शीलभंग करने' का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के एक दिन बाद शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया। पूर्वी मिदनापुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का नाम लिये बिना कहा, 'आप गुरुवार की रात वहां मौजूद थे लेकिन आपने इस पर एक शब्द भी नहीं कहा। आपने संदेशखाली के बारे में काफी कुछ कहा। लेकिन मैंने वहां ऐसा कुछ नहीं होने दिया। वहां जमीन से जुड़े कुछ मसले जरूर हैं जिसे मेरे अधिकारियों ने हल कर दिया है। लेकिन आपने क्या किया है?'

मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि गुरुवार को जो शिकायत सामने आई है, उन्हें उसी तरह की कई और शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे पहले भी ऐसी शिकायतें मिली थीं, लेकिन मैंने कुछ नहीं कहा। मैंने उस महिला के आंसू देखे हैं जिसने शिकायत दर्ज कराई है। इसका एक वीडियो मेरे पास आया है।' गुरुवार को राजभवन की एक अस्थायी महिला कर्मचारी ने पुलिस को दी गई एक लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि राज्यपाल ने उसका शीलभंग किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राजभवन के पीस रूम में कार्यरत एक कर्मचारी राजभवन स्थित पुलिस चौकी के प्रभारी अधिकारी के पास गई और आनंद बोस पर स्थायी नौकरी दिलाने के बहाने छेड़छाड़ का आरोप लगाया। बाद में उसने हरे स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके दायरे में राजभवन आता है। दूसरी ओर, राज्यपाल ने आरोप को झूठा करार देते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य से शिकायत दर्ज कराई गई है। राज्यपाल के कार्यालय ने गुरुवार रात एक संक्षिप्त बयान जारी कर कहा, 'सच्चाई की जीत होगी। मनगढंत कहानियों से मैं डरने वाला नहीं हूं। यदि कोई निहित चुनावी लाभ के लिए मेरी छवि खराब करना चाहता है तो भगवान उनका भला करे।



**प्रधानमंत्री जी आप गुरुवार की रात वहां मौजूद थे लेकिन आपने इस पर एक शब्द भी नहीं कहा। आपने संदेशखाली के बारे में काफी कुछ कहा। लेकिन मैंने वहां ऐसा कुछ नहीं होने दिया: ममता बनर्जी**

## अजय राय ने यूपी की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का किया दावा

**देवरिया।** देवरिया लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अखिलेश प्रताप सिंह के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने किया। अखिलेश प्रताप सिंह के कार्यालय के उद्घाटन के बाद उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जीतेंगे। रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के ऐलान पर अजय राय ने कहा कि रायबरेली उनकी अपनी सीट है। वहां से राहुल गांधी रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने आगे कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर विकास को गति प्रदान की जाएगी। पूरे देश में गुजरात के लोग आज ठेकेदार बन बैठे हैं। अब समय आ गया है कि जनता दस साल से बोले जा रहे झूठ का बदला ले।

**चुनाव** *बिहार में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग व राजनीतिक दलों ने लगाया जोर*

# मतदाताओं को बूथों तक लाने की मुहिम में जुटा आयोग व राजनीतिक दल

**पटना, 3 मई (एजेंसियां)। बिहार में दो चरणों में नौ लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव के बाद वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग के अलावा राजनीतिक दलों ने जोर लगाया है। आयोग जहां जागरूकता अभियान के अलावा अन्य कई तरह की कवायद कर रहा है, वहीं, राजनीतिक दलों ने भी अब इसको लेकर पहल शुरू कर दी है।**

प्रदेश निर्वाचन आयोग सभी बूथों पर आवश्यक सुविधा और मतदाताओं को बूथों तक लाने की मुहिम में जुटा हुआ है। पहले और दूसरे चरणों में मतदान को लेकर खास उत्साह नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू कार्यकर्ताओं से बात की और वोट प्रतिशत बढ़ाने का टास्क दिया है। नीतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि लोगों को मतदान केंद्र तक ले जाएं। भाजपा ने भी अपने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों को भी वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर. श्रीनिवास ने राजनीतिक दलों को अपने स्तर से मतदाता पर्ची मतदाताओं को उपलब्ध कराने को कहा है। चुनाव आयोग के निर्देश पर बीएलओ के माध्यम से भी वोटर स्लीप उपलब्ध कराये जा रहे हैं। श्रीनिवास ने कहा कि राजनीतिक दलों की ओर से वोटर स्लीप वितरित नहीं होने की शिकायत की जाती है। इसी के मद्देनजर सीईओ ने सभी हितधारकों से इसमें सहयोग करने की अपील की है। बिहार में प्रथम चरण में 48.23 प्रतिशत तथा दूसरे चरण में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो पिछले लोकसभा चुनाव से कम है।



- **बिहार में प्रथम चरण में 48.23 प्रतिशत तथा दूसरे चरण में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ**

### बिहार में महागठबंधन 30 सीटों पर जीत दर्ज करेगी : कांग्रेस

कांग्रेस ने बिहार में 30 सीट पर जीत का दावा करते हुए आज कहा कि देश में हुए दो चरणों के लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह घबरा गई है। श्री शर्मा ने गुरुवार को समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोगों का इंडिया गठबंधन के प्रति जिस तरह से रूझान देखा जा रहा है इससे स्पष्ट है कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगीं। उन्होंने दावा किया है कि बिहार में महागठबंधन 30 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कुछ दिनों से भाजपा के नेता अबकी बार चार सौ पार का नारा भूल गए हैं क्योंकि चुनाव का रूझान राजग को पता चल गया है। कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा आरक्षण विरोधी है और देश मे आर. एस. एस. का एजेंडा के माध्यम से सरकार चला रही हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो.अबू तमीम एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता मो.तनवीर समेत महागठबंधन के अन्य नेता उपस्थित थे।


# मान मन्नौवल के बाद माने राहुल गांधी नहीं लड़ना चाहते ते उत्तर प्रदेश से चुनाव

■ इकरार खान

**नई दिल्ली/रायबरेली,** 3 मई (देशबन्धु)। एक लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को आखिरकार कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली से अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। इन नामों में दोनों ही जगह चौका देने वाले नाम सामने आए। जिसमें अमेठी से के एल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा। वहीं रायबरेली से राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाया गया है। दरअसल काफी समय से ये चर्चा थी कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं और प्रियंका गांधी रायबरेली से।

दरअसल मंगलवार को ही किशोरी लाल शर्मा अमेठी पहुंच गए थे यहां उन्होंने गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में कई दौर की मीटिंग ली। इस दौरान उन्होंने डीबी लाइव से खुद बातचीत करते हुए कहा था कि गांधी परिवार का ही कोई सदस्य यहां से चुनाव लड़ेगा। इतना ही नहीं ऐसी खबरें भी आई की राहुल गांधी के नामिनेशन के पेपर भी तैयार कर लिए गए थे ,लेकिन नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को सुबह करीब 7 बजे दोनों सीटों से उमीदवारों का ऐलान कर दिया गया जिसमें अमेठी से किशोरी लाल शर्मा और रायबरेली से राहुल गांधी के नामों की घोषणा की गई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को यूपी से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी नेताओं को लंबे समय तक मान मन्नौवल करना पड़ा। सूत्रों का कहना है कि वह उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं थे। यही वजह है कि इन दोनों सीटों पर पार्टी के नेता भी कुछ भी कहने से बचते रहे। कल देर रात कोई बैठक में राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया।





■ कांग्रेस के लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट है रायबरेली
■ किशोरी लाल शर्मा को खुद नहीं पता था कि उन्हें उम्मीदवार बनाया जा सकता है

ऐसे में उन्हें विरासत का हवाला देकर रायबरेली के लिए मनाया गया। पार्टी नेताओं का मानना है कि विपरीत परिस्थितियों में भी रायबरेली की जनता ने कांग्रेस का हाथ नहीं छोड़ा था। अभी भी वहां पार्टी को लेकर उत्साह है। यह कांग्रेस के लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट है। इस वजह से इस सीट को नही छोड़ा जा सकता है। इस पर राहुल ने हामी भरी।

### रायबरेली से लड़ना चाहती थीं प्रियंका

पार्टी सूत्रों का कहना है कि शुरुआती दौर में प्रियंका गांधी रायबरेली को लेकर रुचि दिखा रही थीं। वह यहां से चुनाव लड़ना चाहती थीं। इसी बीच राहुल गांधी की न्याय यात्रा शुरू हुई। पार्टी के कुछ नेताओं ने रायबरेली से प्रियंका के बजाय राहुल का नाम रायबरेली के लिए आगे बढ़ाया। इस पर प्रियंका ने चुप्पी साध ली। सूत्रों का यह भी कहना है कि प्रियंका गांधी नहीं चाहतीं कि उनके और राहुल गांधी के बीच सियासत को लेकर किसी तरह का टकराव हो।

# भाजपा, मोदी व अमित शाह को अरविंद केजरीवाल से लगता हैं डर : आतिशी

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। अमित शाह ने ही अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के भाजपा के षड्यंत्र का पर्दाफ़ाश किया। अमित शाह ने अपने इंटरव्यू में किया साफ़-समन भेजने के पहले दिन से ही ईडी का इरादा अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करना था। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कही। उन्होंने कहा कि आप समन के पहले दिन से कह रही थी कि अरविंद केजरीवाल को किसी जाँच के लिए नहीं बल्कि गिरफ़्तार करने के लिए बुलाया जा रहा है और अब अमित शाह ने अपने इंटरव्यू में साफ़ कर दिया कि भाजपा और उसके राजनीतिक हथियार ईडी का इरादा समन के बहाने केजरीवाल को गिरफ़्तार करना था।

**अमित शाह ने ही किया अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के भाजपा के षड्यंत्र का पर्दाफाश : आतिशी**

आतिशी ने कहा कि, अमित शाह का बयान इस बात का प्रमाण कि एक्साइज पॉलिसी मामला और 2 साल से चल रही जांच आप नेताओं को परेशान करने और अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करने की एक सोची समझी साज़िश है और आज पूरे देश को पता चल गया है कि एक्साइज पॉलिसी की पूरी जांच सिर्फ एक षड्यंत्र है क्योंकि भाजपा को, मोदी को, अमित शाह को अरविंद केजरीवाल से डर लगता है।

वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने कहा कि, भाजपा शासित केंद्र सरकार, उनकी ईडी, उनकी सीबीआई पिछले 2 साल से एक्साइज पॉलिसी की जांच कर रही है। सैकड़ों अफ़सर, हज़ारों रेड के बाद भी इन्हें आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता से एक रुपया नहीं मिला। फिर भी झूठा षड्यंत्र रचकर, फर्जी केस लगाकर आम आदमी पार्टी के एक एक नेताओं को गिरफ़्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, सतेंदर जैन को गिरफ़्तार किया गया। मनीष सिसोदिया को गिरफ़्तार किया गया, संजय सिंह को गिरफ़्तार किया गया और उसके बाद भी आम आदमी पार्टी को नहीं रोक पाए तो अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार कर लिया गया। आतिशी ने कहा कि, जब से अरविंद केजरीवाल जी को ईडी के समन आने शुरू हुए तब से पहले दिन से ही आम आदमी पार्टी ने खुलकर कहा कि ये अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ़्तार करने की साज़िश है, उन्हें किसी जांच के लिए नहीं बुलाया जा रहा बल्कि गिरफ़्तार करने के लिए बुलाया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ वकील आम आदमी पार्टी में हुए शामिल



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील और ऑल इंडिया वीमेन लॉयर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. गीता रानी आम आदमी पार्टी में शामिल हुई। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के कई और वकील भी पार्टी में शामिल हुए। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने इन सभी वकीलों का पटका पहनाकर आम आदमी पार्टी में स्वागत किया।

**आतिशी ने वकीलों को पटका व टोपी पहनाकर किया पार्टी में शामिल**

बता दें कि डॉ. गीता रानी पानीपत के वार्ड 17 से पार्षद भी रह चुकी है। इस मौक़े पर डॉ. गीता रानी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा दिल्ली के आम लोगों और वकीलों की ज़िंदगी को बेहतर बनाने का काम किया, उनकी नीतियों से प्रभावित होकर आज हम 'आप' में शामिल हो रहे है। और अब आम आदमी के हक़ की लड़ाई लड़ेंगे।

## सार संक्षेप

### एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 38,238 करोड़ रुपए का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान 38,238 करोड़ रुपए का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान यह 29,589 करोड़ रुपए था। पिछले वर्ष की तुलना में सिंगल प्रीमियम में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, एसबीआई लाइफ का न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 4,165 करोड़ रुपए रहा, जो 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सुरक्षा व्यक्तिगत न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 951 करोड़ रुपये रहा। व्यक्तिगत नया व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 23,832 करोड़ रुपए रहा। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए एसबीआई लाइफ का कर पश्चात लाभ 1,894 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात 31 मार्च, 2024 तक 1.96 पर मजबूत बना हुआ है, जबकि नियामक आवश्यकता 1.50 है।

### निःशुल्क जांच शिविर में पहुंचे कोरोना के साइड इफेक्ट वाले मरीज



**नई दिल्ली।** गैर सरकारी संस्था एकदाना फाउंडेशन की ओर से पालिका बाजार में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में होमियोपैथी के जानेमाने डाक्टर सुधीर तोमर ने शुगर, गठिया, खांसी, कमजोरी, इम्यूनिटी बुस्टर समेत कोराना के बाद पैदा हुए साइड इफेक्ट से पीडित मरीजों को मुफ्त दवाई दी। साथ ही कोराना के बाद किस तरह की समस्याएं पैदा हुई उससे बचने के उपाय बताएं। संस्था के ट्रस्टी अमित कुमार ने बताया कि इस तरह की निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन विभिन्न इलाकों में किया जा रहा है। इस आयोजन का मकसद लोगों को स्वस्थ्य बनाना है। एकदाना फाउंडेशन के साथ आधी आबादी फाउंडेशन, प्रीतम धाम दशमेश घाट चेरीटेबल ट्रस्ट और माया नारायण संस्थान, पटना ने भी भागीदारी की। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रो से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। पालिका बाजार शॉप कीपर वेलफेयर के अध्यक्ष दर्शन लाल कक्कड़, महासचिव विनय कुमार, आरजे मनीष आजाद रेडियोवाला, अखिल भारतीय खान पान लाइसेंसी ज वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता, एकदाना फाउंडेशन से धीरज कुमार, ललित बाजाज, गौरी शंकर, विनीत कौशिक, जितेन्द्र गर्ग, नानकचंद बालगोहार, रवी पांडे, अमित , अजय शर्मा, के आलवा वरिष्ठ वीर अजरुन के चीफ रिपोर्टर कृष्णदेव पाठक, प्रथम प्रवक्ता के संपादक राकेश रमन, आफ्टर ब्रेक के संपादक मनीष सिंन्हा, वरिष्ठ पत्रकार विवेकानंद , बाबा हरिहर दास जी महाराज आदि को शॉल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# दिल्ली मेट्रो ने मनाया 30वां स्थापना दिवस



**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन डीएमआरसी ने शक्रवार को भारत मंडपम, नई दिल्ली में अपना 30वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर अनुराग जैन, सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय एवं अध्यक्ष, डीएमआरसी, नरेश कुमार, मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और मानद कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव, परमवीर चक्र विजेता सहित डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त डीएमआरसी कार्मिकों के उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए उन्हें प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही, मेट्रो वुमन और मैन ऑफ द ईयर, सर्वश्रेष्ठ स्टेशन, सर्वश्रेष्ठ डिपो एवं राजभाषा पुरस्कार भी दिए गए।

समारोह में प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति सुब्रह्मण्यम और जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन अभिनेता सुनील ग्रोवर ने मंच पर आकर संगीत और हंसी की मनोरंजक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली मेट्रो का 30वॉ स्थापना दिवस समारोह पिछली उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करने, भविष्य की कल्पना व डीएमआरसी की यात्रा में शामिल सभी लोगों के सामूहिक प्रयासों का जश्न मनाने का अवसर था।

### इस वर्ष के विजेता

**मेट्रो वुमन ऑफ द ईयर :** प्रिती कुमारी, वरिष्ठ स्टेशन प्रबंधक
**मेट्रो मैन ऑफ द ईयर :** मोहम्मद अब्दुस्सुएब अहमद, प्रधान यातायात नियंत्रक
**सर्वश्रेष्ठ मेट्रो स्टेशन :** बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन
**सर्वश्रेष्ठ मेट्रो डिपो :** शास्त्री पार्क डिपो
**राजभाषा पुरस्कार :** गोपेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ स्टेशन प्रबंधक

# अंतिम चरण में पहुंचा हाजियों का टीकाकरण व हज शिविर

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। हज कमिटी ऑफ इंडिया की ओर से जारी हज फ्लाइट शेड्यूल के अनुसार दिल्ली एंबरकेशन प्वाइंट से पवित्र हज यात्रा के लिए जाने वाले हज यात्रियों की उड़ान 9 मई को देर रात 2.20 बजे से शुरू होगी। हज फ्लाइट शेड्यूल आते ही दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने हज कमेटी के कार्यकाल में लगाए गए हज सुविधा मोबाइल ऐप हेल्प डेस्क और रामलीला मैदान में लगाए जा रहे हज कैंप की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी और डिप्टी कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली भी शामिल थे। रामलीला मैदान में एमसीडी की ओर से किए जाने वाले कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए एमसीडी के अधिकारियों को फोन के द्वारा संपर्क किया गया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। बता दें कि इस साल हज यात्रा को अधिक से अधिक सफल बनाने और हज के दौरान हाजियों की सुविधा के लिए भारत सरकार द्वारा एक मोबाइल सुविधा ऐप जारी किया गया है और सभी स्टेट हज कमेटी के द्वारा सभी हाजियों के मोबाइल में इसे डाउनलोड करवाना था।

# मतदान के दिन 'हीट वेव' की स्थिति से निपटने की हुई समीक्षा

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में मतदान के दिन 'हीट वेव' लू की स्थिति से निपटने की तैयारी को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में व्यवस्थाओं को सुगम बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न विभागों जिसमें एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली छावनी बोर्ड, दिल्ली स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, दिल्ली जल बोर्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा निदेशालय और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान सीईओ, दिल्ली ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि संभावित गर्मी के प्रकोप के कारण मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। आईएमडी द्वारा लू के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए पी. कृष्णमूर्ति ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षित पेयजल, उचित छायादार प्रतीक्षा क्षेत्रों के साथ कूलर व आवश्यक चिकित्सा किट उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिए। सीईओ ने स्थानीय निकायों और स्वास्थ्य विभाग को मतदान के दिन मतदान केंद्र पर दवा एवं आवश्यक पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति करने के निर्देश दिए।

**केंद्रों पर आवश्यक चीजें सुनिश्चित करने के निर्देश**

## लड़के की चाकू मारकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली में एक लड़की के चलते 18 वर्षीय लड़के की नाबालिग समेत दो लोगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को ओखला थाने में शाम 5=27 बजे एक लड़के के घायल होने के संबंध में दो कॉल मिलीं।

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 03639 | गया जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) (सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष) | शनिवार सोमवार | 02.05.2024 | 04.05.2024 एवं 06.05.2024 (02 फेरे) |
| 03640 | आनन्द विहार(टर्मि.)–गया जं. (सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष) | मंगलवार रविवार | 03.05.2024 | 05.05.2024 एवं 07.05.2024 (02 फेरे) |
| 03653 | गया जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) (सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष) | मंगलवार रविवार | 03.05.2024 | 05.05.2024 एवं 07.05.2024 (02 फेरे) |
| 03654 | आनन्द विहार(टर्मि.)–गया जं. (सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष) | सोमवार बुधवार | 04.05.2024 | 06.05.2024 एवं 08.05.2024 (02 फेरे) |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1353/2024

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) स्टॉलः **गुड़गांव, पानीपत, दिल्ली कैंट, मुजफ्फरनगर, दिल्ली शाहदरा, मेरठ सिटी और मेरठ कैंट स्टेशनों पर।**

ख) ट्रालीः पालम, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, खतौली, फ़रीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, शामली, बागपत रोड, बल्लभगढ़, बड़ौत, खेकड़ा, नोली, तुगलकाबाद, शकूरबस्ती, नरेला, नांगलोई, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली किशन गंज, सांपला, सकौती टांडा और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- गुड़गांव, मुजफ्फरनगर और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम, बल्लभगढ़, बड़ौत, फ़रीदाबाद न्यू टाउन, नोली, तुगलकाबाद, शकूरबस्ती, नरेला, मुफ्फरनगर और मोदीनगर), NSG 5 (शामली, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, दिल्ली किशनगंज, सांपला, मेरठ कैंट, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 09.05.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/_CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

1333/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि**

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**04044/04043 दिल्ली जं.-मुजफ्फरपुर जं.-दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04044 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04044 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04043 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04043 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:40 | दिल्ली जं. | 23:10 | --- |
| 19:20 | --- | मुजफ्फरपुर जं. | --- | 22:30 |

चलने के दिनः **04044 दिल्ली जं.** से 04.05.2024 से 28.05.2024 (शनिवार, मंगलवार) को और **04043 मुजफ्फरपुर जं.** से 05.05.2024 से 29.05.2024 (रविवार, बुधवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वातानुकूलित
**ठहरावः** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर जं. स्टेशन

**04074/04073 नई दिल्ली-सहरसा जं.-नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04074 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04074 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04073 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04073 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:50 | नई दिल्ली | 10:15 | --- |
| 23:30 | --- | सहरसा जं. | --- | 05:30 |

चलने के दिनः **04074 नई दिल्ली** से 05.05.2024 से 30.05.2024 (रविवार, वीरवार) को और **04073 सहरसा जं.** से 07.05.2024 से 01.06.2024 (मंगलवार, शनिवार) को। **स्थान:** 3 टियर वातानुकूलित
**ठहरावः** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., मानसी जं. एवं सीमरी बख्तियारपुर स्टेशन

**04022/04021 नई दिल्ली-भागलपुर-नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04022 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04022 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04021 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04021 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:20 | नई दिल्ली | 12:15 | --- |
| 12:00 | --- | भागलपुर | --- | 13:30 |

चलने के दिनः **04022 नई दिल्ली** से 06.05.2024 से 31.05.2024 (सोमवार, शुक्रवार) को और **04021 भागलपुर** से 07.05.2024 से 01.06.2024 (मंगलवार, शनिवार) को। **स्थान:** 3 टियर वातानुकूलित
**ठहरावः** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना, पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, हाथीदा, बड़हिया, लक्खीसराय, किऊल, कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर, बरियारपुर एवं सुलतानगंज स्टेशन

**02877/02878 रांची-नई दिल्ली-रांची विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02877 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02877 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02878 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02878 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:55 | रांची | 00:15 | --- |
| 22:20 | --- | नई दिल्ली | --- | 23:45 |

चलने के दिनः **02877 रांची** से 10.05.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) को और **02878 नई दिल्ली** से 11.05.2024 से 29.06.2024 (शनिवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वातानुकूलित
**ठहरावः** मूरी जं., बरकाकाना जं., टोरी जं., लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, नबीनगर रोड, डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज एवं कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन।

**09425/09426 साबरमती-हरिद्वार-साबरमती विशेष एक्सप्रेस** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09425 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09425 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09426 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09426 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:00 | साबरमती | 21:30 | --- |
| 19:00 | --- | हरिद्वार | --- | 21:45 |

चलने के दिनः **09425 साबरमती** से 05.05.2024 (रविवार) को और **09426 हरिद्वार** से 06.05.2024 (सोमवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** महेसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, जवाई बाँध, फालना, रानी, मारवाड़ जं., अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा जं., रींगस जं., नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी जं., गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली जं., गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर एवं रूड़की स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1346/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार शहर के लगभग 525 नालों की सफाई की जा रही है जिसमें बड़े नाले 109 है जिनको थर्ड पार्टी द्वारा साफ कराया जा रहा है छोटे नाल लगभग 197 है जिनको गाजियाबाद नगर निगम अपने उपकरणों के माध्यम से साफ कर रहा है इसी क्रम में मध्य श्रेणी के नाले लगभग 219 है जिनको गाजियाबाद नगर निगम अपने उपकरणों के माध्यमों से साफ कर रहा है।

**डॉक्टर मिथिलेश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी**

## जीडीए की कार्य संस्कृति बदलाव के लिए उपाध्यक्ष की कवायद सहज

- अधिकारियों व कर्मचारियों को पत्रावलियों पर हस्ताक्षर के नीचे लिखना होगा नाम व पदनाम
- लिपिकों को आवंटियों को स्टाम्प शुल्क व अन्य जानकारी लिखित में देनी होगी
- एक महीने के भीतर सभी लिपिकों को सीखनी होगी टाइप
- नई पहल से अधिकारियों व कर्मचारियों की तय होगी जवाबदेही, आएगी पारदर्शिता



**गाजियाबाद,** 3 मई (देशबन्धु)। यदि सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) कार्यालय में कार्य संस्कृति में जबरदस्त बदलाव आएगा। इसके बाद जीडीए अधिकारी व कर्मचारी की न केवल जवाबदेही तय होगी बल्कि जीडीए की वर्किंग स्मार्ट होने के साथ-साथ उसमें पारदर्शिता भी आएगी। यदि जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा हाल ही में अधिकारियों व कर्मचारियों को जारी किए गए निर्देशों पर अमल हो गया तो निश्चित तौर पर जीडीए की न केवल धूमिल छवि साफ सुथरी हो जाएगी बल्कि भ्रष्टाचार पर भी निश्चित तौर पर अंकुश लगेगा। जी हां हम बात कर रहे हैं जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा जीडीए व आवंटियों के हित के मद्देनजर उठाये कदम की।

यूं तो जब से अतुल वत्स ने कार्यभार ग्रहण किया है तभी से जीडीए की दशा व दशा सुधारने में लगातार आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने जीडीए की कार्य संस्कृति को लेकर बदलाव के दिशा निर्देश अधिकारी व कर्मचारियों को दिए हैं। उसकी प्रशंसा हो रही है। जीडीए अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति है। जीडीए उपाध्यक्ष ने इससे पहले जीडीए कार्यालय का निरीक्षण किया था और उसके बाद दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों में कहा गया है कि अब प्रत्येक पत्रावली पर जीडी के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने हस्ताक्षर के नीचे अपना नाम और बदनाम भी लिखना होगा। उन्होंने कहा है कि निरीक्षण में प्रस्ताव और पत्र आवेदन भुगतान से संबंधित प्रतिवेदनों के अवलेकन के दौरान काफी खामियां मिली थी। उन कमियों को दूर करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। इसके अलावा आवंटियों को रजिस्ट्री के लेकर संबंधित लिपिक को लिखित रूप मैं स्टांप शुल्क की धनराशि व अन्य जानकारी देनी होगी। साथ ही फोन या व्हाट्सएप पर भी इसकी जानकारी आवंटियों को देनी होगी। पत्रावली पर जो भी नोट शीट होगी वह टाइप शुदा होगी। हाथ से लिखी हुई कोई भी नोट शीट स्वीकार्य नहीं होगी।

जीडीए उपाध्यक्ष ने पत्रावलियों के रखरखाव के लिए संबंधित लिपिक से साफ सफाई और करीने से रखने की भी हिदायत दी है। साथ यह भी कहा है कि जिन फाइलों की फिलहाल जरूरत नहीं उन्हें संपत्ति की अभिलेखागार में करीने के साथ संरक्षित किया जाए। साथ ही साथ फाइल की पेजिंग भी अन्य अनिवार्य रूप से की जाए। जीडीए उपाध्यक्ष ने सभी लिपिक को टाइप (टंकण) सीखने के लिए एक माह का समय दिया है और कहा है कि लिपिक निश्चित रूप से टाइप अवश्य ही सीख ले। एक महीने बाद लिपिकों की टंकण परीक्षा ली जाएगी।

## शहर में पहली बार लॉन्ग बूम की पोपलेन से नालों की सफाई

**गाजियाबाद,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत मानसून से पहले नालों की सफाई स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में लगभग 500 से अधिक नालों की सफाई की जा रही है। शहर में पहली बार लॉन्ग बूम की पोपलेन से नालों की सफाई की जा रही है।



नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश व अन्य स्वास्थ्य विभाग की टीम को चल रहे कार्यों में मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं, जोन वार नालों की सफाई पर मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा सफाई एवं खाद निरीक्षक को विशेष देखरेख करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार शहर के लगभग 525 नालों की सफाई की जा रही है जिसमें बड़े नाले 109 है जिनको थर्ड पार्टी द्वारा साफ कराया जा रहा है छोटे नाल लगभग 197 है जिनको गाजियाबाद नगर निगम अपने उपकरणों के माध्यम से साफ कर रहा है इसी क्रम में मध्य श्रेणी के नाले लगभग 219 है जिनको गाजियाबाद नगर निगम अपने उपकरणों के माध्यमों से साफ कर रहा है, प्राथमिकता पर बृज विहार का नाला, शहीद नगर का नाला जे पॉइंट का नाला, साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र के नाले, साहिबाबाद सब्जी मंडी का नाला, तुलसी निकेतन पसोंडा का नाला, महाराजपुर का नाला झंडापुर का नाला वसुंधरा वार्ड 61 का नाला, लिंक रोड का नाला, शास्त्री नगर में चौराहे से एलटी रोड का नाला, नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के सामने वाला नाला, विवेकानंद नगर जीटी रोड का नाला, नंदग्राम परशुराम चौक का नाला, नवयुग मार्केट गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ऑफिस के सामने वाला नाला, डीपीएस चौराहे का नाला, सम्राट चौक का नाला कार्बन फैक्ट्री विजयनगर का नाला व अन्य नालों पर तेजी से कार्य गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है, नालों की सफाई बेहतर तरीके से की जाए इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम मॉनिटरिंग कर रही है लगभग 21 पोपलेन मशीन गाजियाबाद नगर निगम की लगी हुई है, बड़ी लॉन्ग बूम की पोपलेन भी कई स्थानों पर लगी हुई है, 20 से अधिक जेसीबी वह हाईवे भी नालों से निकलने वाली सिल्ट के लिए लगे हुए हैं।

## सार संक्षेप

### विपिन शर्मा बने गाजियाबाद पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष, जैन महामंत्री



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन की बैठक में विपिन शर्मा को अध्यक्ष तथा अभिषेक जैन को महासचिव चुना गया। राजनगर आरडीसी में संपन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता सीपी बजाज ने की। इसके अलावा इस बैठक में रतन कंसल को असोसिएशन का कोषाध्यक्ष चुना गया है। इस बैठक में गाजियाबाद में सभी तेल कंपनियों के पेट्रोल पंप मालिक शामिल हुए। इस नई कमेटी को उत्तर प्रदेश पेट्रोलियम ट्रेडर्स असोसिएशन ने भी मान्यता दे दी है।

### एसडीएम ने गेंहू क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया

**बुलंदशहर।** शिकारपुर गेंहू खरीद केन्द्रों पर तौल में गड़बडी व अन्य अनियमितताओं को लेकर मिल रही शिकायतों को जांचने के लिए शिकारपुर एसडीएम प्रियंका गोयल, ने मंडी समिति स्थित क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए स्वच्छ पानी, सही नापतोल और समय से पेमेंट आदि सहित आवश्यक निर्देश दिए गेंहू खरीद केन्द्रों पर तौल में गड़बडी व अन्य अनियमितताओं को लेकर मिल रही शिकायतों को जांचने के लिए शिकारपुर एसडीएम प्रियंका गोयल, ने मंडी समिति स्थित क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान गेंहू की तोल को भी जांचा और किसी भी लापरवाही पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी एसडीएम प्रियंका गोयल, ने मंडी समिति स्थित गेंहू क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया एसडीएम के निरीक्षण की जानकारी लगते ही केन्द्र संचालकों में खलबली मच गई एसडीएम ने क्रय केन्द्र पर तौले जा रहे एक किसान के गेंहू की गुणवत्ता व उसकी नमी के प्रतिशत को देखा उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि क्रय केन्द्र पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या किसान का उत्पीड़न किया गया तो सम्बन्धित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल के बच्चों ने सीखे आग बुझाने के तरीके



**नोएडा।** सेक्टर-28 स्थित विश्व भारती पब्लिक स्कूल में अग्निशमन विभाग के एसएन सिंह फायर ऑफिसर ने छात्रों को आग लगने पर होने वाले नुकसान और आग को बुझाने के उपाय बताए गए। उन्होंने छात्रों को बताया कि आग तीन चीजों से बनती है ताप, ईंधन, ऑक्सीजन से। तीन तरीके से ही आग को बुझाया जा सकता है। दबाव के द्वारा ऑक्सीजन को बंद करके, कूलिंग करके। इस दौरान अग्निशामक यंत्र को किस प्रकार आग लगने की स्थिति में प्रयोग किया जाए। इसके बारे में पूरा डेमो दिया गया। बच्चों ने बहुत उत्साह प्रदर्शित किया। प्रधानाचार्या वीरा पांडे ने बताया कि कई बार आग लगने की स्थिति में अग्निशमक यंत्र होते हुए भी आग बुझाने के लिए उनको इस्तेमाल करना ना आने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती है। एस एन सिंह जी ने बताया कि समय -समय पर इन यंत्रों का नवीनीकरण भी आवश्यक है।

## नामांकन न कराने पर नगर निगम ने अजनारा सोसाइटी में श्वॉन मालिक से वसूले 10 हजार

**गाजियाबाद,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर निगम ने श्वॉन पंजीकरण को लेकर कड़ी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है, जिसके लिए विभाग अधिक से अधिक श्वॉन रजिस्ट्रेशन तथा पंजीकरण के लिए जन जागरूकता अभियान भी चल रहा है।

- श्वान पंजीकरण के साथ-साथ टीकाकरण अनिवार्य नगर आयुक्त की अपील

इसी कड़ी में निगम ने अजनारा इंटीग्रेटेड सोसाइटी में श्वान मालिक से पंजीकरण न कराने पर दस हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है।

साथ ही श्वॉन मालिकों से समय से डॉग रजिस्ट्रेशन करने की अपील भी की है। निगम अभी तक छह हजार से अधिक पालतू श्वॉन का रजिस्ट्रेशन कर चुका है।

नगर निगम नवीन पंजीकरण के लिए नियम अनुसार गाजियाबाद नगर निगम एक हजार रुपए प्रति श्वॉन तथा नवनीकरण के लिए 500 प्रति स्वान शुल्क वसूल रहा है, रजिस्ट्रेशन न करने वाले स्वॉन मालिकों से जुर्माना भी वसूल रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज ने बताया कि ऐसे श्वान जो बीमार हैं विकलांग हैं तथा देसी श्वॉन है उनके लिए रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क है।

### मधुबन बापूधाम में स्वेच्छिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित करेगा जीडीए



गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए रविवार को मधुबन बापू धाम योजना में स्वच्छता का संदेश देने के लिए स्वेच्छिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन करेगा। स्वेच्छिक श्रमदान कार्यक्रम में जीडीए के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा अन्य स्वयंसेवी संगठन भी भाग लेंगे। जीडीए के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि श्रमदान कार्यक्रम सुबह 6:00 बजे शुरु होगा।

## शासन के पास अधर में लटकी है खोड़ा में गंगाजल आपूर्ति की वित्तीय स्वीकृति की फाइल

**खोड़ा,** 3 मई (देशबन्धु)। खोड़ा में लंबे समय से गंगाजल आपूर्ति के लिए जल निगम द्वारा बनाई गई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को शासन से स्वीकृति मिल गई है। चुनाव आचार संहिता की वजह से वित्तीय स्वीकृति की फाइल शासन के पास अधर में अटकी है। जून माह में आचार संहिता समाप्त होने के बाद वित्तीय स्वीकृति मिलने की संभावना है। गंगाजल पाइपलाइन बिछाने में समय लग सकता है।

खोड़ा को वर्ष 2016 में सपा के शासनकाल के दौरान नगर पालिका का दर्जा मिला था। इससे पहले खोड़ा एक ग्राम सभा थी। खोड़ा में लगभग दस लाख आबादी रहती है। यहां किराएदारों की संख्या अधिक है। पेयजल के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से खोड़ा के 34 वार्डों में 70 टैंकरों से गंगाजल की आपूर्ति की जाती है। इतनी विशाल आबादी को टैंकरों से जलापूर्ति अपर्याप्त है। अधिकतर लोगों का जीवन निजी बोर और बोतलबंद पानी के सहारे चल रहा है। स्थानीय लोग काफी लंबे समय से पाइपलाइन द्वारा गंगाजल आपूर्ति की मांग कर रहे है। जल निगम ने वर्ष 2018 में 253 करोड़ का डी पी आर शासन को बनाकर भेजा था। लेकिन मंजूरी नहीं मिली। गंगाजल आपूर्ति के लिए माह दिसम्बर में खोड़ा नगर पालिका परिषद को अमृत मिशन 2.0 योजना के तहत शामिल कर लिया गया। पुन: इसके लिए 253.14 करोड़ रुपए के बजट को शासन से मंजूरी मिल गई है। जल निगम द्वारा शासन को भेजी गई डी पी आर को मंजूरी मिल गई है। प्रमुख सचिव द्वारा वित्तीय स्वीकृति मिलने का इंतजार है।

ऐसे किया जाएगा कार्य। खोड़ा के 34 वार्डों में लगभग 52 हजार से ज्यादा भवन है। भवनों के हिसाब से कनेक्शन देने के लिए जल निगम गाजियाबाद ने आंकड़े एकत्रित करके डी पी आर में शामिल किया गया है। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा 50 एमएलडी गंगाजल देने पर सहमति दे दी गई है। दो वार्ड के अंतर्गत एक अंडरग्राउंड रिजर्व वायर बनाया जाएगा। पेयजल पाइपलाइन बिछाकर 16 रिजर्व वायर के द्वारा घर घर जलापूर्ति की जाएगी।

जलापूर्ति के अभाव में काफी परेशानी उठा रहे है खोड़ा के लोग। खोड़ा में अधिकतर काम आय वाले लोग किराए के मकानों में गुजर बसर करते है।निजी आर ओ प्लांटो से बोतलबंद पानी खरीदकर पीना पड़ता है। पांच से सात सदस्यों को हर माह एक हजार से पंद्रह सौ का बोतलबंद पानी खरीदकर पीना पड़ता है। इससे लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ने से बजट बिगड़ जाता है। पाइपलाइन द्वारा गंगाजल सप्लाई से लोगो को काफी राहत मिलेगी।लेकिन अभी इंतजार करना पड़ेगा। डी पी आर को शासन से स्वीकृति मिल गई है। चुनाव आचार संहिता की वजह से वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है चुनाव आचार संहिता हटने पर वित्तीय स्वीकृति मिलने की संभावना है। वित्तीय स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कराया जाएगा। उन्मेश शुक्ला अधिशासी अभियंता जल निगम।

## विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने एक फर्जी ट्रैवल कंपनी खोली थी। इसी के जरिए ये बेरोजगार लोगों को झांसे लेते थे। डाक्यूमेंट के आधार पर फर्जी वीजा बनाते थे। इनके पास से 104 पास पोर्ट, 31 फर्जी वीजा बरामद किए है। जिनके साथ ये ठगी कर चुके है। इनकी पहचान इशाक युनूस उर्फ रोबिन उर्फ जितेन्द्र और रोहित ओबराय हुई है। दोनों को पीएनबी बैंक के पास होशियारपुर नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।



डीसीपी विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि इशाक युनूस इस गैंग का सरगना है। वो पिछले छह साल से लोगों विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी करने का काम कर रहा है। यह गैंग लड़कों को गुमराह करता है। इसके ऊपर दिल्ली में भी मुकदमा दर्ज है। ये लोग बेरोजगार लोगों को जार्डन, साउदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों में नौकरी का झांसा देते थे। उनको बताते थे कि वहां की कंपनी में नौकरी मिलेगी साथ रहने खाने पीने की व्यवस्था कंपनी की होगी। झांसे में आने के बाद पासपोर्ट और वीजा बनवाने और कागजी दस्तावेज के लिए प्रति लड़का 80 90 हजार रुपये लेते थे। कोई कागज कम पाये जाने पर रेट बढ़ाकर उनसे और पैसों की डिमांड की जाती थी। ये लोग बेरोजगार लोगों को झांसे में लेने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर अपना फर्जी प्रचार प्रसार करते थे। यह विज्ञापन देखकर जब कोई पीड़ित या बेरोजगार व्यक्ति इनको सम्पर्क करता है, तो उसका बताया जाता है कि अगर और लड़को को लेकर आओगें तो रेट कम कर देंगे। इसके बाद उक्त बेरोजगार लड़कों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर उनके फर्जी वीजा व कंपनी कांट्रैक्ट दिखाकर उनसे पैसे ऐंठते थे। जैसे ही पैसा आ जाता था ये लोग मौका पाकर आफिस बंद कर भाग जाते है। यह पूर्व में दिल्ली, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में इस तरह की घटना को अंजाम दे चुके है।

## 3.22 करोड़ रुपए की खरीद दिखाकर जीएसटी की चोरी

**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। राज्य जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर की अनुसंधान टीम ने गुरुवार को नोएडा स्थित नामी कंपनी पर छापा मारा। जांच में फर्म द्वारा अलग-अलग वर्षों में फर्जी और निरस्त फर्मों से 3.22 करोड़ रुपये की खरीद दिखाकर जीएसटी चोरी की। जांच के बाद कंपनी मालिक ने 50 लाख रुपए राजकोष में जमा कराए। अपर आयुक्त राज्यकर जोन नोएडा चांदनी सिंह ने बताया कि फर्म कस्टम क्लीयरेंस और एजेंट के रूप में काम करती है। कंपनी आयातकों और निर्यातकों को रसद और कस्टम क्लीयरेंस की सेवा देती है। जांच में पाया गया कि फर्म ने अलग-अलग वर्षों में फर्जी और ऐसी फर्मों से 3.22 करोड़ रुपये की खरीद दिखाई, जिनका पंजीकरण पहले ही निरस्त किया जा चुका है। फर्म की ओर से खरीद पर 58.07 लाख रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा करते हुए उस आईटीसी का समायोजन अपनी कर देयता में कर लिया।

## पैन ओएसिस सोसाइटी में 6 साल के बच्चे को कुत्ते ने काटा

**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-70 स्थित पैन ओएसिस सोसाइटी में गुरुवार की रात छह साल के बच्चे को लावारिस कुत्ते ने काट लिया। गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से गुस्साए 50 से अधिक लोगों ने देर रात फेज-3 थाने में आकर हंगामा किया। सोसाइटी निवासी मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने लोगों से शिकायत ली है।

**50 से अधिक लोगों ने थाना घेरा**

थाना प्रभारी ने बताया कि करीब रात 8:00 बजे कुत्ते ने बच्चे को काटा था। उसको दो टांके लगे हैं। बच्चा सुरक्षित है। इस मामले में थाने पहुंचे लोगों का कहना था कि उनकी सोसाइटी में लावारिस कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हर रोज कुत्ते छोटे बच्चों और बुजुर्गों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं। थाने में आए सोसाइटी निवासियों ने लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि सोसाइटी के आसपास के लावारिस कुत्तों को हटाया जाए।

थाने में वे लोग भी पहुंचे, जिनको कुत्तों ने काटा था। पुलिस अधिकारी लोगों को मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाने का प्रयास करते रहे। इस मामले में पैन ओएसिस के एओए पदाधिकारी रवि पांडे ने कहा कि निवासी लावारिस कुत्तों की नियमानुसार व्यवस्था करने की मांग कर रहे है। जल्द ही इस बाबत अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी।

## 10 बड़े कामर्शियल डेवलपर्स पर 8400 करोड़ बकाया

- एनसीएलटी और कोर्ट में केस होने से नहीं हो रही वसूली
- मांग रहे जीरो पीरियड का लाभ

**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। नोएडा में कमर्शियल प्रोजेक्ट के टॉप 10 बकाएदारों पर नोएडा प्राधिकरण का 8400 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। इसमें सुपरटेक, एटीएस, बुलेवार्ड, एमएमआर साहा, सनशाइन, ग्रेनाइट हिल और बीपीटीपी इंटरनेशनल समेत अन्य शामिल हैं। प्राधिकरण इन डेवलपर्स से बकाया वसूल नहीं कर पा रहा है क्योंकि कई परियोजनाएं या तो एनसीएलटी में हैं या दिवाला प्रक्रियाओं के तहत एनसीएलटी में जाने की प्रक्रिया में हैं। कुछ मामलों में डेवलपर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से जबरदस्ती कार्रवाई के खिलाफ स्थगन आदेश और स्टे लिया है।

प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार नोएडा में सबसे बड़ा डिफॉल्टर सेक्टर 94 में सुपरटेक की मेगा कामर्शियल परियोजना सुपरनोवा है। इस पर अकेले 2100 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। अधिकारियों के अनुसार, डेवलपर ने प्राधिकरण के नोटिस के खिलाफ इलाहाबाद एचसी में एक याचिका दायर की थी और किसी भी दंडात्मक कार्रवाई के खिलाफ स्थगन आदेश प्राप्त किया है।

दूसरा सबसे बड़ा डिफॉल्टर सेक्टर-124 में एटीएस का नाइट्सब्रिज प्रोजेक्ट है। इस पर बकाया करीब 2000 करोड़ रुपए है। एनसीएलटी ने हाल ही में कंपनी के आवेदन को स्वीकार किया। जिसके तहत एक आईआरपी नियुक्त किया गया है। इसी तरह बुलेवार्ड प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, जो एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) है। इसका स्वामित्व रियल्टी फर्म 3सी ग्रुप के प्रमोटरों के पास है। सेक्टर 16 बी में दिल्ली वन प्रोजेक्ट पर प्राधिकरण का 1450 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। ये प्रोजेक्ट भी एनसीएलटी में है। सेक्टर 52 में एमएमआर साहा ग्रुप के 52एवेन्यू पर प्राधिकरण का 1100 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। इस ग्रुप ने एनजीटी के आदेश पर निर्माण प्रतिबंध के कारण जीरो पीरियड का लाभ के लिए राज्य सरकार के समक्ष अपील दायर की है, जो लंबित है।

### कामर्शियल प्रोजेक्ट पर नहीं लागू होती अमिताभ कांत की सिफारिश

स्टेट गवर्नमेंट ने बकाया और रजिस्ट्री के लिए अमिताभ कांत की सिफारिश लागू की। जिसके तहत डेवलपर कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा कर सकता है। इसके बाद आसान किस्तों पर शेष बकाया जमा कर सकता है। इसके अलावा लॉकडाउन और एनजीटी के समय का जीरो पीरियड का लाभ भी मिलेगा। ये सिफारिश कामर्शियल प्रोजेक्ट पर लागू नहीं है। डेवलपर की डिमांड है इसे लागू किया जाए। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इन डेवलपर्स ने करीब 2 साल से प्राधिकरण में पैसा जमा नहीं कराया।

### बड़े और छोटे डेवलपर्स की केस टू केस होगी स्टडी

हाल ही में प्राधिकरण ने इस डेवलपर्स के साथ एक बैठक की। जिसमें 30 से ज्यादा डेवलपर्स शामिल हुए। अधिकांश बकायेदारों ने एनजीटी का हवाला देते हुए जीरो पीरियड की मांग की। इसके अलावा कुछ ने लॉकडाउन का हवाला दिया। इन बकाएदारों में कोर्ट केस और एनसीएलटी के बकाएदार भी शामिल थे। कुछ ने प्राधिकरण के कैल्कुलेशन पर सवाल खड़े किए। ऐसे में सीईओ लोकेश एम ने केस टू केस स्टडी करने का निर्देश दिया। अगले सप्ताह इन डेवलपर्स के साथ एक बैठक और होगी।

## नोएडा प्राधिकरण का चला बुलडोजर

- सलारपुर गांव में 5500 वर्गमीटर जमीन कराई खाली
- 18 करोड़ कीमत, हो रहा था अवैध निर्माण

**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण लगातार अपनी जमीन को कब्जा मुक्त करा रहा है। इस क्रम में वर्क सर्किल-8 के सलारपुर गांव में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। यहां खसरा संख्या 727 और 728 पर किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इस जमीन पर बाउंड्री व कमरों का निर्माण किया जा रहा था। इस जमीन का क्षेत्रफल करीब 5500 वर्गमीटर और कीमत करीब 18 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इस जमीन पर भूमाफियाओं की ओर से प्लाट काटकर लोगों को बेचा जा रहा था।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने नोएडा वासियों से अपील की है कि सस्ती जमीन और भू माफियाओं के फेर में न फंसे। जमीन लेने से पहले नोएडा प्राधिकरण से जमीन के बारे में जानकारी ली जाए। इसके बाद ही अपनी जमा पूंजी लगाए। बता दे नोएडा प्राधिकरण द्वारा एक महीने तक चलाए गए अभियान में करीब 1 लाख 30 हजार वर्गमीटर जमीन को अवैध निर्माण मुक्त कराया जा चुका है। बता दे ये सभी जमीन प्राधिकरण की अधिग्रहीत जमीन है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित है।



प्राधिकरण ने बताया कि अधिकांश जमीनों पर कब्जा नोएडा के ग्रामीण इलाको में जो या तो डूब क्षेत्र ये जुड़े है या सेक्टरों के पास है किया गया है। इसमें नोएडा के गांव बसई, सलारपुर, हिंडन विहार, भंगेल, पर्थला, सोरखा जाहिदाबाद, असदुल्लापुर, मोहियापुर, गढ़ी समस्तीपुर, गुलावली में अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि जिन इमारतो पर नोटिस चस्पा किया गया है। उनसे जवाब मांगा गया है। यदि 7 दिनों में वे जवाब नहीं देते तो उन इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा।

### प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** इलाहाबाद गांव स्थित प्राधिकरण की अर्जित और अधिसूचित जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में एक नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ फेज दो थाने में केस दर्ज हुआ है। केस नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता की ओर से दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। प्राधिकरण के अवर अभियंता विजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि इलाहाबास गांव के खसरा संख्या-45 पर कुछ लोग अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहे हैं। यह जमीन नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित/अर्जित की गई जमीन है। इस जमीन पर रवि प्रधान व उनके साथियों द्वारा अवैध रूप से निर्माण करवाया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने 30 अप्रैल को उक्त निर्माण को रोकने के लिए आरोपी से कहा था। आरोपी उस समय तो मान गए पर रात के समय मौके का फायदा उठाकर फिर से निर्माण कार्य शुरू करवा दिया।

उवाच

अपहरण के मामले में पुलिस शिथिलता बरत रही है। सीसीटीवी में घटना के कैद होने के बाद भी गाड़ी का पता नहीं लग सका है। मौके पर एडीसीपी अशोक कुमार ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया। भरोसा दिया कि पुलिस की टीम इसी दिशा में काम कर रही हैं। जल्द ही कुनाल को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

गीता भाटी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ



# ग्रेनो के हर कोने की 2300 कैमरे से रखी जाएगी नजर

- 356 स्थान किए गए चिन्हित, प्राधिकरण में होगा कंट्रोल रूम
- तीसरी नजर से नहीं बच पाएंगे बदमाश व यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले लोग
- सेफ सिटी परियोजना, ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम व निर्भया के तहत प्राधिकरण ने पहली बार उठाया है यह कदम
- पीपीपी मॉडल पर लगाए जाएंगे कैमरे, निविदा निकालने की चल रही है तैयारी



**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा शहर में गलत दिशा चलने वाले वाहनों और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अब बचकर नहीं निकल पाएंगे। ऐसे लोगों पर तीसरी आंख की नजर रहेगी। ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी प्रमुख चौराहों, मार्केट, सेक्टरों के गेट व शहर के इंट्री प्वाइंट्स पर लगभग 2300 अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए फिलहाल 356 स्थान चिन्हित किए गए हैं। कंट्रोल रूम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑफिस में होगा। योजना को मूर्तरूप देने के लिए अगले माह निविदा निकाली जाएगी। इस काम को एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर आने वाला खर्च प्राधिकरण खुद उठाएगा या फिर पीपीपी मॉडल पर काम किया जाएगा। इसका निर्णय लिया जाना बाकी है।

दरअसल सेफ सिटी, ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस) और निर्भया योजना के तहत प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम चल रहा है। प्रदेश सरकार की इस योजना पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी अमल करना शुरू कर दिया है। पूरे शहर को कैमरे से आच्छादित करने के लिए परीचौक, एलजी गोलचक्कर, अमृतपुरम, पी- थ्री, सूरजपुर, इंट्री प्वाइंट सहित सभी गोलचक्कर, मार्केट व सेक्टरों के गेट अलावा 356 ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां पर लगभग 2300 उच्च क्षमता वाले कैमरे लगाए जाएंगे। स्थान चिन्हित करने में पुलिस की भी मदद ली जा रही है। ऐसे स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया है, जो क्राइम और यातायात नियमों का उल्लंघन करने के लिहाज से सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। योजना के मुताबिक प्राधिकरण ऑफिस में स्थापित होने वाले कंट्रोल रूम की मदद से शहर की हर गतिविधि पर 24 घंटे नजर रखी जाएगी। साथ ही यह भी व्यवस्था की जाएगी कि अधिकारी मोबाइल पर भी शहर की गतिविधि को देख सकें।

> सेफसिटी परियोजना, निर्भया व ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत शहर में 350 से अधिक स्थानों पर कैमरे लगाने की तैयारी चल रही है। प्राधिकरण ऑफिस में स्थापित किए जाने वाले कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। तकनीक की मदद से ग्रेटर नोएडा को सुरक्षित शहर बनाने का प्रयास किया जाएगा।
> **रवि कुमार एनजी, सीईओ ग्रेनो प्राधिकरण**

### इंटरनेट के लिए अलग से बिछाई जाएगी फाइबर लाइन

कैमरों के संचालन में इंटरनेट की समस्या आड़े हाथ न आए, इसके लिए अलग से फाइबर लाइन बिछाई जाएगी। प्राधिकरण द्वारा पहली बार कैमरे लगाए जा रहे हैं। अभी जो कैमरे लगे हैं, वे या तो आरडब्ल्यूए द्वारा लगाए गए हैं या फिर उद्यमी संगठनों द्वारा लगाए गए हैं।

### आरडब्ल्यूए व औद्योगिक सेक्टरों में लगे कैमरों को किया जाएगा कनेक्ट

शहर के विभिन्न आवासीय सेक्टरों में आरडब्ल्यूए व औद्योगक सेक्टरों में उद्यमियों द्वारा पहले से लगाए गए कैमरों को भी कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया जाएगा।

### रॉन्ग साइड में चलना आम बात

शहर के परीचौक, एलजी चौक, पी- थ्री, सूरजपुर टी प्वाइंट, मोजरवेयर आदि गोलचक्करों को छोड़ दें तो बाकी स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी नहीं दिखती। ऐसे में यातायात के नियमों का उल्लंघन जमकर किया जाता है। रॉन्ग साइड चलना यहां आम बात है। रॉन्ग साइड में चलने वाले वाहन चालक अब कैमरे की नजर से नहीं बच पाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर कैमरे में कैद हो जाएंगे और ई-चालान का मैसेज मोबाइल पर पहुंच जाएगा।

# बाढ़ समिति के साथ बैठक में तैयारियों को लेकर की गई समीक्षा



- सभी विभाग की तैयारियां पूरी करें
- जल्द से जल्द बाढ़ की कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद की भौगोलिक स्थिति के आधार पर बाढ़ के बारे में विभागीय समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि बाढ़ की स्थिति आने पर उनके विभाग के द्वारा क्या-क्या कार्रवाई की जानी है, उसके संबंध में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए अपने-अपने विभाग की कार्य योजना बनाकर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को अवगत कराया कि यमुना नदी की बाढ़ से जनपद के 50 ग्राम प्रभावित होते हैं, जिनमें जेवर तहसील के 25 ग्राम तथा दादरी तहसील के 25 ग्राम हैं। हिंडन नदी से तहसील दादरी के 23 ग्राम प्रभावित होते हैं। यमुना नदी का जल स्तर काफी ऊंचा होने पर बैक वाटरिंग के कारण हिंडन नदी में जल का फैलाव एवं बहाव बड़े क्षेत्र में हो जाता है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने सिंचाई विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, फायर विभाग, जल निगम, आपूर्ति विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि सुव्यवस्थित आयोजन एवं कार्य नीति को अपनाकर बाढ़ जैसी परिस्थितियों को पैदा होने से रोका जा सकता हैं। बाढ़ नियंत्रित की तैयारी को कार्यान्वित करने के लिए बाढ़ नियंत्रण के लिए पूर्व अनुमान एवं चेतावनी देना, तटबंधों का निरीक्षण एवं मरम्मत का कार्य, बाढ़ चौकिया का निर्माण, नदियों में गिरने वाले नालों में बाढ़ के पानी के विपरीत बहाव, नालियों की खुदाई, अधिक बाढ़ वाले पानी का निपटान, बचाव एवं राहत तथा पुनर्वास कार्य व बाढ़ से घिरे लोगों को यथाशीघ्र निकालने की, उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर राहत सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था आदि संबंधित विभागों के द्वारा कार्य योजना बनाकर ससमय उपलब्ध करा दी जाए, ताकि संबंधित सभी स्टाफकी ड्यूटी लगाते हुए उनके मोबाइल नंबर भी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों में उपलब्ध करा दिए जाएं और ग्रामीणों को इस संबंध में जागरूक भी कर दिया जाए।

बैठक में अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, प्रभारी अधिकारी आपदा अनुज नेहरा, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन अग्रवाल, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, अधिशासी अभियंता गौतम बुद्ध नगर/गाजियाबाद/खुर्जा, जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में फादर एग्नल स्कूल बना चैम्पियन

- दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल में अंडर-12 नॉक आउट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में खेले जा रहे अंडर 12 फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच खेले गए, पहला मैच सफायर स्कूल बनाम कैम्ब्रिज स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें कैम्ब्रिज स्कूल ने 2-1 से सफायर स्कूल को हरा दिया। दूसरा मैच शिवनादर बनाम सरदार पटेल के बीच खेला गया, जिसमें शिव नादर ने सरदार पटेल को 5-0 से हरा दिया।

तीसरा मैच समरबिले वा ग्रेनो वर्ल्ड स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल को 3-0 से हरा दिया। चौथा मैच श्री राम ग्लोबल व फादर एग्नल के बीच खेला गया, जिसमें फादर एग्नल ने श्रीराम ग्लोबल स्कूल को 3-1 से हरा दिया। पहला सेमीफाइनल ब्लूम इंटरनेशनल फादर एग्नेल के बीच खेला गया, जिसमें फादर एग्नल ने ब्लूम को 2-1 से हरा दिया। फाइनल मैच फादर एग्नेल व समरविले के बीच खेला गया, जिसमें फादर एग्नेल ने 2-1 से मैच जीत कर खिताब अपने नाम किया। समरविल के रुबेन को शानदार प्रर्दशन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। समर वीर को 7 गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मिला और सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर फादर एग्नेल के थॉमसन को दिया गया। इस दौरन मुख्य अतिथि बैनट यूनिवर्सिटी के खेल अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार, वाजिद अली, एक्स इंडिया खिलाड़ी फुटबॉल,पूनम भारद्वाज मुख्य चयनकर्ता हरियाणा क्रिकेट संघ, स्कूल प्रधानाचार्य हीमा शर्मा, डायरेक्टर कंचन कुमारी, टूर्नामेंट संचालक अक्षय शर्मा मौजूद रहे।

# नवाचार व उद्यमिता के लिए मिला प्रबंधन अवॉर्ड



**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैंनेजमेंट एंड रिसर्च को नई दिल्ली में आयोजित शिक्षा विकास एवं अनुसंधान केन्द्र के 23वां राष्ट्रीय शिक्षा गौरव पुरस्कार समारोह में शिक्षा कौशल विकास और अनुसंधान के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्तर भारत में 2024 के सर्वश्रेष्ठ प्रबन्धन संस्थान का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अथिति एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. टीजी सीथारमन, मुम्बई के आईसीटी के प्रोफेसर एवं पद्मश्री प्रोफेसर जीडी यादव, एनईटीएफ के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल संहस्त्रबुद्धे और एनबीए के अध्यक्ष प्रोफेसर के.के. अग्रवाल ने पीजीडीएम संस्थान की निदेशिका डॉ. सपना राकेश को अवार्ड देकर सम्मानित किया।

# ढाबा संचालक के बेटे का तीसरे दिन नहीं चला पता थाने का किया घेराव

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। थाना बीटा-दो क्षेत्र के एच्छर से अपहरण किए गए ढाबा संचालक के 15 वर्षीय बेटे कुनाल का शुक्रवार को तीसरे दिन भी कुछ पता नहीं चला है। घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों व परिजनों के साथ मिलकर थाना बीटा-2 का घेराव किया और परिसर में प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि कुनाल को जल्द बरामद किया जाए। अपहरण करने वालों को गिरफ्तार किया जाए। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। भारतीय किसान संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी के नेतृत्व में ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग शुक्रवार को थाने पहुंच गए। गीता भाटी ने कहा कि अपहरण के मामले में पुलिस शिथिलता बरत रही है। सीसीटीवी में घटना के कैद होने के बाद भी गाड़ी का पता नहीं लग सका है। मौके पर एडीसीपी अशोक कुमार ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया। भरोसा दिया कि पुलिस की टीम इसी दिशा में काम कर रही हैं। जल्द ही कुनाल को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। रबूपुरा के गांव मियाना के रहने वाले कृष्ण कुमार भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। उनका एच्छर सीएनजी फिलिंग पंप के पास शिवा ढाबा है। बुधवार की दोपहर ढाबे से ही कार सवार कुछ लोगों ने उनके 15 वर्षीय बेटे का अपहरण कर लिया। उसका कुछ पता नहीं चल सका है।

# सिर में गोली मारकर युवक ने की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के श्यौराजपुर गांव में शुक्रवार तड़के एक युवक ने खुद की कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि युवक ने घरेलू क्लेश के चलते तनाव में आकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि श्यौराजपुर गांव में किसान लख्मीचंद परिवार के साथ रहते हैं। लख्मीचंद के 22 वर्षीय इकलौते बेटे अंशुल ने शुक्रवार की सुबह पिस्टल से खुद की कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की छांव में पता चला है शुक्रवार तड़के घर से सोकर उठने के बाद खेत पर बने अपने कमरे पर गया था यहां पहुंचकर उसने पटना को अंजाम दिया उसकी मौत के बाद परिवार में प्रोग्राम बच गया मौत से गांव में भी मातम छाया हुआ है बताया जा रहा है कि 2 महीने पहले आंसर की शादी हुई थी हालांकि आत्महत्या का कारण विश्वास नहीं हुआ है पुलिस घरेलू क्लेश बता रही है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# राज्य विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए एकेटीयू कराएगा काउंसलिंग

- काउंसलिंग के लिए इच्छुक विश्वविद्यालय को सीटों की संख्या
- सीट मैट्रिक्स सहित अन्य जानकारी करानी होगी उपलब्ध

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 की काउंसलिंग करा रहा है। विश्वविद्यालय इस बार भी केंद्रीय प्रवेश समिति के आदेश पर पिछले सालों की तरह राज्य विश्वविद्यालयों में संचालित इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, मैनेजमेंट और फॉर्मेसी की भी काउंसलिंग कराएगा। इसके लिए कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देश पर कुलसचिव रीना सिंह ने राज्य विश्वविद्यालयों को पत्र जारी किया है। काउंसलिंग के लिए इच्छुक विश्वविद्यालयों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटों की संख्या सीट मैट्रिक्स के साथ पाठ्यक्रमों का नाम, सत्र 2024-25 के लिए कुल स्वीकृत प्रवेश क्षमता, यूपीटीएसी 2024 के माध्यम से प्रवेश दिये जाने वाली सीटों की संख्या, शैक्षणिक अर्हता, पाठ्यक्रमों से संबंधित प्राधिकरण से अनुमोदन की स्थिति की जानकारी 25 मई तक हार्ड कॉपी और ईमेल के माध्यम से उपलब्ध करानी होगी।

## एकेटीयू ने सभी शिक्षण संस्थानों में इन्क्यूबेशन केन्द्र बनाने पर दिया जोर

**ग्रेटर नोएडा।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के वन डिस्ट्रिक्ट वन इन्क्युबेटर बनाने की दिशा में शुक्रवार को करीब 150 संबद्ध संस्थानों के साथ ऑनलाइन बैठक की, जिसमें ग्रेटर नोएडा के कई संस्थान शामिल हुए। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में डीन इनोवेशन प्रोफेसर बी एन मिश्रा ने संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने के फायदे बताए। इसके अलावा इन्क्युबेशन सेंटर और स्टार्टअप के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं और वित्तीय सहायता फंड से जुड़ी जानकारी साझा की।

# दो दिवसीय रोजगार मेला का समापन

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। एचआईएमटी ग्रुप ऑफइंस्टीट्एशन्स में दो दिवसीय रोजगार मेला जॉब क्वेस्ट एक्सपो के दूसरे दिन भी मैनेजमेंट, फार्मास्यूटिकल, लीगल सर्विसेज, मार्केटिंग, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी व अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रो की 25 कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में अभ्यार्थियों को कंपनियों ने स्पॉट ऑफर दिए जबकि कई ने सेकंड व फाइनल राउंड के लिए शार्ट लिस्टिड कैंडिडेट्स को अपने हेड ऑफिस में बुलाया है। ग्रुप के चेयरमैन हेम सिंह बंसल ने कहा कि यदि किसी का चयन न हो पाया हो तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है



बल्कि अपने ज्ञान और कौशल को और सशक्त करके पुनः प्रयास करने चाहिए। समूह निदेशक प्रो.(डॉ.) सुधीर कुमार ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी व शार्ट लिस्ट किये गए अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। कार्यकारी निदेशक (डॉ.) विक्रांत चौधरी ने बताया कि इस मेले 294 अभ्यार्थियों को जॉब ऑफर्स मिले है जबकि 421 को शार्ट लिस्ट किया गया है। इस अवसर पर निदेशक प्रबंधन अध्ययन प्रो.(डॉ.) पंकज कुमार, निदेशक फार्मेसी, प्रो.(डॉ.) अनुज मित्तल, प्रिंसिपल लॉ, प्रो.(डॉ.) त्रिभुवन अग्रवाल, प्रिंसिपल एजुकेशन, डॉ. मनोरमा शर्मा, एडमिन अधिकारी कविता चौधरी, एचओडी आईटी, श्री नरेंद्र उपाध्याय, प्लेसमेंट प्रमुख राजेश वाही आदि मौजूद रहे।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-4-U-0904, 9th Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, Pocket-P5, क्षेत्रफल-224.91 वर्ग मीटर, Brig. Muneshwar Prabha Yadav S/o Shri Vishnu Dyal Singh Yadav & Mrs. Louisa Yadav W/o Brig. Muneshwar Prabha Yadav के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। सह आवंटी Mrs. Louisa Yadav की मृत्यु दिनांक-26.10.2023 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रुप से मूल आवंटी Brig. Muneshwar Prabha Yadav S/o Shri Vishnu Dyal Singh Yadav ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में सह आवंटी Mrs. Louisa Yadav के स्थान पर पूर्ण रुप से मूल आवंटी Brig. Muneshwar Prabha Yadav S/o Shri Vishnu Dyal Singh Yadav के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 725/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 27.05.2022 के अनुसार ग्राम खेरली भाव में निम्न प्रकार मृतक स्व0 चेतराम पुत्र स्व0 छज्जन नि0 ग्राम चपरगढ माजरा मिर्जापुर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 03.04.2020 को हो चुकी है जिसके स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| खेरली भाव | 08 | स्व0 चेतराम पुत्र स्व0 छज्जन नि0 ग्राम चपरगढ मजरा मिर्जापुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सरोज | 48 | पुत्रवधू |
| | | | श्रीमती मीनाक्षी | 28 | पौत्री |
| | | | श्री अंकित | 22 | पौत्र |
| | | | श्री अमित | 18 | पौत्र |
| | | | श्री सुमित | 16 | पौत्र |
| | | | श्रीमती ललिता | 40 | पुत्रवधू |
| | | | कर्ण | 10 | पौत्र |
| | | | हर्ष | 08 | पौत्र |
| | | | श्रीमती मीला | 58 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती मिसला | 50 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती राकेश | 45 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती रिच्छो | 40 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Engineers Park Sahkari Awas Samiti Ltd. के माध्यम से आवंटित भूखण्ड/भवन संख्या-B-702, 7th Floor, Sector-Omega-I, Greater Noida क्षेत्रफल-136.10 वर्ग मीटर, Mr. Suneel Gaur S/o Late V.C. Gaur के पक्ष में हस्तांतरित/पंजीकृत है। आवंटी Mr. Suneel Gaur की मृत्यु दिनांक-12.08.2020 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनके पुत्र Shri Gaurav Gaur S/o Late Suneel Gaur ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में आवंटी Mr. Suneel Gaur के स्थान पर उनके पुत्र Shri Gaurav Gaur S/o Late Suneel Gaur के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

उद्योग व विद्यार्थियों के बीच की दूरी होगी कम

# लॉयड ने दस कंपनियों से किया समझौता

- औद्योगिक इकाइयों की जरुरत के हिसाब से कॉलेज में लगेगी मशीनें
- छात्रों को कॉलेज में ही उद्यमी देंगे औद्योगिक प्रशिक्षण



**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित लॉयड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को इंडस्ट्रियल एंटरप्रिन्योर एसोसिएशन से जुड़े, 10 कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। जिसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में औद्योगिक इकाइयों के जरूर अनुसार मशीन लगाया जाएगा। लॉयड शैक्षिक समूह के अध्यक्ष मनोहर थहरानी ने बताया कि लॉयड कॉलेज औद्योगिक जरूरत के अनुसार अपने छात्रों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, उसी कड़ी में आज हम लोगों ने 10 कंपनियों के साथ एमओयू साइन किया है। कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर राजीव अग्रवाल ने बताया कि आज हमें अधिक से अधिक रोजगार परक औद्योगिक इकाइयों की आवश्यकता है, जिसके लिए हमें कुशल कामगार युवक तैयार करना होगा। लॉयड कॉलेज अपने छात्रों को औद्योगिक जरूरत के अनुसार अपने परिसर के अंदर प्रशिक्षित करेगा। जहां छात्र सीधे औद्योगिक संस्थानों के साथ मिलकर अपने इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष से काम करना शुरू कर देगा, जब छात्र अंतिम वर्ष में रोजगार के लिए जाएगा तो उसे काफी मदद मिलेगा। मुख्य प्रबंधक डॉक्टर शशि प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि अगले तीन से पांच महीने में कॉलेज परिसर के अंदर औद्योगिक इकाइयों में उपयोग हो रहे विभिन्न मशीन स्थापित कर दिया जाएगा, आज लाइव कनेक्ट श्रृंखला का शुरूआत किया गया है, और अब इस श्रृंखला में अन्य क्षेत्रों के कंपनी को भी जोड़ने का काम करेंगे। इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन के महासचिव संजीव शर्मा ने बताया कि हमारा संगठन पूरे तरह से छात्रों को आज की जरूरत के अनुसार तैयार करने में लॉयड समूह का सहायता करेगा। आईईए के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने बताया कि यह संगठन की तरफ से पहला एमओयू है जिसमें कॉलेज में ही छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा, इंडस्ट्री में पहुंचने के बाद सीधे नौकरी पर लगा दिया जाएगा। इस मौके पर डॉक्टर अरुण प्रताप, रोहन, इरफान रवि, करावी, अमीत उपाध्याय (अध्यक्ष, आई ई ए), अभिषेक जैन (कोषाध्यक्ष, आई ई ए), कमल सिंह (मेसर्स केआरपी इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड), नीरज चौधरी (कविता एंटरप्राइजेज), प्रदीप शर्मा (मैसर्स केएबाप एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड), अनूप सिंह (एमध्एस उत्सव प्लास्टो टेक), प्रदीप शर्मा (जगदंबा प्लास्टिक), विशाल गोयल (क्वालिटीट डी सर्विसी), वीरेंद्र सत्यार्थी (एस.बी. इलेक्ट्रॉनिक्स), संजीव शर्मा (एमध्एस एम सी इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड), प्रणीश रतन (एमध्एस सैंपिंग पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड), राजेश गौड़ (एमध्एस एमडी केबल्स और हार्नेस एलएलपी) और मुखर्जी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अभिमत

*हमारे देश में खिलौने बनाने की पुरानी परंपरा रही है। परंपरागत खिलौने फेंकी हुई वस्तुओं को दुबारा इस्तेमाल करके बनते हैं, इसलिए वे सस्ते व पर्यावरण मित्र भी होते हैं। इसके साथ, खिलौनों में विज्ञान के कई सिद्धांत छिपे होते हैं और जिन्हें बच्चे खेल-खेल में बहुत सहजता से सीख सकते हैं। और इससे कई गरीब बच्चों का बचपन खिलौनों से महरूम होने से भी बच जाता है। अरविंद बच्चों के लिए सीखने को मनोरंजक बनाने पर जोर देते हैं। इसका उद्देश्य सिर्फ खेल ही नहीं है, कुछ सीखना भी है, समझ बनाना भी है।*

## कचरे से खिलौने बनाकर विज्ञान पढ़ाना

**नवाचार**

■ **बाबा मायाराम**

इन दिनों बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं। कुछ परीक्षाओं के नतीजे भी आ गए हैं। परीक्षा में अच्छे परिणाम नहीं आने से बच्चों के तनावग्रस्त होने व परेशान होने की खबरें भी आई हैं। यह हर साल की बात है। लेकिन मैं आज ऐसी हस्ती के बारे में बताने जा रहा हूं, जिसने विज्ञान व गणित को मजे से सिखाने की कोशिश की है। यही वे विषय हैं, जिनमें बच्चे प्राय: पिछड़ जाते हैं।

कुछ समय पहले मैं महाराष्ट्र के पुणे में था। यहां मेरी रूचि अरविंद गुप्ता से मिलने में थी और उनसे मैंने मिलना भी सुनिश्चित कर लिया था। टॉय मेकर के नाम से ख्यात अरविंद गुप्ता ने विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें भारत सरकार ने साल 2018 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया है।

जब मैं उनके पुणे स्थित निवास पर पहुंचा तो उस समय बारिश हो रही थी। वे सड़क तक छाता लेकर मुझे लेने के लिए आए थे। यह पहली बार नहीं था, जब मैं उनसे मिलने जा रहा था। हम पहले भी कई बार मिल चुके हैं, लेकिन इसे सालों गुजर गए।

यह 80 के दशक की बात है, जब वे मध्यप्रदेश के होशंगाबाद ( अब नर्मदापुरम) जिले में स्थित किशोर भारती संस्था में माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए विज्ञान की नई किताबें तैयार करने में जुटे थे। किशोर भारती ने होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम चलाया था, जिसके तहत् शासकीय माध्यमिक स्कूलों के लिए विज्ञान की किताबें बनाई जा रही थीं। कक्षा 6 वीं से लेकर 8 वीं तक पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इन किताबों के पिछले पृष्ठ पर लिखा रहता था- मैंने सुना, भूल गया, मैंने देखा, याद रहा, मैंने करके देखा, समझ गया। यह विज्ञान शिक्षण की सीख थी।

**बच्चों को हाथ से काम करना चाहिए, तरह-तरह के कौशल सीखने चाहिए। इससे पढ़ाई मजेदार हो जाएगी। उनका मानना है कि बच्चों को माता-पिता सभी प्रकार की गतिविधियां करने और उन्हें रूचि के स्थानों पर ले जाने में अधिक समय बिताना चाहिए और उन्हें घरेलू कामों खाना बनाना, मरम्मत करना और खरीदारी इत्यादि में शामिल करना चाहिए, जिससे वे जीवन शिक्षा भी सीख सकें। वे कहते हैं कि आप केवल मूर्खतापूर्ण खिलौने ही खरीद सकते हैं, चतुर खिलौने हाथों से बनाएं जाते हैं।**

लेकिन इस बीच मेरा उनसे संपर्क बना रहा। पहले पत्राचार के माध्यम से कभी-कभार और जब ईमेल आया तो नियमित संपर्क होने लगा। उन्होंने मुझे बहुत सारी किताबें पढ़ने दीं और नए व प्रेरणादायक साहित्य से परिचय करवाया। उनका एक काम, हर महीने देश-विदेश के अच्छे बाल साहित्य का अनुवाद करना भी है।

अरविन्द गुप्ता ने कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग से बी टेक किया है। शुरू में उन्होंने पुणे में टाटा मोटर्स में काम किया, लेकिन वहां उनका मन नहीं लगा। कुछ समय उन्होंने ब्रिटिश मूल के वास्तुकार लॉरी बेकर के साथ भी काम किया। लॉरी बेकर महात्मा गांधी से प्रभावित होकर भारत में बस गए थे और उन्होंने घर बनाने के लिए सस्ती स्थानीय सामग्री को बढ़ावा दिया और टिकाऊ घर बनाए।

साल 1978 में अरविंद गुप्ता होशंगाबाद जिले के एक गांव में आए, जहां किशोर भारती संस्था के होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर उन्होंने काम किया। इस दौरान उन्होंने विज्ञान के कई प्रयोग किए। किशोर भारती से पास से 7 किलोमीटर दूर एक छोटा कस्बा बनखेड़ी है। वहां शुक्रवार को साप्ताहिक हाट लगता है। सड़क के किनारे फुटपाथ पर दुकानें लगती हैं। वहां से वे छोटी-मोटी सस्ती चीजें खरीदकर लाते थे और उनसे खिलौने बनाते थे और उसके पीछे के विज्ञान को बच्चों को समझाते थे।

साइकिल के पहिए में लगने वाली वाल्व ट्यूब, माचिस की तीली, कचरे में पड़ा वायर या बोतल, झाड़ू की सींक जैसे सामानों से वे खिलौने बनाते थे। उन्हें इस काम में टेल्को में ट्रक डिजाइन करने से ज्यादा मजा आया।

हमारे देश में खिलौने बनाने की पुरानी परंपरा रही है। परंपरागत खिलौने फेंकी हुई वस्तुओं को दुबारा इस्तेमाल करके बनते हैं, इसलिए वे सस्ते व पर्यावरण मित्र भी होते हैं। इसके साथ, खिलौनों में विज्ञान के कई सिद्धांत छिपे होते हैं और जिन्हें बच्चे खेल-खेल में बहुत सहजता से सीख सकते हैं। और इससे कई गरीब बच्चों का बचपन खिलौनों से महरूम होने से भी बच जाता है।

अरविंद बच्चों के लिए सीखने को मनोरंजक बनाने पर जोर देते हैं। इसका उद्देश्य सिर्फ खेल ही नहीं है, कुछ सीखना भी है, समझ बनाना भी है। समझ जब बनती है तब बच्चे अपनी सीख को जीवन के व्यापक सामाजिक संदर्भ से जोड़ने में सक्षम होते हैं। तब सीखना जादुई हो जाता है।

वे मानते हैं कि बच्चों को हाथ से काम करना चाहिए, तरह-तरह के कौशल सीखने चाहिए। इससे पढ़ाई मजेदार हो जाएगी। उनका मानना है कि बच्चों को माता-पिता सभी प्रकार की गतिविधियां करने और उन्हें रूचि के स्थानों पर ले जाने में अधिक समय बिताना चाहिए और उन्हें घरेलू कामों खाना बनाना, मरम्मत करना और खरीदारी इत्यादि में शामिल करना चाहिए, जिससे वे जीवन शिक्षा भी सीख सकें।

वे कहते हैं कि आप केवल मूर्खतापूर्ण खिलौने ही खरीद सकते हैं, चतुर खिलौने हाथों से बनाएं जाते हैं। यानी बच्चे खुद अच्छे खिलौने बना सकते हैं। वे कहते हैं जब बच्चे विज्ञान के प्रयोग करते हैं तो उनके चेहरे पर मुस्कुराहट आ जाती हैं।

उनका पसंदीदा एक खिलौना इलेक्ट्रिक मोटर है, जिसे उन्होंने कई साल पहले बनाया था। वे याद करते हैं कि जब उन्होंने इसे पहली बार बनाया था, तो बहुत रोमांच था। लगभग एक पखवाड़े तक वे आधी रात को उठते थे और सोने से पहले कुछ मिनटों के लिए मोटर चलाते थे।

अरविंद गुप्ता कहते हैं कि किसी बात को समझने के लिए पहले बच्चों को अनुभव की जरूरत होती है। अनुभव में चीजों को देखना, सुनना, छूना, चखना, सूंघना आदि कुशलताएं शामिल हैं। वे हमेशा ठोका-पीटी कर-करके कुछ बनाते रहते हैं। जबकि हमारी शिक्षा व्यवस्था को रटना सिखाती है, उसमें सोचने और समझने की गुंजाइश कम है।

वे बताते हैं कि कुछ समय के लिए वे छत्तीसगढ़ में लोहे की खदानों के बीच काम करने वाले मजदूरों के बीच गए थे। वहां लोहा पत्थर ढोने के लिए डम्पर ट्रक चलते थे। वहां के बच्चे दो माचिस की डिब्बियों की मदद से वह डम्पर ट्रक बनाकर खेल रहे थे। उसमें लीवर का काम करने के लिए तीली का इस्तेमाल किया गया था। इसे देखकर अरविन्द जी आश्चर्यचकित हुए और उन्होंने इसे अपनी खिलौनों की सूची में 'माचिस का 'डम्पर ट्रक' शामिल कर लिए।

इन सब प्रयोगों पर आधारित उन्होंने वर्ष 1984 में मैचिस्टिक माडल एंड अदर साइंस एक्सपेरीमेंटस बुक लिखी। अब यह किताब 12 भाषाओं में है। इसके बाद उन्होंने 25 किताबें और लिखीं। इसके बाद वे पुणे में आयुका (द इंटर- यूनिवर्सिटी सेंटर फार एस्ट्रोनामी एंज एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे) में बाल-विज्ञान केंद्र के को-आर्डिनेटर बने। वहां हर दिन वे नए-नए खिलौने बनाते थे, फिर उनकी वीडियो बनाते थे।

साल 1990 में दूरदर्शन पर तरंग कार्यक्रम शुरू हुआ था। यह रोज आधा घंटे का कार्यक्रम होता था। उस समय केवल दूरदर्शन ही हुआ करता था। अन्य कोई टीवी चैनल नहीं था। इस कार्यक्रम को काफी पसंद किया जाता था। उन्होंने मुझे बताया कि आज ही उन्हें उन लोगों के पत्र मिलते हैं, जो तरंग देखकर बड़े हुए हैं। उन्होंने तरंग के लिए 125 प्रोग्राम बनाए। इस कार्यक्रम में वाल्व ट्यूब और माचिस की तीलियों वाला कार्यक्रम सौ बार दिखाया गया, जिससे दूरदराज के गांवों तक यह बात पहुंची।

अरविन्द गुप्ता कहते हैं कि मेरी जिंदगी का एक ही मकसद है कि मैं न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया के बच्चों को किताबें, वीडियो, मेरे बनाए खिलौनों को बनाना सीखने के तरीके मुफ्त में उपलब्ध कर सकूं, ताकि ज्ञान पाने के रास्ते में गरीबी या संसाधनों की कमी आड़े न आए।

उनकी वेबसाइट arvindguptatoys.com कई भाषाओं पर कई भाषाओं में हजारों ईबुक हैं। वीडियो फिल्में हैं, जिन्हें अब तक 10 करोड़ लोग देख चुके हैं, रोजाना 7000 हजार किताबें डाउनलोड होती हैं। इस वेबसाइट पर उनके द्वारा अनुवादित किताबें हैं। देश-दुनिया का उत्कृष्ट व प्रेरणादायी साहित्य हैं। विशेषकर बाल साहित्य उपलब्ध है। देश में जहां सार्वजनिक पुस्तकालय न के बराबर हैं, वहां इस प्रकार की वेबसाइट लोगों के बहुत काम आती हैं।

अरविंद गुप्ता ने देश के विख्यात वैज्ञानिक प्रो.यशपाल व जयंत नार्लीकर के साथ भी काम किया है। वे बताते हैं कि जब प्रो. यशपाल जब विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव थे, तब उन्होंने अरविंद गुप्ता को किताब लिखने के लिए फैलोशिप दी थी। जयंत नार्लीकर तो उन्हें पुणे स्थित आयुका (द इंटर- यूनिवर्सिटी सेंटर फार एस्ट्रोनामी एंज एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे) में बाल-विज्ञान केंद्र में लेकर आए थे।

कुल मिलाकर, अरविंद गुप्ता, एक खिलौना अन्वेषक है, शिक्षक हैं, इंजीनियर हैं, वैज्ञानिक हैं, और पुस्तकप्रेमी हैं। अच्छे अनुवादक हैं और धुन के पक्के निष्काम कर्मयोगी हैं। उन्होंने प्रचलित शिक्षा व्यवस्था से अलहदा पढ़ने-लिखने व हाथ से प्रयोग करने का नजरिया दिया है। क्या हम बच्चों को ऐसी शिक्षा देने के लिए तैयार हैं, जिसमें बस्ते का बोझ भी न हो और बच्चों की अच्छी समझ बने। खेल-खेल में

### बीता सप्ताह

**27 अप्रैल**
- लोकसभा चुनाव 2024 के देश के 88 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान हुआ तथा छत्तीसगढ़ में तीन सीट पर मतदान हुआ।
- सुप्रीम कोर्ट ने वीवी पैट के 100 फीसदी सत्यापन से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दी।
- हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने इस्तीफा दे दिया।
- भारत की नेथ्रा कुमानन ने भारत का दूसरा पेरिस 2024 कोटा हासिल किया।

**28 अप्रैल**
- मणिपुर में लोकसभा चुनाव की वोटिंग के दरमियान कुकी उग्रवादियों के हमले से सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए।
- छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण की तीन सीटों पर 76 प्रतिशत मतदान की पुष्टि हुई।
- चुनाव आयोग ने कहा कि जाति शब्द के इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई।
- सीबीआई ने छत्तीसगढ़ के बीरनपुर हत्याकांड पर जांच शुरू की।

**29 अप्रैल**
- महादेव सट्टा एप मामले में एक्टर साहिल खान को छत्तीसगढ़ के बस्तर में गिरफ्तार किया गया।
- पाकिस्तान के विदेशमंत्री इशाक डार को उपप्रधानमंत्री बनाया गया।
- इंडोनेशिया में 6.5 तीव्रता का भूकंप आया।
- शीर्ष भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने शंघाई में जीता रजत पदक।

**30 अप्रैल**
- छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक पिकअप खड़ी वाहन से टकरा गई जिससे उसमें सवार तीन बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई।
- दक्षिण-पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत के हांगचो शहर में हांगचो अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव थोंगच्येन झील के फूल सागर दर्शनीय स्थल में शुरू हुआ।
- आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम के कोच बनेगें।
- दो बार ओलंपिक स्वर्ण कप विजेता अमेरिका की महिला बास्केट बाल खिलाड़ी कैंडेस पार्कर ने बास्केटबाल से संन्यास ले लिया।

**1 मई**
- छत्तीसगढ़ बस्तर के अबूझमाड़ में पुलिस- नक्सली मुठभेड़ में दो महिला सहित सात नक्सली मारे गए।
- हैती में व्यवस्था बहाल करने में मदद करने के लिए बांग्लादेश एक अंतरराष्ट्रीय सेना में शामिल होने के लिए सहमत हो गया।
- अफगानिस्तान के मस्जिद में फायरिंग होने से छ: नमाजियों की मौत हो गई।

**2 मई**
- इजरायल-गाजा समझौते के लिए बड़ी रियायतें देने को तैयार हो गया।
- अमेरिका में रूसी यूरेनियम के आयात पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक पारित हो गया।
- एस्ट्राजेनेका ने माना कि कोविशील्ड टीके से बढ़ता है टीटीएस का खतरा।
- चुनाव आयोग ने बीआरएस चीफ और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को 48घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने पर लगाया बैन।

**3 मई**
- इजरायल ने गिरफ्तार 64 फिलिस्तीनियों को रिहा किया।
- भारत व इंडोनेशिया के बीच सातवीं संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की बैठक हुई।
- पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से की फिलीस्तीन को पूर्ण सदस्यता देने की मांग।
- युवा गैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व के टॉप-10 शतरंज खिलाड़ियों के क्लब में प्रवेश कर लिया।

## कांग्रेस के घोषणापत्र से भाजपा को डर क्यों

दिल्ली के संसद भवन के सामने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा में उनके दाएं हाथ की उंगली उठी हुई है। मानो वह चेतावनी दे रही है कि इस देश की सामाजिक और आर्थिक विषमता का अंत करना है, वरना असमानता की चक्की में पिसने वाले लोग इस व्यवस्था को ही मिट्टी में मिला देंगे।'

मार्च 2024 में आए विश्व असमानता डाटाबेस पेपर के अनुसार, भारत का मोदी राज 'अरबपति राज' बन गया है। एक तरफ 81 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है तो दूसरी तरफ 2022-23 में शीर्ष एक फ़ीसदी लोगों के पास 22.6प्रतिशत आय और 40.1प्रतिशत संपत्ति पर कब्जा है। रिपोर्ट कहती है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में आजादी के अमृत काल में आर्थिक असमानता अब ब्रिटिश राज से भी ज्यादा बढ़ गई है। क्रॉनी कैपिटलिज्म का प्रभाव यह है कि एक फ़ीसदी लोगों की आय और धन की हिस्सेदारी (क्रमश: 22.6, 40.1प्रतिशत) ऐतिहासिक तौर पर सबसे ऊंचे स्तर पर है। भारत की शीर्ष एक फ़ीसदी आबादी के पास आय की हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है, यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है।

इस रिपोर्ट के आने के बाद कांग्रेस पार्टी और खासकर राहुल गांधी ने इसे चुनावी मुद्दा बनाया। राहुल गांधी पिछले 7 साल से देश को चेतावनी देते रहे हैं। भारत में ही नहीं बल्कि विदेश के तमाम संस्थानों में भाषण देते हुए राहुल गांधी ने देश में बढ़ती विषमता और गरीबी पर मोदी सरकार को आगाह किया। मोदी और उनके समर्थकों ने राहुल गांधी की इस चेतावनी का हमेशा मजाक उड़ाया। लेकिन वे भूल गए कि शुतुरमुर्ग की तरह गर्दन रेत में गड़ा देने से तूफान नहीं रुकते। राहुल गांधी लगातार और कई बार बहुत गुस्से में भी मोदी सरकार की आलोचना करते रहे। क्रोनी कैपिटलिज्म की आलोचना करते हुए उन्होंने हम दो हमारे दो की सरकार बताया। मोदी सरकार के एक दशक में पूंजीवाद का बहुत एकांगी विकास हुआ है। अम्बानी और अडानी की संपत्ति लगातार बढ़ती रही और इसके अनुपात में ही देश में गरीबों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। किसान, नौजवान, दलित, पिछड़े और आदिवासियों पर सामन्तवादी ही नहीं बल्कि सांस्थानिक हमले हुए। उनकी आर्थिक स्थिति ही कमजोर नहीं हुई बल्कि सामाजिक सुरक्षा और प्रतिष्ठा भी हीन बनाने की कोशिश की जा रही है।



प्रो. रविकांत

**राहुल गांधी ने दो यात्राएं की हैं। पहले वे कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा पर निकले। इस यात्रा में राहुल गांधी ने किसान, दलित, आदिवासी , महिलाओं. पिछड़ों, अल्पसंख्यकों में विश्वास पैदा किया। भाजपा और हिन्दुत्ववादी संगठनों ने हमले करके भय पैदा किया। डरो मत नारे के साथ राहुल गांधी ने पैदल यात्रा का नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस यात्रा में राहुल गांधी ने देश को बखूबी समझा।**

इस दरम्यान राहुल गांधी ने दो यात्राएं की हैं। पहले वे कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा पर निकले। इस यात्रा में राहुल गांधी ने किसान, दलित, आदिवासी , महिलाओं. पिछड़ों, अल्पसंख्यकों में विश्वास पैदा किया। भाजपा और हिन्दुत्ववादी संगठनों ने हमले करके भय पैदा किया। डरो मत नारे के साथ राहुल गांधी ने पैदल यात्रा का नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस यात्रा में राहुल गांधी ने देश को बखूबी समझा और ये पाया कि कमजोर वंचित मेहनतकश समाज के साथ मोदी सरकार बहुत अन्याय कर रही है। इसके लिए उन्होने अपनी दूसरी यात्रा की। भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी ने मणिपुर से मुम्बई तक की। जलता हुआ मणिपुर सरकार के निकम्मेपन ही नहीं बल्कि उसकी विभाजनकारी नीति को भी दर्शाता है। समूचे देश को ऐसे ही विभाजन और वैमनस्य की आग में झोंक दिया गया। कहीं आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकार छीने जा रहे थे तो कहीं उनके मुंह पर पेशाब की जा रही थी। खुद को पिछड़ा कहकर सत्ता में आये मोदी जाति जनगणना से मुकर गए। उन्हें न तो सम्मान मिल रहा है और ना ही संसाधनों में हिस्सेदारी। दलितों की स्थिति तो और भी बदतर बना दी गई। उनके आरक्षण पर डाका डाला गया। कहीं ऊना तो कही हाथरस दोहराया गया। किसानों पर लाठियां और गोलियां चलाई गईं। किसान आंदोलन में 750 किसानों की शहादत हुई। कोरोना आपदा में लाखों लोग बिना दवा और ऑक्सीजन के मर गए। गंगा में तैरती लाशें और तेज लौ में जलती हुई चिताएं सरकार की बदनीयती को दिखाती हैं। कोरोना काल में बाबा रामदेव जैसे दवा व्यापारी मालामाल हो गए। महिला पहलवानों की अपनी अस्मत लूटने वाला पिशाच संसद में अट्टहास करता रहा। ऐसे असंख्य अन्याय मोदी की मनुवादी सोच का नमूना है।

राहुल गांधी लोगों को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर ही नहीं निकले बल्कि चुनाव मैदान में जाने से पहले उन्होंने एक विजन डॉक्युमेंट के रूप में अपना घोषणापत्र पेश किया। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक न्याय की भी बात की गई है। एक तरफ दलित, आदिवासी, ओबीसी और महिलाओं को सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा का संकल्प कांग्रेस के घोषणा पत्र में है। दूसरी तरफ किसानों और नौजवानों के लिए लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने की गारंटी प्रदान की गई है। किसानों को एमएसपी लागू करने की गारंटी से लेकर ऋण माफी तक की योजनाएं घोषणापत्र में मौजूद हैं। केंद्रीय सेवाओं में नौजवानों को 30 लाख सरकारी नौकरियों के अलावा 1 वर्ष की अप्रेंटिसशिप का भी प्रोग्राम इसमें है। इस कार्यक्रम के जरिए एक लाख रुपये नौजवानों को मिलेंगे। इसी तरह प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपया बैंक खाते में ट्रांसफर करने की गारंटी दी गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह योजनाएं बहुत कैलकुलेटिव और व्यवहारिक हैं। ये 15 लाख खाते में आने और 2 करोड़ प्रति वर्ष रोजगार देने की तरह जुमले नहीं हैं।

जिस दिन कांग्रेस का यह घोषणा पत्र आया, भाजपा के खेमे में बेचैनी बढ़ गई। अभी यह घोषणा पत्र लोगों के सामने ठीक से आया भी नहीं था कि नरेंद्र मोदी ने इस पर सांप्रदायिक हमला बोल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। इतना सुनते ही कांग्रेस के समर्थकों ने ही नहीं बीजेपी के समर्थकों और नौजवानों ने भी इसका अध्ययन किया। इससे कांग्रेस को नुकसान होने के बजाय उल्टा उसके घोषणा पत्र का प्रचार हो गया। कांग्रेस का घोषणा पत्र एक तरह बीजेपी की पराजय का घोषणा पत्र भी बन गया। रातोंरात नौजवानों, किसानों, दलितों, पिछड़ों ने इस घोषणा पत्र को पढ़ा। इससे कांग्रेस के जनाधार के जनाधार में स्वत: इजाफा हुआ। जो कांग्रेस उत्तर भारत में चुनाव मैदान में ठहरी हुई नजर आ रही थी, घोषणा पत्र आने के बाद उसकी सक्रियता और चर्चा बढ़ गई। जो मीडिया कांग्रेस को दरकिनार कर रही थी, मोदी के हमले के बाद उसके मेनिफेस्टो पर चर्चा करने लगी। पूरे देश में कांग्रेस की उम्मीदों को पंख लग गए। भाजपा के समर्थक भी राहुल गांधी के दृष्टिकोण के मुरीद हो गए। लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र ने एक मजबूत प्रभाव स्थापित कर दिया है। मतदान पर इस घोषणा पत्र की एक छाप दिखाई दे रही है।

## भाजपा के लिए अब आसान नहीं रहा लोकसभा चुनाव

कई लोगों के मन में इस बात को लेकर थोड़ा ही संदेह रह गया है कि इस लोकसभा चुनाव में बाजी पलट रही है। अब यह उतना आसान नहीं रह गया है जितना भाजपा ने कल्पना की थी। भाजपा को उम्मीद थी कि वह आसानी से सीधे-सीधे तीसरी बार सत्ता में बैठेगी लेकिन अब यह मुश्किल नजर आ रहा है। कई आंकड़े उछाले जा रहे हैं लेकिन उनमें से लगभग सभी भाजपा को 272 के जादुई आंकड़े से कम और कमतर बता रहे हैं। एकमात्र सवाल जो पूछा जा रहा है वह यह है कि पार्टी सरकार बनाने के लिए आवश्यक आधी संख्या से कितनी नीचे जा सकती है। मिल रहे सभी संकेत इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि सत्ताधारी पार्टी को इस बार भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। भाजपा में जो दृढ़ विश्वास दिखाई दे रहा था वह भाप बन कर उड़ गया सा प्रतीत होता है। ऐसे स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा हलकों में कहीं भी 'चार सौ पार' (400 के आंकड़े से अधिक) की कोई चर्चा नहीं है। 'चार सौ पार' भाजपा चुनाव अभियान की पहचान थी क्योंकि इस विश्वास के साथ ही उसने अपना प्रचार शुरू किया था। फिर भी कोई भविष्यवाणी करने में सतर्कता बरतनी चाहिए। अभी पांच चरणों का मतदान और मतगणना में एक महीना बाकी है। कुछ भी हो सकता है। चुनाव की सावधानीपूर्वक निगरानी की आवश्यकता होगी और यह एक थ्रिलर बनने के लिए तैयार है।



लेखा रत्तनानी

**चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान उम्मीद से कम रहा है। मतदान के रुझान को समझने के कई तरीके हैं। एक विचार यह है कि भाजपा ने शुरुआत में ही यह जताने के लिए भरपूर प्रयास किया कि वास्तव में कोई मुकाबला ही नहीं है। समृद्ध और अच्छी तरह से वित्त पोषित अभियान व मशीनरी की पूरी ताकत के साथ यह संदेश भेजा गया था। इसलिए भाजपा के मतदाता उत्साहित और तय नहीं थे- जब अंतिम परिणाम यही है तो काम करने का क्या मतलब है ?**

चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान उम्मीद से कम रहा है। मतदान के रुझान को समझने के कई तरीके हैं। एक विचार यह है कि भाजपा ने शुरुआत में ही यह जताने के लिए भरपूर प्रयास किया कि वास्तव में कोई मुकाबला ही नहीं है। समृद्ध और अच्छी तरह से वित्त पोषित अभियान व मशीनरी की पूरी ताकत के साथ यह संदेश भेजा गया था। इसलिए भाजपा के मतदाता उत्साहित और तय नहीं थे- जब अंतिम परिणाम यही है तो काम करने का क्या मतलब है? दूसरा विचार मौसम का है- इस बार मौसम असामान्य रूप से गरम है। तीसरा यह है कि भाजपा खुद अपने कैडर को प्रेरित करने में सक्षम नहीं रही है। इसका एक कारण यह है कि पहला वोट डाले जाने से पहले ही पार्टी ने चुनाव को जीता हुआ घोषित कर दिया था और दूसरा व अधिक महत्वपूर्ण कारण पार्टी में बड़ी संख्या में गैर-भाजपा कार्यकर्ताओं की आमद है जो या तो अपने दम पर भाजपा में शामिल हुए हैं या उन पर भाजपा में शामिल होने के लिए प्रलोभन दिया गया अथवा दबाव डाला गया है। 'घुसपैठिये' बनाम कैडर का अजीब मिश्रण कुछ हद तक बेमेल रसायन बन रहा है और जो प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं के भीतर निराशा की भावना पैदा कर रहा है। वे अब खुद को पार्टी से बहिष्कृत महसूस करते हैं जिसमें उन्होंने लंबे समय तक काम किया है। अंतिम कारण- मतदाताओं के एक व्यापक वर्ग के बीच निराशा हो सकती है और यदि यह कारण है तो कम मतदान हर तरह से परिणामों को प्रभावित करेगा।

बहरहाल, सप्ताह की समाप्ति के करीब भाजपा के लिए और बुरी खबर आती गई। एक तरफ राहुल गांधी आग उगलते हुए मांग कर रहे थे कि 'सामूहिक बलात्कारी' प्रज्वल रेवन्ना के लिए वोट मांगने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की हर लड़की और महिला से माफी मांगें जो कह रहे हैं कि रेवन्ना के लिए वोट मोदी को मजबूत करेगा। यह भाजपा के नए सहयोगी जेडीएस के समर्थन में एक चुनावी रैली थी जहां प्रधानमंत्री ने रेवन्ना सहित जेडीएस उम्मीदवारों के समर्थन में स्पष्ट अपील की। रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते हैं। रेवन्ना 26 अप्रैल को कर्नाटक में अपने निर्वाचन क्षेत्र हासन में मतदान समाप्त होने के अगले दिन जैसे ही महिलाओं के बारे में उनके विचार और महिलाओं पर हमले के टेप लीक हो गए, वे जर्मनी भाग गए। रेवन्ना को समर्थन देने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब भाजपा नहीं दे पाई है जिसने विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बेनकाब कर दिया है। यह बात तब विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है जब यह बात सामने आई है कि रेवन्ना के आचरण और उनके खिलाफ आरोपों के बारे में पार्टी को पहले ही चेतावनी दे दी गई थी। इसके बावजूद पार्टी ने उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने की पहल की।

दूसरी ओर भाजपा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ लगाए गये उन आरोपों ने पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर दी कि कांग्रेस धन को फिर से वितरित करना चाहती है या इसे मध्यम वर्ग से लेना और अल्पसंख्यकों को देना चाहती है। राहुल गांधी द्वारा उठाये गए आर्थिक असमानता से जुड़े मुद्दे को धर्म को जोड़ने का एक ज़बरदस्त लेकिन हताश प्रयास भाजपा को महंगा पड़ गया। गलगोटिया विश्वविद्यालय के छात्रों के एक वर्ग के हास्यास्पद विरोध मार्च के कारण भाजपा का यह दांव उलटा पड़ गया। गलगोटिया विश्वविद्यालय 300 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों के साथ एनएएसी ग्रेड ए प्लस होने का दावा करता है। भाजपा समर्थित इस विरोध मार्च में शामिल छात्रों को मालूम नहीं था कि उनके हाथों में पकड़ी हुई तख्तियों में कांग्रेस के खिलाफ क्या लिखा है। वे उन मुद्दों के बारे में कुछ भी नहीं जानते थे जिनका विरोध करने के लिए वे एकत्रा हुए थे। गलगोटिया विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में है और इस खेदजनक प्रदर्शन ने उत्तर प्रदेश में शिक्षा की स्थिति और एक ऐसी प्रणाली को उजागर किया है जिसके तहत नकली समाचार को राजनीतिक व्यवस्था के शीर्ष से ही प्रसारित किया जाता है, जहां छात्र कोई सवाल नहीं पूछते और बिना रुचि या जिज्ञासा के सीखते हैं।

भाजपा कई मायनों में अति आत्मविश्वास से पीड़ित है और उसके प्रभावों का अब उसे सामना कर पड़ रहा है। इससे उबरने के लिए सांप्रदायिक कार्ड का मनमाना उपयोग कर रही है। कांग्रेस पर अपने हमलों में खुद प्रधानमंत्री चरम पर चले जाते हैं। (उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के घोषणापत्र में 'मुस्लिम लीग की मुहर है')। ऐसा लगता है कि पार्टी ने यह हिसाब नहीं लगाया है कि चुनावी बॉन्ड में अपनी भूमिका, अरविंद केजरीवाल जैसे विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और किसी भी कीमत पर सत्ता पाने की उसकी कोशिशों की (जैसा कि महाराष्ट्र में हुआ) उसे कुछ कीमत चुकानी होगी। महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है जहां विपक्ष को भारी समर्थन मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के दबाव के कारण यह खुलासा हुआ कि भाजपा ने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से 8,000 करोड़ रुपये कैसे एकत्र किए। इससे एक व्यापक विचार सामने आया है कि पार्टी मूल रूप से भ्रष्ट है। भ्रष्टाचारियों के पाला बदलते और पार्टी में शामिल होते ही 'भाजपा वॉशिंग मशीन' से साफ घोषित करने का तरीका भी भाजपा की छवि और प्रतिष्ठा को धक्का पहुंचा रहा है। यहां तक कि पार्टी के प्रति वफादार लोग भी इस तरीके से नाखुश हैं। 400 से अधिक सीटें मिलने के दावे से डर पैदा हो गया है कि यह जनादेश संविधान को खतरे में डाल देगा और तब भाजपा आरक्षण जैसी कुछ बुनियादी गारंटी के साथ खिलवाड़ करने की स्थिति में आ जाएगी। इसके अलावा इस बात का भी डर है कि अगर मोदी को लगातार तीसरा कार्यकाल मिलता है तो देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने में तानाशाही शैली के शामिल होने की आशंका है।

कुल मिलाकर, इस समय एजेंडे के मुद्दे उन मुद्दों से बहुत अलग हैं जिनके बारे में भाजपा ने सोचा था कि वे एजेंडे में होंगे। मुकाबला अंत तक चलेगा और वोटों की गिनती तथा परिणाम घोषित होने के बाद कई सबक सीखे जाएंगे।

*(लेखिका द बिलियन प्रेस की प्रबंध संपादिका हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)*

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## म्यांमार में लू की चपेट में आने से 50 से ज्यादा लोगों की मौत

**यांगून,** 3 मई (एजेंसियां)। म्यांमार के मांडले में अप्रैल माह में भीषण गर्मी के चलते 50 से ज्यादा मौतें दर्ज की गईं। इसकी जानकारी मणि साला बचाव संगठन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को दी। उन्होंने कहा कि मृतकों में से लगभग 30 को पहले से ही गंभीर बीमारियां थीं, जिनमें से अधिकतर की उम्र 50 से 90 वर्ष के बीच थी। इस साल अप्रैल में म्यांमार में लू के बीच हीट स्ट्रोक की घटनाओं में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि मार्च में लू की चपेट में आने के चलते अस्पताल में भर्ती हुए लोगों की संख्या 8 थी, लेकिन अप्रैल तक यह संख्या बढ़कर 50 से ज्यादा हो गई। 28 अप्रैल मांडले में 77 सालों में सबसे गर्म अप्रैल का दिन रहा।

# स्थानीय कानूनों का पालन करें भारतीय छात्र : जायसवाल

**वाशिंगटन,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नामांकित भारतीय छात्रों से गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर इजरायल के खिलाफ अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों में चल रहे विरोध प्रदर्शन के संबंध में स्थानीय कानूनों और नियमों का पालन करने का आग्रह किया। इन विरोध प्रदर्शनों में भारतीय छात्रों के शामिल होने की अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं आई है और मंत्रालय ने यह भी कहा है कि किसी भी छात्र या उनके परिवार ने मदद के लिए भारतीय मिशनों से संपर्क नहीं किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के बारे में एक सवाल के जवाब में नई दिल्ली में एक समाचार ब्रीफिंग में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि



**हम उम्मीद करते हैं कि देश और विदेश में हमारे सभी नागरिक स्थानीय कानूनों का सम्मान करेंगे : रणधीर जयसवाल**

देश और विदेश में हमारे सभी नागरिक स्थानीय कानूनों और नियमों का सम्मान करेंगे।

सैकड़ों-हजारों भारतीय छात्र अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं। उनमें से कई लोग कॉलेज के बाद काम करने और यहीं बसने की इच्छा रखते हैं। उनके विरोध

## भारत ने संरा में पाकिस्तान को लताड़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपनी समन्वयवाद और बहुलवादी संस्कृति, परंपराओं और शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला जबकि विनाशकारी और हानिकारक प्रकृति के लिए पाकिस्तान की आलोचना की तथा उस पर विश्व शांति स्थापित करने संरा के सदस्यों के सामूहिक प्रयासों के खिलाफ जाने का आरोप लगाया। संरा में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम की भारत विरोधी टिप्पणियों पर पलटवार करते हुए संरा में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि चूंकि हम इन चुनौतीपूर्ण समय के बीच शांति की संस्कृति विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए हमारा ध्यान रचनात्मक बातचीत पर कायम है। इस प्रकार हम एक निश्चित प्रतिनिधिमंडल की टिप्पणियों को दरकिनार करना चाहते हैं, जिनमें न केवल मर्यादा की कमी है, बल्कि उनकी विनाशकारी और हानिकारक प्रकृति के कारण हमारे सामूहिक प्रयासों में भी बाधा आती है। उन्होंने गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ तिखी टिप्पणी करते हुए कहा कि हम उस प्रतिनिधिमंडल को सम्मान और कूटनीति के केंद्रीय सिद्धांतों के साथ जुड़ने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करेंगे।




**धार्मिक व भाषाई विविधता के बावजूद भारत की सांस्कृतिक, सहिष्णुता व सह-अस्तित्व का एक प्रमाण है : रुचिरा कंबोज**

## पाकिस्तान में विस्फोट से तीन की मौत, आठ घायल

**इस्लामाबाद,** 3 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में शुक्रवार को एक विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जिले के चामरोक इलाके में दोपहर एक स्थानीय पत्रकार के वाहन को विस्फोटक उपकरण से निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया है कि विस्फोट में पत्रकार और दो अन्य लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए, जो घटनास्थल पर मौजूद थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि सभी घायल लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया गया। घटना का वीडियो जारी हुआ है जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति ने कार में एक उपकरण लगाया जिससे विस्फोट हुआ।



### पाकिस्तान में बस नाले में गिरी, 20 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के डायमेर जिले में शुक्रवार को एक यात्री बस बड़े नाले में गिर गई। इस हादसे में कम से 20 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे हुई। बस के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण ये हादसा हुआ। बस रावलपिंडी से गिलगित की ओर जा रही थी। बस में 43 लोग सवार थे। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है ।

## सुडोकू 6544

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 8 | |
| | 8 | 7 | | 6 | | | | 9 |
| | | | | | 4 | 6 | 3 | 1 |
| | | | 2 | 7 | 6 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | 9 | 8 | | | |
| 9 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| 1 | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| | 2 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 4 मई, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 11

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

वृषभ - आज कोई पुरानी चिंता दूर हो सकेगी। शारीरिक रूप से भी आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष का अनुभव होगा। व्यवसाय में आपको यश मिलेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। स्वास्थ्य में भी कुछ उतार-चढ़ाव होगा। व्यापार में पार्टनर के साथ मतभेद हो सकते हैं। धन का व्यय अधिक होगा। संतान की चिंता सताएगी।

कर्क - आज मन को शांत रखकर ईश्वर के नाम का स्मरण करें। इससे एकाग्र होने में दिक्कत नहीं आएगी। गुस्से को वश में रखें। नेगेटिव विचार आपको परेशान कर सकते हैं। धन की तंगी रहेगी। फिर भी दोपहर के बाद आप प्रसन्न रहेंगे।

सिंह - आज आपको मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे। इससे आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ खुशी महसूस करेंगे। पर्यटन की संभावना है। दोपहर के बाद मानसिक रूप से आप थका हुआ महसूस करेंगे।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक है। काम में सफलता मिलने से आज आप आनंदित रहेंगे। आपका यश बढ़ेगा। परिवार का वातावरण अनुकूल रहेगा।

तुला - लेखनकार्य और साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। किसी चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपने टैलेंट की बदौलत कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें। अपने इमोशन पर नियंत्रण रखें। वित्तीय मामलों में लाभ की आशा रख सकते हैं। वस्त्र-आभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के मामले में खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

धनु - आज मन की कोई चिंता दूर होने से आप काफी हलकापन महसूस करेंगे। परिजनों के साथ किसी खास पारिवारिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। मित्रों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी और विरोधी के समक्ष विजय होगी।

मकर - आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कामों पर धन खर्च होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं रहेगा। ऑफिस में काम में मन नहीं लगेगा। दोपहर के बाद आप का मन चिंता से मुक्त रहेगा।

कुंभ - आज सांसारिक विषयों की बजाए आध्यात्मिक विषयों की तरफ आप का झुकाव अधिक रहेगा।किसी नेगेटिव भावनाओं को महत्व न देकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयत्न करें।

मीन - धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय आज सावधानी रखें। किसी के भी काम में जल्दबाज़ी करने से विघ्न आ सकता है। कोर्ट कचहरी की बातों में संभलकर चलने की सलाह आपको दी जाती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अगर डॉलर गिरता है तो ब्रिक्स विकल्प पेश कर सकता है : मोझिन

**मॉस्को,** 3 मई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के रूस के कार्यकारी निदेशक अलेक्सी मोझिन ने कहा है कि अगर अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली ध्वस्त हो जाती है तो ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर का विकल्प प्रदान कर सकते हैं। मोझिन ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था की कमियों के बारे में बहुत कुछ लिखा जा रहा है।



इसके अलावा, कई प्रकाशन इस संदर्भ में ब्रिक्स का उल्लेख करते हैं कि यह संघ एक विकल्प पेश कर सकता है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश एक खाता खोल सकते हैं जिसमें समूह के पांच सदस्य देशों की मुद्राएं रियल (ब्राजील), रूबल (रूस), रुपया (भारत), युआन (चीन) और रैंड (दक्षिण अफ्रीकी) शामिल हो सकती हैं।

रूसी प्रतिनिधि ने कहा कि इस प्रस्ताव पर चर्चा की जा रही है। यदि अमेरिकी डॉलर और अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली ध्वस्त हो जाती है, तो खाते की इस इकाई को वस्तुओं द्वारा समर्थित वास्तविक मुद्रा में बदलने की आवश्यकता होगी।

## अमेरिका व जापान हाइपरसोनिक्स को मार गिराने में सक्षम मिसाइल करेंगे विकसित

### मिसाइल पर तीन अरब डॉलर से अधिक का करेंगे निवेश

**वाशिंगटन,** 3 मई (एजेंसियां)। अमेरिका और जापान संयुक्त रूप से हाइपरसोनिक हथियारों को रोकने में सक्षम एक नई प्रकार की मिसाइल विकसित करने के लिए तीन अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेंगे।

जापानी समाचार एजेंसी क्योडो ने अमेरिकी मिसाइल रक्षा एजेंसी के एक अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है। एजेंसी ने गुरुवार को अधिकारी के हवाले से कहा कि जापान और अमेरिका का लक्ष्य 2030 तक मिसाइल के विकास को पूरा करने का है, जिसमें ग्लाइड फेज़ इंटरसेप्टर परियोजना में जापान का निवेश एक अरब डॉलर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए डिजाइन की गई स्टैंडर्ड मिसाइल-3 ब्लॉक-2-ए के बाद यह अमेरिका और जापान की दूसरी संयुक्त मिसाइल विकास परियोजना बन जाएगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि मिसाइल को अंतरिक्ष से वायुमंडल में पुन: प्रवेश करने से पहले उड़ान के सबसे कमजोर ग्लाइड चरण के दौरान आने वाली हाइपरसोनिक मिसाइलों को रोकने में



सक्षम बनाने की योजना बनाई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका पहचान और ट्रैकिंग क्षमताओं में सुधार के लिए छोटे उच्च परिशुद्धता वाले उपग्रहों का एक समूह विकसित कर रहा है। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार नई मिसाइल को एजिस मिसाइल रक्षा प्रणाली से लैस अमेरिकी युद्धपोतों और जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के विध्वंसकों पर तैनात किया जाएगा।

गौरतलब है कि अगस्त 2023 में वाशिंगटन के पास कैंप डेविड में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष, यूं सुक-योल के साथ त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापानी प्रधान मंत्री किशिदा ने इस विकास पर सहमति व्यक्त की थी।

## यूवा स्टेशनरी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' आर्ट वर्कशॉप द्वारा से दिल्ली में रचनात्मकता को प्रेरित किया

**नई दिल्ली** 3 मई (एजेंसियां)। हाउस ऑफ नवनीत एजुकेशन की यूवा स्टेशनरी ने हाल ही में 12, 15 और 16 अप्रैल 2024 को दिल्ली में आर्ट वर्कशॉप की एक सिरीज़ का आयोजन किया। 'विल इंडिया चेंज़ फ़ाउंडेशन' एनजीओ के सहयोग से आयोजित वर्कशॉप का फ़ोकस 'वसुधैव कुटुम्बकम' विषय था, जो युवा मन को 'एक विश्व एक परिवार' की गहन अवधारणा प्रदान करता है। मेंटर प्रीति पोतदार जैन के मार्गदर्शन में, दिल्ली के जीवंत शहर में नौ लुभावने वर्कशॉप में लगभग 2427 छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। यूवा ने सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल, मिश्री देवी ज्ञान निकेतन, सरस्वती मॉडल स्कूल, सेंट मार्गरात सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बोली राम पब्लिक स्कूल, प्रूडेंस स्कूल, सेक्टर 22 द्वारका, प्रूडेंस स्कूल, सेक्टर 16बी द्वारका, स्छ पब्लिक स्कूल और ग्रीनव्यू पब्लिक स्कूल सहित सम्मानित संस्थानों के सहयोग से वर्कशॉप का आयोजन किया। वर्कशॉप का उद्देश्य न केवल कलात्मक कौशल का पोषण करना था, बल्कि एकता, विविधता के मूल्यों और



दुनिया एक बड़ा परिवार है, के विचार को स्थापित करना भी था। 'विल इंडिया चेंज़ फ़ाउंडेशन' ने इन वर्कशॉप की सफलता और प्रभाव को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो समग्र शिक्षा और सामुदायिक कल्याण के लिए यूवा की स्टेशनरी की प्रतिबद्धता के साथ हैं।

यूवा के मुख्य रणनीति अधिकारी अभिजीत सान्याल ने यूवा के इरादे पर जोर देते हुए कहा, 'इन वर्कशॉप में छात्रों को आर्ट और क्राफ़्ट में नई अवधारणाओं और तकनीकों को सीखने को मिलता है। यदि उन्हें उचित मार्गदर्शन मिले तो बच्चे वास्तव में अपनी कल्पना को बहुत अलग स्तर पर ले जा सकते हैं। इन वर्कशॉप ने न केवल कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि बच्चों के बीच एकजुटता की भावना को भी बढ़ावा दिया।'

## इजरायली हवाई हमले में 8 सैनिक घायल


**दमिश्क,** 3 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य स्थल पर कब्जे वाले गोलान हाइट्स की दिशा से हवाई हमला किया, जिसमें आठ सैनिक घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने ज्यादा जानकारी नहीं दी है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि दमिश्क के दक्षिण-पश्चिमी ग्रामीण इलाके, कुनीत्रा प्रांत और कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स के साथ साझा प्रशासनिक सीमा पर विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह के हवाले से बताया, विस्फोटों के साथ संदिग्ध इजरायली ड्रोन ने भी उड़ान भरी।

### इराकी शिया मिलिशिया ने किया इजरायल पर मिसाइल हमले का दावा

**बगदाद,** 3 मई (एजेंसियां)। इराकी शिया मिलिशिया ने इजरायल में तीन जगहों पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली है। इराकी शिया मिलिशिया ने दो ऑनलाइन बयानों में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने तेल अवीव में दो महत्वपूर्ण स्थलों और दक्षिणी इज़रायल में बीयर शेवा में एक पर लंबी दूरी की अल-अरकाब क्रूज मिसाइलों के साथ तीन हमले किए।

## वर्ग पहेली 6544



**बायें से दायें:-**

१. एक वाममार्गी शैव संप्रदाय जो मनुष्य की खोपड़ी लिए घूमता है, उसी में खाता-पीता है
३. उपद्रव, अराजकता, घपला
५. भेंट, उपहार उ( (उर्दू)
६. धनी व्यापारी का पुत्र (उर्दू)
७. बंदीगृह, कारागार
९. उदाहरण, दृष्टांत (उर्दू)
१०. आगे बढ़ कर स्वागत करना
१२. गांठ, बंधन गुत्थी, जेब
१३. असहमति (उर्दू)
१४. ब्रजभूमि में रहने वाला
१६. निर्जन, सन्नाटा(उर्दू)
१८. गिरना, नीचे गिरना अवनति
२०. दीप्ति, आभा
२१. आजीवन अविवाहित रहने वाली
२३. फायदेमंद

**ऊपर से नीचे:-**

१. जरपोकपन, भीरूता
२. पहनावा (उर्दू)
३ . बीता हुआ समय
४. उपद्रव, दंगा(उर्दू)
५. बिजली, गाज
८. एक साथ कई लोगों द्वारा मिलकर गाया जाने वाला गीत
१०. छोटा भाई
११. लौटना, पुन: आना
१२. बंधक रेहन (उर्दू)
१३. संकेत. इशारा मन का भाव
१४. गुरुकुल में रहकर वेदाध्ययन का काल
१५. इमारत, पुल आदि की कला
१७. कमल
१८. पक्षी, चिड़िया (उर्दू)
१९. कुशल राजनीतिज्ञ, श्रेष्ठ व्यवस्थापक
२२. देश, राज्य, पुरुरवा के वंशज, काशी का पुत्र

### वर्ग पहेली-6543



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1767-प्रसिद्ध कवि तथा कर्नाटक संगीत के संगीतज्ञ त्यागराज का जन्म।
1780-अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना।
1799-मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का निधन।
1846-अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को खत्म किया गया।
1854-भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रुप से जारी हुआ।
1896-लंदन डेली मेल का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
1897-फ्रांस के पेरिस बाजार में आग लगने से करीब 200 लोगों की मौत हुई।
1905-भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का जन्म।
1924-पेरिस में 8वें ओलिंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1935-पंजाबी की प्रतिष्ठित, बहुचर्चित अग्रज लेखिका दलीप कौर तिवाना का जन्म।
1945-जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे में सरेंडर किया।
1957-भारतीय इतिहासकार हेमचंद्र रायचौधरी का निधन।
1959-पहला ग्रैमी अवॉर्ड आयोजित हुआ।
1979-श्रीमती मार्गरेट थैचर ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1980-कोल माइंस डे की घोषणा हुई।
1980-जिम्बाब्वे के नेता रॉबर्ट मुगाबे ने चुनाव में भारी जीत हासिल की और पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने।
1983-चीन ने परमाणु परीक्षण किया।
1989-अमेरिकी अंतरिक्ष यान एफटीएस-30 का प्रक्षेपण हुआ।
1994-काहिरा में इजरायल एवं फ़िलिस्तीनी नेताओं द्वारा फ़िलिस्तीनी स्वायत्तता से संबंधित ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर।
1999-भूमिगत बारूदी सुरंगों के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाने के लिए ओटावा संधि के सभी हस्ताक्षरकर्ता देशों की पहली बैठक मापूतो (मोजाम्बिक) में शुरू।

**चेतावनी** — *मौसम विभाग ने की 6 व 7 मई को भारी बारिश की भविष्यवाणी*

# कश्मीर में अब मांगी जा रही और बारिश न होने की दुआ

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 3 मई (देशबन्धु)। पिछले साल सर्दियों में कई महीनों तक सूखे का सामना करने वाले कश्मीर में अब इसलिए दुआ के लिए हाथ उठ रहे हैं ताकि और बारिश न हो। पहले ही दो दिनों की जबरदस्त बारिश कश्मीर में तबाही का मंजर दिखा चुकी है। हालांकि यह मंजर 2014 की बाढ़ से कम ही था। दरअसल मौसम विभाग ने 6 और 7 मई को भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की है और कश्मीरी इससे चिंतित हो उठे हैं। अभी वे पिछले हफ्ते की बारिश से होने वाले नुकसान से नहीं उबर पाए हैं।**

और यह भी सच है कि जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी, श्रीनगर केंद्र शासित प्रदेश का एकमात्र स्टेशन है जहां पिछले दो महीनों में बहुत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। क्योंकि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, जम्मू और कश्मीर में इस साल 1 मार्च से सामान्य वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पिछले साल सूखे के कारण वह जेहलम दरिया पूरी तरह से सूख गया था जो अब हिलोरे मार रहा है।

उपलब्ध विवरण के अनुसार, एक मार्च से 1 मई की अवधि के दौरान 255.9 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले, जम्मू और कश्मीर में 278.8 मिमी वर्षा हुई। हालांकि, श्रीनगर एकमात्र ऐसा स्टेशन है जहां इस अवधि के दौरान 211.1 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले बहुत अधिक वर्षा दर्ज की गई है, ग्रीष्मकालीन राजधानी में 01

**■ दो दिनों की जबरदस्त बारिश दिखा चुकी तबाही का मंजर**

मार्च, 2024 से 01 मई, 2024 तक 377 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। एयफोर्स स्टेशन पर 79 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। सामान्य वर्षा से कई प्रतिशत अधिक वर्षा।

यहां स्थानीय मौसम विभाग द्वारा तैयार किए गए दस्तावेज़ के अनुसार, अनंतनाग, बडगाम, बांदीपोरा, बारामूला, गांदरबल, कुलगाम, कुपवाड़ा और पुलवामा सहित कश्मीर के आठ अन्य स्टेशनों पर अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई है।

अनंतनाग जिले में इस अवधि के दौरान 261.5 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले 329.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि बडगाम में 197.1 मिमी की तुलना में 242.9 मिमी बारिश हुई है।

इसी अवधि के दौरान 206.8 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले, बांदीपोरा में 259.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि बारामुला में 272.4 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले 376.5 मिमी वर्षा हुई है। इस अवधि के दौरान गांदरबल में 242.1 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले 304.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि कुलगाम में 316.1 मिमी की तुलना में 433.7 मिमी बारिश हुई।

इसी तरह से उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में 334.3 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले 400.2 मिमी बारिश हुई है। पुलवामा में भी इस अवधि के दौरान सामान्य वर्षा 153.7 मिमी की तुलना में अधिक वर्षा दर्ज की गई है, इस अवधि के दौरान 185.2 मिमी दर्ज की गई है।

## दुनिया को जानें

### चीन चांग ई-6 चंद्र अन्वेषण यान का करेगा प्रक्षेपण

**वेनचांग,** 3 मई (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने कहा कि स्थानीय समयानुसार आज शाम पांच बजे से छह बजे के बीच यान का प्रक्षेपण शाम 17:27 बजे लक्षित है। चांग 'ई-6 मिशन को चंद्रमा के रहस्यमय सुदूर हिस्से से नमूने एकत्र करने और फिर पृथ्वी पर वापस लाने का काम सौंपा गया है। मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में अपनी तरह का यह पहला प्रयास है।

सीएनएसए ने कहा कि लॉन्ग मार्च-5 वाई8 रॉकेट, चांग ई-6 को ले जाएगा। चांग ई-6 अंतरिक्ष यान में एक ऑर्बिटर, एक लैंडर, एक आरोही और एक रिटर्नर शामिल है। यान अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विकसित चार पेलोड ले जाएगा। फ्रांस, इटली और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरण चांगई-6 लैंडर पर हैं, जबकि पाकिस्तान का एक छोटा उपग्रह ऑर्बिटर पर है। सीएनएसए द्वारा 12 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लगभग 50 मेहमानों को चांग ई-6 द्वारा ले जाए गए अंतरराष्ट्रीय पेलोड पर केंद्रित एक कार्यशाला में भाग लेने व हैनान में लॉन्च का गवाह बनने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# प्रादेशिकी

## लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बने प्रत्येक मतदाता : कश्यप

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार फिर देश में भाजपा सरकार बनने जा रही है। श्री कश्यप ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश का बच्चा-बच्चा एक ही बात कह रहा है कि अब की बार 400 पार, क्योंकि आज दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी हमारे पास है। जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में ऐसे काम किए हैं जिसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते थे। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपने कार्यकाल में राम मंदिर का शिलान्यास किया और 500 सालों के बाद रामचंद्रजी अपने मंदिर में विराजमान हुए। हम सभी के लिए इससे बड़े गर्व की बात क्या हो सकती है। श्री कश्यप ने कहा कि देश में प्रधानमत्री मोदी ने जो बदलाव लाये है, उसमें तीन तलाक को समाप्त करना, हमारी मुस्लिम बहनों के लिए जो अभिशाप था, उसको समाप्त कर दिया गया।

## जब बच्चे दान दे रहे थे, तब भाजपा के मंत्री भ्रष्टाचार में लगे थे : कांग्रेस

■ भ्रष्टाचार के कारण गया था बिंदल का मंत्री पद : कांग्रेस

**शिमला,** 3 मई (देशबन्धु)। मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल और संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण ही उन्हें जयराम ठाकुर मंत्रिमंडल से बाहर निकाला गया था। कारोना महामारी के दौरान जब हर कोई जीवन बचाने की जंग लड़ रहा था, तब भाजपा सरकार के मंत्री लूट-खसूट में लगे हुए थे। सैनिटाइज़र, पीपीई किट और दवाइयों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार हुआ और डॉ राजीव बिंदल की स्वास्थ्य मंत्री के पद से छुट्टी कर दी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद डॉ राजीव बिन्दल मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए बयानवीर बने हुए हैं। राजनीति में बने रहने के लिए डॉ. बिन्दल कांग्रेस को कोसने के मामले में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। बुटेल और अवस्थी ने कहा कि डॉ बिन्दल जनता को बतायें कि उन्हें पिछली भाजपा सरकार में मंत्री पद से क्यों हटाया गया और क्यों उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर सरकार जितना काम पांच वर्ष के कार्यकाल में नहीं कर सकी उससे अधिक काम मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने सवा साल के छोटे से कार्यकाल में कर दिखाया है। मुख्य संसदीय सचिवों ने कहा कि जय राम ठाकुर सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में 16000 लोगों को सरकारी नौकरियां दी जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अपने सवा साल के कार्यकाल में 22000 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने एनपीएस कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन व्यवस्था बहाल की है ताकि वे अपना बुढ़ापा सम्मानजनक तरीके से जी सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार कर्मचारियों के हितों को सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने दस गांरटियों में से पांच प्रमुख गांरटियों को अपने सवा साल के कार्यकाल में ही पूर्ण कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने इस वित्त वर्ष से दिहाड़ीदारों की दिहाड़ी में 25 रूपये की बढ़ौतरी कर 400 रूपये प्रतिदिन कर दी हैं



जयराम ठाकुर सरकार जितना काम पांच वर्ष के कार्यकाल में नहीं कर सकी उससे अधिक काम मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने सवा साल के छोटे से कार्यकाल में कर दिखाया है : आशीष बुटेल व संजय अवस्थी, मुख्य संसदीय सचिव

### ओपीएस पर भाजपा का स्टैंड स्पष्ट करें जयराम : चन्द्रशेखर

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चन्द्रशेखर ने कहा कि भाजपा पुरानी पैंशन के मामले पर कर्मचारी वर्ग को अपना स्टैंड स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि आज जय राम ठाकुर कर्मचारियों के हिमायती बनकर ओपीएस का समर्थन कर रहे हैं जबकि सत्ता में रहते हुए जय राम ठाकुर ने पुरानी पैंशन मांगने पर कर्मचारियों पर लाठी बरसाई, पानी की बौछारें छोड़ी और उन्हें अपमानित किया गया। जय राम ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते किसी भी कर्मचारी संगठन को वार्ता के लिए नहीं बुलाया, बल्कि उल्टे उन्हें पैंशन पाने के लिए चुनाव लड़ने की चुनौती दी जो उनके अंहकार को दिखाता है।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सहायिका, मिड डे मील वर्कर्ज, वाटर कैरियर, जल रक्षक, पैरा फिटर, पम्प-ऑपरेटर, पंचायत चौकीदार, राजस्व चौकीदार, सिलाई अध्यापिकाओं, एसएमएस अध्यापकों तथा आई टी अध्यापकों के मानदेय में समुचित वृद्धि की गई है।

## हार सामने देखकर चुनाव लड़ने से पीछे हटे जयराम : मुख्यमंत्री

■ कंगना को फेल करने में नेता प्रतिपक्ष का रहेगा पूरा रहयोग

■ एक महीने की शूटिंग के लिए हिमाचल आई हैं भाजपा उम्मीदवार

**बंजार,** (कुल्लू), 3 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खू ने शुक्रवार को बंजार में कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह के लिए वोट मांगते हुए भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हार सामने देखकर लोकसभा चुनाव लड़ने से पीछे हट गए। उन्हें मालूम था कि पांच साल मुख्यमंत्री रहते मंडी संसदीय क्षेत्र में काम नहीं किया है, वह सिर्फ सराज तक ही सीमित रहे। ठाकुर सुखविंदर सिंह ने कहा कि हाईकमान के बोलने पर पहले जयराम ने चुनाव लड़ने की हामी भर दी थी, लेकिन जैसे ही उन्होंने पता चला कांग्रेस युवा व स्मार्ट चेहरे विक्रमादित्य सिंह को चुनाव मैदान में उतारने वाली है, वह पीछे हट गए। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को कहा कि मंडी से कोई सेलिब्रिटी ही जीत सकती है, इसलिए कंगना रनौत को टिकट दिला दी। कंगना को फेल करने में जयराम ठाकुर का पूरा सहयोग रहेगा। कंगना रनौत एक महीने की शूटिंग के लिए हिमाचल प्रदेश आई हैं। नेता प्रतिपक्ष जितनी मर्जी लोकेशन सेट कर लें, जितनी लोकेशन बदल लें, फ़िल्म फ्लॉप होना तय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां टॉप का हीरो (विक्रमादित्य सिंह) है। टॉप का हीरो वह होता है जो दिन-रात जनता की सेवा में लगा रहता है। विक्रमादित्य सिंह ने आपदा में मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता का भरपूर साथ दिया है। वह लोगों के दुख में साथ खड़े हुए। जेसीबी में बैठकर सड़कों को खुलवाया व वैली ब्रिज बनवाए। विक्रमादित्य ने बंजार में अनेक कार्य किये हैं, सांसद बनकर वह यहां विकास की गंगा बहाएंगे। लोकसभा चुनाव के बाद वह विक्रमादित्य सिंह के साथ फिर बंजार आएंगे और लोगों की मांगों को पूरा किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे खोल रखे थे। नौकरियां बेची जाती थीं और जयराम ठाकुर पूरे 5 साल मूकदर्शक बने रहे। भाजपा हिमाचल व महिला विरोधी है। पहले आपदा में साथ नहीं दिया, फिर महिलाओं के 1500 रुपये रुकवाने के लिए चुनाव आयोग पहुंच गए। भाजपा सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करती है। कांग्रेस काम करने में विश्वास रखती है।

**सार संक्षेप**

### कांग्रेस प्रत्याशी रायजादा पहुंचे बगलामुखी मंदिर

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी और पूर्व विधायक रहे सतपाल रायजादा ने अपने लोकसभा चुनाव प्रचार का श्री गणेश शुक्रवार को कर दिया है। माता बगलामुखी के चरणों में शीश नवाकर प्रचार करने के उद्देश्य से वह अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ ऊना जिला मुख्यालय से रवाना हुए। इस मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी और जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। हालांकि चुनाव प्रचार का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को किया गया, लेकिन इससे पूर्व मुख्यमंत्री के ऐलान के बाद से ही श्री सतपाल रायजादा समूचे संसदीय क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकें करते रहे हैं। वहीं इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री रायजादा ने कहा कि हिमाचल देवी-देवताओं की भूमि है और हर कार्य से पहले भगवान के दर्शनों की रीति को ही आगे बढ़ाते हुए उन्होंने अपने प्रचार का शुभारंभ माता बगुलामुखी में शीश नवाकर करने का निर्णय लिया है।

### रुद्रप्रयाग में वनाग्नि में जला 39 हेक्टेयर जंगल

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के जंगलों में लगातार आग धधक रही है। आग लगने के कारण आसमान में धुंध छाई हुई है। जंगलों में लगी आग विकराल रूप लेती जा रही है। अभी तक रुद्रप्रयाग जनपद में 52 वनाग्नि की घटनाएं सामने आ चुकी हैं और करीब 39 हेक्टेयर वन भूमि जलकर राख हो गई हैं। वन विभाग की ओर से आग पर काबू पाने के प्रयास तो किये जा रहे हैं, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा रहा है। रुद्रप्रयाग के जंगल लगातार आग की चपेट में आते जा रहे हैं। वनों में लगी आग के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार वनाग्नि की घटनाएं बढ़ रही हैं। वन विभाग भी आग पर काबू पाने में विफल हो रहा है। आग लगने से प्राकृतिक वन संपदा जलकर राख हो रही है। रुद्रप्रयाग जनपद के भीतर 39 हेक्टेयर वन भूमि जलकर स्वाहा हो गई है। पूरे जनपद में वनाग्नि की अलग-अलग स्थानों पर 52 घटनाएं हुई हैं।

### शिमला में हीटर पर मृत पड़ा मिला व्यक्ति, जांच में जुटी पुलिस

**शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला में किराए के कमरे में रह रहा एक व्यक्ति हीटर पर मृत पड़ा मिला। हादसा छोटा शिमला थाना अंतर्गत उपनगर कसुम्पटी में पेश आया। व्यक्ति की पहचान कृष्ण चंद (53) के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कृष्ण चंद अविवाहित था और कसुम्पटी में किराए के कमरे में अकेला रहता था। उसका शव कमरे में आंशिक रूप से झुलसा हुआ बरामद हुआ।

### सुडोकू 6544 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |

## उत्तराखण्ड में रजिस्टर्ड आयुर्वेदिक कम्पनियों की गुणवत्ता जांचेगा आयुष विभाग

**देहरादून,** 3 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड में बाबा रामदेव पर लगी लगाम के बाद अब प्रदेश के अन्य आयुर्वेदिक ब्रांड और कंपनियों पर भी आयुष विभाग की नजर है। शासन ने प्रदेशभर में रजिस्टर्ड सभी उत्पादों की जांच के साथ ही गुणवत्ता निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट में बाबा रामदेव के हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद उत्तराखंड आयुष विभाग ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की पतंजलि कंपनी के 14 आयुर्वेदिक उत्पादों पर कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। अब आयुष विभाग की नजर प्रदेश में मौजूद अन्य आयुष उत्पादों पर भी है। उत्तराखंड में पतंजलि के साथ-साथ तकरीबन 553 कंपनियां आयुष विभाग में रजिस्टर्ड हैं। जिनके हजारों उत्पादन इस वक्त मार्केट में आम लोगों द्वारा खरीदे और बेचे जा रहे हैं। यह सभी कंपनियां अपने प्रोडक्ट को मार्केट में उतरने से पहले प्रदेश के आयुष विभाग से आयुर्वेदिक दवाई और कॉस्मेटिक उत्पाद के लिए सभी मानकों को पूरा करने के बाद लाइसेंस प्राप्त करती हैं। और उसके बाद ही उसको मार्केट में लाया जाता है। उत्तराखंड में पतंजलि के 14 प्रोडक्ट के लाइसेंस उत्तराखंड आयुष विभाग ने निलंबित किए हैं। जिसके बाद आयुष सचिव पंकज पांडे ने प्रदेश में संचालित अन्य आयुषब्रांड को लेकर भी सख्ती से जांच करने के निर्देश दिए हैं।

## उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी का निधन

■ धामी के लिए छोड़ी थी चंपावत सीट

**देहरादून,** 3 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को चंपावत से पूर्व विधायक और सरकार में वन विकास निगम के अध्यक्ष भाजपा नेता कैलाश गहतोड़ी का लंबी बीमारी के बाद मैक्स अस्पताल में निधन हो गया है। गहतोड़ी के निधन से जहां पूरे भाजपा परिवार में शोक की लहर है, तो वहीं मुख्यमंत्री ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। चंपावत विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री धामी के लिए अपनी विधायकी छोड़ने वाले भाजपा नेता कैलाश गहतोड़ी का शुक्रवार सुबह देहरादून के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया है। आपको बता दें कि भाजपा नेता कैलाश गहतोड़ी 2022 विधानसभा चुनाव में चंपावत से बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीत कर आए थे। पार्टी द्वारा खटीमा से चुनाव हारने के बाद भी पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री चुने जाने पर चंपावत से कैलाश गहतोड़ी ने उनके लिए सीट छोड़ी थी।

मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत से उपचुनाव लड़ा था। कैलाश गहतोड़ी को उनके सीट छोड़ने का इनाम भी सरकार की तरफ से मिला था। उन्हें वन विकास निगम के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप गई थी। कैलाश गहतोड़ी बेहद मृदुल



भाषी और सुलझे हुए नेता थे। वह पार्टी में बहुत अच्छी छवि रखने वाले नेता थे।

### भाजपा अध्यक्ष, मंत्रियों, सांसदों व विधायकों ने जताया दुःख

**देहरादून।** इसके साथ ही बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी अजय भट्ट, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी अजय टम्टा के साथ ही कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने भी कैलाश गहतोड़ी के निधन पर शोक जताया है। सभी ने गहतोड़ी के परिवार को ये दुख सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### सीएम धामी ने जताया शोक

**देहरादून।** कैलाश गहतोड़ी के निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा है कि वन विकास निगम के अध्यक्ष, पूर्व विधायक, प्रिय मित्र और बड़े भाई कैलाश गहतोड़ी जी के निधन का पीड़ादायक समाचार सुन स्तब्ध हूं। कैलाश जी का जाना संगठन, प्रदेश के साथ-साथ मेरे लिए भी व्यक्तिगत क्षति है। इस असीम कष्ट को शब्दों में बयान नहीं कर पा रहा हूं। आपने अपना पूरा जीवन जनसेवा में खपा दिया। आप एक आदर्श जनप्रतिनिधि के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। एक विधायक के रूप में चम्पावत क्षेत्र के विकास के प्रति आपका समर्पण हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। राजनीति और जनसेवा के क्षेत्र में आपसे मिला सानिध्य इतना आत्मीय और हृदय के निकट था कि आज विश्वास करना अत्यंत कठिन है कि आप हमारे बीच नहीं हैं। एक अच्छे मित्र और बड़े भाई के रूप में आप सदैव याद आएंगे। चम्पावत के विकास को लेकर जो आपके संकल्प थे, उन्हें पूर्ण करने की दिशा में हम समर्पित होकर कार्य करेंगे।

## मंदाकिनी नदी किनारे बने आस्था पथ से होकर केदारनाथ धाम पहुंचेंगे श्रद्धालु

**रूद्रप्रयाग,** 3 मई (देशबन्धु)। समुद्रतल से 11750 फीट की ऊंचाई पर स्थित भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है। इस बार मंदिर मार्ग पर भक्तों की लंबी लाइन नजर नहीं आएगी। यहां मंदिर मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदाई की गई है, जिस कारण यहां उबड़-खाबड़ हो रखा है। ऐसे में बाबा केदार के भक्त मंदाकिनी नदी किनारे बने आस्था पथ से होकर मंदिर तक पहुंचेंगे। केदारनाथ धाम में दूसरे चरण के पुनर्निर्माण कार्य जोरों पर चल रहे हैं। धाम में संगम पर 54 मीटर लंबा पुल, अस्पताल भवन, यात्रा कंट्रोल रूम, संगम धाट, शिव उद्यान, विश्राम गृह और मंदिर परिसर पर सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदाई का काम चल रहा है। इन दिनों यहां इन कार्यों को पूरा करने के लिए लोनिवि सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के 700 से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। गोल चबूतरा से मंदिर परिसर की सीढियों तक बीचोंबीच की गई खोध्दाई के कारण यहां पूरा रास्ता बदहाल हो गया है, जिस पर आवाजाही संभव नहीं है। ऐसे में 10 मई से शुरू हो रही बाबा केदार की यात्रा में यह मंदिर मार्ग भक्तों से वीरान रहेगा।



## शिमला में मां कालीबाड़ी का आशीर्वाद लेकर कांगड़ा रवाना हुए आनंद शर्मा

■ देश की 100 करोड़ जनता देगी भाजपा को जवाब

■ लोकसभा चुनाव देश की दशा और दिशा करेगा तय

**शिमला,** 3 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कांगड़ा- चंबा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा मां कालीबाड़ी का आशीर्वाद लेकर चुनावी रण के लिए कांगड़ा रवाना हो गए हैं। शुक्रवार सुबह शिमला के प्रसिद्ध मां कालीबाड़ी मंदिर में आनंद शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ मां की पूजा अर्चना करने के बाद केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 10 सालों की तरह एक बार फिर भाजपा भ्रमित करने मे प्रयास कर रही है। पीएम मोदी न तो आज देश के विकास और लोगों से किए गए वायदों की बात करते हैं और न ही दस साल का हिसाब जनता को दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी न तो आज जम्मू - कश्मीर से धारा 370 हटाने पर बोल रहे हैं और न ही देश के युवाओं से किए गए हर साल 2 करोड़ रोजगार की, इसके अलावा सेना भर्ती के नाम लाई गई अग्निवीर योजना और कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम पर बात नहीं करते। आज देश की सही स्थिति के बारे में बात नहीं की जाती बल्कि काल्पनिक बातों से जनता को गुमराह करने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को देश के मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहिए न कि मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम करना चाहिए। आनंद शर्मा ने कहा कि इस साल का लोकसभा चुनाव देश और हिमाचल के लिए विशेष महत्व रखता है। जहां करीब 100 करोड़ मतदाता देश मे नई सरकार चुनेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कांग्रेस ने मुझे कांगड़ा- चंबा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस हाईकमान ने जनता के बीच जाकर मेरा नाम तय किया है इसके लिए मैं कांग्रेस हाई कमान का आभारी हूं।



इस साल का लोकसभा चुनाव देश और हिमाचल के लिए विशेष महत्व रखता है। जहां करीब 100 करोड़ मतदाता देश मे नई सरकार चुनेंगे : आनंद शर्मा

## माता पिता को उचित टीकाकरण कार्यक्रम का पालन करके अपने बच्चों की सुरक्षा करनी चाहिए

**देहरादून,** 3 मई (देशबन्धु)। इस बार विश्व टीकाकरण सप्ताह के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। यह मील का पत्थर वैश्विक टीकाकरण के प्रयासों की विरासत और पिछले पांच दशक में टीकाकरण के माध्यम से बचाए गए अनगिनत जीवन और संरक्षित समुदायों की याद दिलाता है। भारत में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम से 90प्रतिशत से अधिक बच्चों तक टीकाकरण का विस्तार करने में सफलता मिली है। हालांकि उम्र के पहले वर्ष में कवरेज अधिक है लेकिन पहले जन्मदिन के बाद से ड्रॉप-आउट दरें बढ़ जाती हैं। इसका नतीजा यह है कि देश में बड़ी संख्या में बच्चों का आंशिक टीकाकरण ही हो पाता है।



टीकाकरण के महत्व पर बोलते हुए, मेहर अस्पताल वैश नर्सिंग होम, देहरादून के बाल रोग विशेषज्ञ और आईसीयू विशेषज्ञ (इंटेंसिविस्ट), एमबीबीएस, एमडी, डॉ. हंस वैश का कहना है बच्चे बीमारियों की चपेट में जल्दी आते हैं, इसलिए उनको स्वस्थ्य रखने के लिए समय पर टीकाकरण करवाना बहुत जरूरी है। सही समय पर टीकाकरण करवाकर माता-पिता न सिर्फ अपने बच्चों को बीमारियों से बचाते हैं बल्कि उनका दीर्घकालिक स्वास्थ्य भी सुनिश्चित करते हैं। माता-पिता को टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में अपने डॉक्टरों से सलाह लेनी चाहिए। 1-2 वर्ष की आयु के बच्चों को कई बीमारियों से बचाने में टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीकाकरण से वर्ष 2000 से 2019 के बीच निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में बचपन में हो जाने वाली 3.7 करोड़ असमय मौतों को रोकने में सफलता मिली। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स इस आयु वर्ग के बच्चों के लिए सात टीकाकरणों' की सिफारिश करता है। इनमें वैरिसेला एवं हेपेटाइटिस ए की पहली व दूसरी खुराक, मेनिनजाइटिसरु एवं एमएमआर की दूसरी खुराक, पीसीवी एवं डीटीपी हिब आईपीवी की बूस्टर खुराक और फ्लू की वार्षिक खुराक शामिल हैं।

## भीषण वनाग्नि से जलकर 2 श्रमिकों की मौत, दो महिलाएं गंभीर



■ अल्मोड़ा की सोमेश्वर विधानसभा सीट के स्यूनरोट के जंगल में हुआ भीषण हादसा

■ तेज हवाओं के कारण जंगल की आग ने धारण किया विकराल रूप लिया

■ अमरनाथ तिवारी

**अल्मोड़ा,** 3 मई (देशबन्धु)। जिले की सोमेश्वर विधानसभा सीट के स्यूनराकोट के जंगल में भीषण आग लगी हुई है। तेज हवाओं के कारण जंगल की आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वनाग्नि गांव की सीमा की ओर बढ़ने लगी। इस बीच जंगल में लीसा निकालने का काम कर रहे चार लीसा श्रमिक आग की लपटों के बीच में फंस गए।

आग बुझाने का प्रयास करते करते हुए एक श्रमिक आग की भीषण लपटों की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तीन लीसा श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इन श्रमिकों को उपचार के लिए अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के बेस परिसर में भर्ती कराया गया है। अल्मोड़ा के अस्पताल में इलाज के दौरान एक और श्रमिक ने दम तोड़ दिया। लीसा श्रमिकों के वनाग्नि की चपेट में आने से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

प्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन पंत के पैतृक गांव स्यूनराकोट के जंगल में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। वनाग्नि की इस घटना के दौरान जंगल में लीसा निकालने का काम कर रहे चार नेपाली श्रमिक आग की लपटों के बीच में फंस गए। चारों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन भीषण लपटों के बीच वह आग से अपने आप को बचाने में नाकामयाब साबित हुए। वनाग्नि की इस घटना में दीपक बहादुर नाम के नेपाली श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई है। तीन अन्य श्रमिक ज्ञानेश, तारा और पूजा गंभीर रूप से झुलस गए। आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से घायलों को जंगल से बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद लीसा ठेकेदार और पूर्व प्रमुख रमेश भाकुनी ने बताया कि हादसे की सूचना प्रशासन समेत इमरजेंसी सेवा 108 एंबुलेंस को दी गई। लेकिन सूचना के चार घंटे बाद भी एबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इस कारण घायलों को स्थानीय वाहनों से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बेस अस्पताल के सीएमएस डॉ अशोक ने बताया कि अस्पताल में आग से झुलसे हुए तीन लोगों को लाया गया है। ये लोग करीब 90 प्रतिशत से अधिक जल चुके हैं। इनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

### बागेश्वर में मंदिर में लगी आग

**बागेश्वर।** बागेश्वर शामा तहसील के लाथी गांव में वनाग्नि से क्षेत्र का सबसे पुराना बंजैंण मंदिर जलकर राख हो गया है। इस घटना में मंदिर में रखे सारे बर्तन जलकर राख हो गए हैं। इसके अलावा करीब सात तोला सोना भी आग की भेंट चढ़ गया। ग्रामीणों बताया कि इस अग्निकांड में दस लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इसकी भरपाई की मांग की है।

### अचानक हुए हादसे से वन विभाग में मचा हडकंप

**अल्मोड़ा।** अस्पताल में पहुंची पुलिस के एसआई कृष्ण कुमार बताया कि बेस अस्पताल से इस घटना की सूचना दी गई थी कि तीन लोग यहां जली हुई स्थिति में लाए गए हैं। जानकारी मिली है कि जंगल की आग की चपेट में चार लोग आए थे जिनमें से एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। तीन श्रमिकों का बेस अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। इधर अचानक हुए इस हादसे के बाद वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

### गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**श्रीनगर।** गुरुवार देर रात नेशनल हाईवे 58 पर संयुक्त अस्पताल के नीचे फलों के गोदाम में शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट के कारण गोदाम में आग लग गयी। इस अग्निकांड में गोदाम में रखे लाखों रुपए के फल जल कर राख हो गए। आग लगने की सूचना पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस और आसपास के लोगों को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड अगर थोड़ा देर से पहुंचती तो आग आस पास के घरों को भी जला कर राख कर देती। आगजनी की ये घटना घनी बस्ती में घटित हुई थी। गोदाम स्वामी रफीक द्वारा बताया कि उक्त जगह पर उनका फलों का गोदाम था। रात को वे गोदाम बंद करके अपने घर चले गए थे। उन्हें पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने आग लगने की सूचना दी थी। जैसे ही वो गोदाम में पहुंचे तो वहां आग की लपटें फैली हुई थीं। फायर ब्रिगेड के जरिये आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं पड़ोस में रहने वाले अंकित द्वारा बताया गया कि वे अपने कमरे से बाहर निकल रहे थे, तभी उन्होंने पड़ोस में फलों के गोदाम में आग और धुआं निकलता हुआ देखा। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस और गोदाम स्वामी को दी। श्रीनगर में फायर स्टेशन के इंचार्ज पवन कुमार ने बताया कि देर रात आग लगने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर टीम मौके पर पहुंची।

# प्रादेशिकी

## प्रचंड गर्मी में पशु पक्षियों की मदद को आगे आएं : डॉ.चौहान

**इटावा।** नामचीन पर्यावरणीय और सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर संस्था के महासचिव डॉ. राजीव चौहान ने गर्मी के तल्ख तेवरों से परेशान पशु पक्षियों की मदद की अपील लोगों से की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में तालाब, नहरे, झीले और बंबा आदि के बड़े पैमाने पर सूखने से हर और त्राहि त्राहि मची हुई है,पशु पक्षी खासी तादात में परेशान बने हुए है। इसलिए आम जन पशु पक्षियों के पानी के इंतजाम में जुट जाएं। डॉ. चौहान ने कहा कि मौसम की तीव्रता और जलवायु की चरम सीमा हमारे रोजमर्रा के जीवन में जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक दिखाई देने वाला प्रभाव है। यह हमारी दुनिया के परिदृश्य में भी खतरनाक बदलाव ला रहा है, तापमान वृद्धि को भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर अलग-अलग परिभाषित किया जाता है।

### अखिलेश ने साधा योगी पर निशाना

## बुलडोजर दिखा कर डराना चाहते हैं

**मैनपुरी,** 3 मई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ पर जमकर हमला बोला। मैनपुरी में सीएम योगी के रोड शो में दिखे बुलडोजर पर भी उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

सपा प्रमुख ने कहा कि कुछ लोग बुलडोजर का सहारा लेकर लोगों को डराने की कोशिश कर रहे हैं। इस बुलडोजर ने ना जाने कितने ही लोगों को तबाह किया है। इस बुलडोजर ने कई अमीरों और गरीबों के घरों को तबाह किया। इसी बुलडोजर की वजह से मजबूर होकर मां-बेटी ने खुद को आग में झोंक लिया। उन्होंने कहा कि इस सरकार को बेरोजगारी मेला आयोजित करना चाहिए था और यह बताना चाहिए कि इनके शासनकाल में कितने लोग बेरोजगारी से त्रस्त हैं और इसके अलावा इन्हें यह भी बताना चाहिए कि इन्होंने अपने शासनकाल में कितने लोगों को रोजगार दिया है, ताकि इन्हें पता चल सके कि ये कितने पानी में हैं। इस बीच, अखिलेश यादव ने राहुल गांधी द्वारा रायबरेली से नामांकन दाखिल करने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि राहुल गांधी ने आज रायबरेली से नामांकन किया। वो हमारे गठबंधन के प्रत्याशी हैं और हमारी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता और नेता उन्हें जिताने में अपनी पूरी ताकत झोंक देगा। कांग्रेस ने रायबरेली से राहुल गांधी को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने नामांकन दाखिल कर दिया है। राहुल द्वारा रायबरेली से चुनाव लड़ने पर बीजेपी ने जहां तंज कसा, वहीं इंडिया गठबंधन के नेताओं ने उनका उत्साह बढ़ाया। सीएम योगी द्वारा इंडिया गठबंधन के जीतने पर पाकिस्तान में जश्न मनाए जाने के बयान पर भी अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वो 400 पार का नारा भूल गए हैं, इसलिए वो इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला।



मुझे इस बात की खुशी है कि राहुल गांधी ने आज रायबरेली से नामांकन किया। वो हमारे गठबंधन के प्रत्याशी हैं और हमारी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता और नेता उन्हें जिताने में अपनी पूरी ताकत झोंक देगा : अखिलेश यादव

## सहारनपुर में गेहूं की पैदावार बढ़ने से किसानों के खिले चेहरे

**सहारनपुर,** 3 मई (एजेंसियां)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर मंडल में गेहूं की बंपर पैदावार से किसानो के चेहरे खिल गए हैं। सहारनपुर का किसान चावल, गेहूं और गन्ने की खेती करता है। पिछले कुछ सालों के दौरान किसानों का रूझान पापुलर की खेती की ओर बढ़ा है। इस बार नगदी फसल माने जाने वाली गन्ने की फसल पिट जाने से किसानों को जो मायूसी हाथ लगी थी वह गेहूं की उत्पादकता बढ़ने और अच्छी फसल होने से पूरी तरह से दूर हो गई है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जिले में वर्ष 2023-24 में 111886 हेक्टेयर में गेहूं की बुआई हुई थी और अबकी पिछले वर्ष की तुलना में गेहूं की उत्पादकता में करीब 1.83 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की वृद्धि सामने आई है। सहारनपुर के उप निदेशक कृषि डा. राकेश कुमार ने बताया कि तीन कारणों से गेहूं की उत्पादकता बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सबसे प्रमुख कारण किसानों ने उन्नत प्रजाति डीबीडब्लयू-187, 303 और 222 की बुआई की थी। पहले किसान एचडी-2967 प्रजाति की बुआई करते थे।

## 1300 करोड़ के पार पहुंची यूपीसीडा की आमदनी




**लखनऊ,** 3 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश बनाने की सीएम योगी की मंशा को साकार करने में जुटे उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 1359 करोड़ रुपए का ऑपरेटिंग राजस्व प्राप्त किया है। यह वित्तीय वर्ष 2018-19 की तुलना में दोगुना है। प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिए किए गए विभिन्न तरह के प्रयासों से जहां एक तरफ प्राधिकरण की आय बढ़ी है तो वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक खर्चों में भी वित्तीय वर्ष 2018-19 की तुलना में 9 प्रतिशत की कटौती दर्ज की गई है। इसके साथ ही, यूपीसीडा ने निवेशकों की सुविधा के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रचर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है जिससे यूपीसीडा के अवस्थापना विकास व्यय में चौगुना वृद्धि हुई है। यह वित्तीय वर्ष 2017-18 में 104 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 415 करोड़ हो गया है। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मयूर माहेश्वरी ने कहा कि प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को विस्तारित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। यूपीसीडा भूखंड आवंटन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। जिसके परिणामस्वरूप भूमि आवंटन में वृद्धि देखी गई और केवल 2023-24 में ही 693 प्लॉटों का आवंटन किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल से जहां एक तरफ निवेशक लाभान्वित हुए हैं, वही दूसरी तरफ प्राधिकरण की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हुई है। यूपीसीडा ने भूमि बैंक का विस्तार करने के लिए लैंड ऑडिट और विभिन्न नीतिगत सुधारों जैसे परचेजेबल एफएआर, मर्जर और पार्टीशन का सिंपलीफिकेशन आदि के माध्यम से अनयूज्ड लैंड का बेहतर तरीके से उद्योग हित में उपयोग किया है और जमीन की वैल्यू अनलॉकिंग की है। इसके अतिरिक्त ई ऑक्शन एवं निवेश मित्र पर पारदर्शी तरीकों से लैंड अलॉटमेंट करके यूपीसीडा ने निवेशकों का विश्वास जीतने में सफलता प्राप्त की है। इसके परिणामस्वरूप पिछले तीन वर्षों में निवेशकों को रिकॉर्ड संख्या में 1600 से अधिक प्लॉटों का आवंटन हुआ है एवं उत्तर प्रदेश को देश के औद्योगिक विकास का इंजन बनाने में मदद मिली है।

- 2018-19 की तुलना में 2023-24 में प्राप्त किया दोगुना ऑपरेटिंग रेवेन्यू

### सार संक्षेप

## क्रय केन्द्रों पर पसरा सन्नाटा, खाली पड़े

**मवाना।** भीषण गर्मी में गेहूं खरीद के मामले में मवाना तहसील क्षेत्र के तमाम सरकारी क्रय केंद्र हांफ रहे हैं। खुले बाजार में गेहूं बिक्री पर किसानों को ज्यादा भाव मिल रहा है। खेत-खलिहानों से ही अनाज व्यापारी व निजी एजेंसियां गेहूं खरीद रही हैं और प्रति क्विंटल पर 2300 रुपये से लेकर 2400 रुपये तक भुगतान कर रही हैं, जबकि सरकारी भाव 2275 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। मवाना कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में खुले सरकारी गेहूं खरीद के तीनों केन्द्रों पर तैनात कर्मचारी अधिकांश समय खाली बैठकर बीता रहे हैं। मवाना क्षेत्र में हस्तिनापुर रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में खाद्य विभाग, भारतीय खादय निगम और मवाना सहकारी क्रय-विक्रय समिति मवाना के तीन गेहूं खरीद केन्द्र संचालित है। हालांकि सभी गेहूं खरीद केन्द्र एक मार्च से खोल दिए गए थे लेकिन मार्च के पूरे माह और 17 अप्रैल तक सभी केन्द्रों पर गेहूं की खरीद नहीं हो सकी।

## दहेज की खातिर विवाहिता को छत से फेंका

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के बल्देव थाना क्षेत्र में दहेज की खातिर एक गर्भवती महिला को छत से फेंकने का मामला सामने आया है। गंभीर रुप से घायल महिला का इलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर महिला के परिजनो ने जिलाधिकारी से भेंटकर न्याय की मांग की। जिलाधिकारी ने महिला के परिवारीजनो को भरोसा दिलाया कि घायल विवाहिता का अच्छा इलाज कराया जाएगा और पुलिस रिपोर्ट कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विवाहिता प्रियंका के पिता टेढ़ी बगिया ट्रांसपोर्ट नगर आगरा निवासी महावीर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपनी बेटी की शादी 16 फरवरी 2023 को बल्देव थाने के मंगलासराय में सत्यवीर के बेटे हर्ष से की थी। उनका दावा है कि शादी में उन्होंने लगभग 50 लाख रुपये खर्च किये थे जिसमें आठ लाख नगद ,एक बोलेरो और एक मोटरसाइकिल दी थी। आरोप है उसके बाद तीन लाख रूपए अतिरिक्त दहेज के रूप में मांगे जाने लगे तथा उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता रहा।

## जौनपुर में सगे भाइयों की हत्या के मामले में पांच गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बरसठी क्षेत्र में गुरुवार को दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में जान गंवाने वाले दो भाइयों की हत्या के मामले में पुलिस ने 11 नामजद लोगों में से शुक्रवार को दो महिलाओं समेत पांच को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के पलटूपुर गांव में दशरथ उर्फ मुन्ना यादव एवं शेषनाथ यादव के बीच पट्टे की जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था, कल गुरुवार की सुबह दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव अपने पट्टे की जमीन पर मड़हा रख रहे थे, तो शेषनाथ यादव व दीनानाथ यादव अपनी जमीन बता कर रोकना शुरू किया देखते ही देखते लाठी डंडे एवं लोहे की रॉड से जमकर मारपीट हो गई, मारपीट में दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव (60), उनका भाई सुभाष यादव (40), भरत लाल यादव (44) एवं सुनील यादव पुत्र दशरथ यादव (23), अमित यादव पुत्र भरत यादव (13) घायल हो गए।

### मेरठ पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन

## राघव गुप्ता हेड बॉय व नव्या शर्मा हेड गर्ल बनी

- शैक्षिक कार्यों में समर्पण करने वाली शिक्षिकाएं सम्मानित
- निदेशक ने सम्मान स्वरूप भेंट किया 25 हजार का चैक




**मेरठ,** 3 मई (देशबन्धु)। वेस्ट एण्ड रोड स्थित मेरठ पब्लिक स्कूल के मेन विंग में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने एवं युवा विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से ध्रुव कांत ठाकुर (अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस मेरठ मंडल) मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम सभी गणमान्य अतिथि गणों के विधिवत स्वागत व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत क्या गया। विद्यालय की अनुशासन समिति के अलंकरण समारोह में विद्यालय के हेड बॉय राघव गुप्ता व हेड गर्ल नव्या शर्मा सहित सभी पद धारक विद्यार्थियों को अपने पद की शपथ दिलवाई गई। सभी नवनिर्वाचित पद धारक विद्यार्थियों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा व ऊर्जा से निभाने का वचन लिया गया। विद्यालय हेड ब्वॉय व जूनियर हेड गर्ल द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक विक्रमजीत सिंह शास्त्री ने उन शिक्षिकाओं को 25000 के चेक द्वारा सम्मानित किया जिन्होने अनवरत 25 वर्षों से शैक्षिक कार्यों में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से अपना योगदान विद्यालय को दिया।

अलंकरण समारोह के अवसर पर उपस्थित अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस ध्रुव कांत ठाकुर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के अनुशासन व कर्मठ प्रयासों की प्रशंसा करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन का मुख्य उद्देश सिर्फ शिक्षा ग्रहण करना ही नहीं वरन व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है जिसके लिए उन्होंने विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक विक्रमजीत सिंह शास्त्री ने विद्यार्थियों को प्रत्येक कुशलता एवं सफलता का प्रथम सोपान विद्यालय जीवन को बताते हुए उन्हें अपने कौशलों का पूर्णतः विकास करने एवं सामाजिक व मानसिक अवस्था को संतुलित करते हुए प्रत्येक परिस्थिति में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन में प्रधानाचार्य अलका श्रीवास्तव गौड़ ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत पालिका करेगी अच्छा प्रदर्शन

**मवाना,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका ने तहसील रोड पर पैठ की समाप्ति के बाद रविवार शाम सफाई कराने का निर्णय लिया है। यह निर्णय नगर के नागरिकों के वॉकिंग के दौरान होने वाली परेशानी के मद्देनजर लिया गया। उधर स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पालिका कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये गये। दूसरी ओर नगर में पॉलिथीन की बढ़ती बिक्री पर चिंता जताई गई। इसकी बिक्री पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाये जाने के लिए योजना तैयार की गई। नगर पालिका परिषद मवाना के चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक और अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद मवाना द्वारा अच्छा प्रर्दशन करने के लिए डिस्ट्रीक प्रोग्राम मैनेजर, पालिका कर्मचारियों व सफाई नायकों की शुक्रवार को एक संयुक्त बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने उक्त कदम उठाये जाने के निर्णय लिये गये। चेयरमैन अखिल कौशिक ने कहा कि नगर पालिका मवाना को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत रैकिंग पाने के लिए सफ़ाई व्यवस्था बेहतर करनी होगी। पालिका शौचालयों की रंगाई-पुताई, आत्मनिर्भर वार्ड का चयन, डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन, कूडे के सेग्रीगेशन, जीवीपी पाईन्ट, नालों में कूड़े को रोकने के लिए जाली, बल्क वेस्ट जनरेटर और स्वच्छ वातावरण समिति के संचालन का निर्णय लिया गया। इसी के तहत चेयरमैन ने सफाई नायकों से कहा कि पैठ समाप्त होने के बाद रविवार देर शाम तहसील रोड की सफाई अवश्य की जाये ताकि वरिष्ठ नागरिक और नगर के अन्य लोगों को तहसील रोड पर वाकिंग के समय परेशानी ना हो। उन्हें कई गणमान्य लोगों ने कहा कि पैठ का कूड़ा रविवार से सोमवार सुबह आठ बजे तक पड़ा सड़ता रहता है, जिससे वाकिंग करने वालों को परेशानी का सामान करना पड़ता है।



नगर पालिका मवाना को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत रैकिंग पाने के लिए सफाई व्यवस्था बेहतर करनी होगी : अखिल कौशिक, चेयरमैन

## सतत विकास लक्ष्य विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**मेरठ,** 3 मई (देशबन्धु)। रचनात्मकता और कानूनी अंतर्दृष्टि के जीवंत प्रदर्शन में, शोभित सम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज ने सतत विकास लक्ष्य विषय पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की। डॉ. सीमा मोदी, डॉ. मो. आमिर और सुश्री अपूर्वा मिश्रा, कार्यक्रम समन्वयक, के उत्साहपूर्ण मार्गदर्शन में प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने ऐसे महत्वपूर्ण सामाजिक-कानूनी संदेशों को व्यक्त करते हुए अपनी कलात्मक बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता ने बड़ी संख्या में शिक्षकों और छात्रों को समान रूप से आकर्षित किया। विचारोत्तेजक सतत विकास लक्ष्यों को चित्रित करके, पोस्टरों ने न्यायाधीशों के सम्मानित पैनल जिसमे इनोबल आई पी के वाइस प्रेसीडेंट सेतु मिश्रा तथा भारत सरकार के पेटेंट एण्ड डिजाइन के सहायक कन्ट्रोलर अरूणेन्द्र सिंह सम्मिलित थे, को प्रभावित किया। प्रतिभागियों ने न केवल अपनी कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि जटिल अवधारणाओं की अपनी समझ का चातुर्य पूर्ण प्रदर्शन किया। गहन विचार-विमर्श के बाद विजेताओं की घोषणा की गई।



## निः शुल्क वृहद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मेरठ,** 3 मई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय सेवाओं को गांव-गांव पहुंचाने के मिशन चलो गांव की ओर के तहत आज विश्व अस्थमा दिवस पर वैंकटेश्वरा समूह के विम्स मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल की ओर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ एवं मुरादाबाद मण्डल के आधा दर्जन गाँवों में एक निःशुल्क वृहद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए जसमें एक हजार से अधिक मरीजों की निःशुल्क मेडिकल जांच एवं उपचार कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। इसके साथ ही गंभीर रूप से दमा रोग, श्वांस रोग, टी.बी. एवं फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे एक दर्जन से अधिक मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार के लिए संस्थान की एम्बुलेंस वैन से विम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डा. सुधीर गिरि ने कहा कि आज आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजनाओं से गरीब आदमी भी लाखों रूपए का उपचार बिल्कुल मुफ्त पा रहा है। वैंकटेश्वरा का विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल रोजाना अपने यहा आने वाले हजारों मरीजों को सस्ती निःशुल्क विश्वस्तरीय चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले आज मेरठ एवं मुरादाबाद मण्डल में अलग-अलग जगह आयोजित स्वास्थ्य शिविरों का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आई. बी. राजू, हॉस्पिटल मार्केटिंग निदेशक एम. ए. चौधरी आदि ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम में डा. ईकराम ईलाही, डॉ. मानिक त्यागी, डॉ. शिवम अग्रवाल, डॉ. रोहन त्यागी, डॉ. रवि मोहन, डॉ. मोनिका देशवाल, डॉ. शाहिद मीर, डॉ. प्राची त्यागी, डॉ. वारिस बिलाल, डॉ. जसकरन सिंह, डॉ. हेमन्त, डा. मोनिका, डा. कोमल, डॉ. जी. मनीषा, डॉ. अनुकृति, नर्सिंग सहायक बिलाल खान, सीमा चौहान, मोहित, ज्योति और अनुज आदि लोग शामिल रहे।



आज आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजनाओं से गरीब आदमी भी लाखों रूपए का उपचार बिल्कुल मुफ्त पा रहा है: डॉ. सुधीर गिरि, समूह चेयरमैन

## मतगणना केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम

**मेरठ ,** 3 मई (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर उनके साथ एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## श्री दिगम्बर जैन प्राचीन बड़ा मन्दिर में वात्सल्य तीर्थ भव्य जैन मंदिर का शिलान्यास

**मवाना/हस्तिनापुर,** 3 मई (देशबन्धु)। जैन तीर्थ नगरी स्थित श्री दिगम्बर जैन प्राचीन बड़ा मन्दिर शुक्रवार को वात्सलय तीर्थ मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआता हमुख्य वेदी में विराजमान शांति, कुन्थु, अरहनाथ भगवान का अभिषेक के साथ हुई। तदोपरांत आचार्य भारत भूशण महाराज ससंघ ध्वजारोहण करने का सौभाग्य योगेष जैन चित्रा अनावरण राजेन्द्र कुमार जैन एवं मंगल द्वीप प्रज्वलन करने का सौभाग्य अतुल जैन को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मध्य आयोजित धर्मसभा में आ0 भारत भूषण महाराज ने बताया कि हस्तिनापुर में अकम्पनाचार्य आदि 700 मुनियों पर उपसर्ग आया उसे महामुनि विश्णु कुमार जी ने इस उपसर्ग को दुर किया। उसी पावन घटना को याद रखते हुए इस पावन भूमि पर श्री दिगम्बर जैन वात्सल्य तीर्थ का नव निर्माण होने जा रहा है। जिसमें 700 महामुनिराजों की एवं मुनि सुब्रतनाथ जी की एवं विष्णु कुमार मुनिराज एवं अकम्पनाचार्य मुनिराज की विषाल जिन प्रतिमाऐं विराजजित होंगी एवं आगामी नव युवको को जैन धर्म का इतिहास से डिजिटल चल चित्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।

मंदिर का मुख्य शिलान्यास विषाल जैन परिवार ने किया। यहां पर समस्त तीर्थ क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी अध्यक्ष जीवेन्द्र कुमार जैन, महामंत्री मुकेष जैन, कोशाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार जैन, मंत्री राजीव जैन, मंत्री राजीव जैन, सुनील जैन, आदिष्वर प्रसाद जैन , जे.सी जैन, प्रमोद जैन, पंकज जैन, उमेष जैन, अतुल जैन, सुषील जैन, अनिल जैन, विनय कुमार जैन, कुणाल जैन, विजय कुमार जैन, क्षेत्र के मुख्य प्रबंधक मुकेष कुमार जैन, अषोक कुमार जैन उपप्रबंधक, उमेष जैन, अतुल जैन, कमल जैन आदि का सहयोग रहा।



## साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया



**मेरठ,** 3 मई (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग में साईबर सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में इंटरनेट पर डिजिटल गोपनीयता की क्षमता विकसित करना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता, उद्योग विशेषज्ञ आशु अग्रवाल, साइबर सुरक्षा विश्लेषक, एचसीएल टेक, नोएडा ने छात्रों को इंटरनेट पर तकनीकी तकनीकें सिखाईं और समझाया कि इंटरनेट पर कैसे सुरक्षित रहें, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग से खुद को कैसे बचाएं। वायरस, और व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया ऐप्स की हैकिंग। छात्रों ने वास्तविक जीवन के उदाहरण सीखे और अपनी डिजिटल सुरक्षा के बारे में अधिक जागरूक हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जयानंद ने छात्रों को साइबर सुरक्षा सीखने और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया क्योंकि इस युग में एक तकनीकी व्यक्ति होना बहुत महत्वपूर्ण है और हमारे विश्वविद्यालय के सभी छात्रों को इसके बारे में पता होना चाहिए।




# केएल शर्मा का गांधी परिवार से है पुराना नाता

**अमेठी,** 3 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस ने अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वह गांधी परिवार के बेहद करीबी माने जाते हैं। इसी कारण उन्हें सोनिया गांधी का प्रतिनिधि भी बनाया गया था। इस परिवार से उनका बहुत पुराना नाता रहा है। किशोरी लाल शर्मा पंजाब के लुधियाना से ताल्लुक रखते हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आए थे। तब से वह यहीं के होकर रह गए। 1991 में राजीव गांधी की मृत्यु के बाद जब गांधी परिवार ने यहां से चुनाव लड़ना बंद किया तो भी शर्मा कांग्रेस पार्टी के सांसद के लिए काम करते रहे। उन्हें संगठन ही नहीं परिवार का भी वफादार माना जाता है। रायबरेली से सोनिया गांधी के सांसद चुने जाने के बाद वह उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते रहे। सोनिया गांधी के चुनाव नहीं लड़ने पर किशोरी को रायबरेली से दावेदार माना जा रहा था, लेकिन पार्टी ने उन्हें रायबरेली के बजाय अमेठी से उम्मीदवार बनाया है।

साल 2004 में सोनिया गांधी रायबरेली से सांसद बनीं तो शर्मा ने सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारी संभाली। सोनिया गांधी की अनुपस्थिति में भी उनके कार्यालय आने वाले हर एक जरूरतमंद की हरसंभव मदद की। इसके बाद के चुनावों में उनके कुशल प्रबंधन का ही नतीजा रहा कि सोनिया को शानदार जीत मिली। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए युवा कांग्रेस के लोगों को लगाया था। तब अमेठी में किशोरी लाल को कोआर्डिनेटर बनाया गया था। उनका रायबरेली और अमेठी से 40 से ज्यादा का पुराना रिश्ता है। उन्हें घर घर में लोग जानते हैं। गौरतलब है कि अमेठी से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को मैदान में उतारा है। किशोरी लाल का उनसे मुकबाला होगा।



■ केएल शर्मा का मुकाबला भाजपा की स्मृति ईरानी से होगा

## आखिर अमेठी से लड़ने वाले किशोरी लाल शर्मा कौन हैं और क्यों लड़ाया गया इन्हें

इस बार अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के सबसे नजदीकी स्थानीय कार्यकर्ताओं में से एक हैं। वो मूलत: खत्री ब्राह्मण हैं, लुधियाना की उनकी पैदाइश है। राजीव गांधी के करीबी थे, उन्हीं के साथ पहली बार अमेठी आए और तब से यहीं के होकर रह गए। जब भी गांधी परिवार इन दो सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा, तब भी केएल शर्मा यहां जमे रहे और स्थानीय लोगों से घुलते मिलते रहे। सोनिया गांधी के सांसद बनने के बाद से लेकर अब तक अमेठी और रायबरेली सीटों पर जमीनी काम करने और कराने का सारा जिम्मा के एल शर्मा ही उठा रहे थे। जो लोग इस इलाके से आते हैं, वह केएल शर्मा के नाम को जानते होंगे। वो मृदु भाषी, सरल व्यक्तित्व, कुशल मैनेजर और मीडिया की चकाचौंध से दूर रहते हैं। पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं में खुशी होगी कि किसी बाहरी को यहां से नहीं थोपा गया है। कार्यकर्ता अपनों के बीच से ही कांग्रेसी प्रत्याशी चाहते थे। इंटरनल सर्वे में ये बात निकल कर आई थी। जातीय समीकरण में भी किशोरी लाल फिट बैठते हैं। अमेठी में दलित (26 फीसदी), मुस्लिम (20 फीसदी) और ब्राह्मण (18 फीसदी) का दबदबा है। कांग्रेस को लगता है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से के एल शर्मा को फायदा हो सकता है। गांधी परिवार ने भरोसा दिया है कि वो प्रचार के काम में किशोरी लाल शर्मा के साथ भरपूर साथ देंगे। करीब 55 हजार वोटों से राहुल गांधी 2019 में स्मृति ईरानी से हारे थे। इन पांच सालों में केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद स्मृति ईरानी ने यहां पर काम करवाए और स्थानीय लोगों का भरोसा जीतने का काम भी किया। अब तो उन्होंने अपना घर भी वहां बनवा लिया है। वो लगातार यहां से संपर्क बनाकर रखी हुई हैं। आती-जाती रहीं, जबकि राहुल गांधी इक्का-दुक्का ही हारने के बाद अमेठी आए। अमेठी भी अब हॉट सीट बन गई है। गांधी परिवार भले ही सीधा चुनाव न लड़ रहा हो, पर मुकाबला गांधी परिवार के ही नुमाइंदे से है, जो गांधी परिवार की पसंद से पहली बार चुनावी मैदान में उतरा है।

## 'कांग्रेस ने छोटे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी दी है'

कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। यहां उनका मुकाबला भाजपा की स्मृति ईरानी से होगा। शर्मा ने अमेठी से उम्मीदवार बनाए जाने पर पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसके लिए कांग्रेस का आभार जताया है। किशोरी लाल शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का आभारी हूं जिसने इतने छोटे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी के काबिल समझा। मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा का तहे दिल से आभारी रहूंगा। मैंने 40 साल इस क्षेत्र की सेवा की है और आज भी कर रहा हूं।

# लोकसभा चुनाव से पहले मुंबई में भारी सुरक्षा व्यवस्था

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई उपनगरीय जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है तथा बड़े पैमाने पर मौके पर जांच की जा रही है।

यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रशासन ने सभी से निरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है। प्रशासन ने यह भी अपील की है कि चुनाव अवधि के दौरान नागरिक, व्यापारी और पेशेवर कोई भी सामग्री या पैसा ले जाते समय संबंधित दस्तावेज अपने साथ रखें।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव विवेचकों द्वारा आवश्यकतानुसार जांच एवं जब्ती की कड़ी व्यवस्था की गयी है।

आयकर, राज्य उत्पाद शुल्क, केंद्रीय माल और सेवा कर, राज्य माल और सेवा कर, व्यावसायिक कर, नारकोटिक्स नियंत्रण बल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी पुलिस प्रशासन के साथ किसी भी परिस्थिति में लोकसभा चुनाव के दौरान उपहार सामग्री, या किसी प्रलोभन का वितरण, शराब की मुफ्त आपूर्ति तथा धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए ड्यूटी पर हैं। सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र बल, केंद्रीय पुलिस बल, औद्योगिक सुरक्षा बल, भारतीय तट रक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, डाक विभाग, वन विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, हवाई अड्डा प्राधिकरण, राज्य नागरिक उड्डयन विभाग, राज्य परिवहन विभाग, मोबाइल टीम (उनके साथ एफएसटी) और स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) भी काम कर रही है।

चुनाव प्रशासन ने बताया है कि चुनाव अवधि के दौरान वाहनों की गहन जांच की जा रही है और हर दिन चुनाव विभाग को रिपोर्ट सौंपी जा रही है।

# उमर अब्दुल्ला के पास न कार, न घर, न कोई अचल संपत्ति और न ही किसी का कर्जा

## नामांकन हलफनामे के हिस्से के रूप में प्रस्तुत घोषणा पत्र में खुलासा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 3 मई (देशबन्धु)। आपको इस पर यकीन करना पड़ेगा कि बारामुल्ला से संसदीय क्षेत्र में किस्मत आजमाने जा रहे तत्कालीन जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के पास न ही कोई कार है और न ही कोई घर। यही नहीं वे तो यह भी बता रहे हैं कि उनके पास कोई अचल संपत्ति भी नहीं है और उन्होंने किसी बैंक से कोई कर्जा भी नहीं लिया है।

अपने नामांकन हलफनामे के हिस्से के रूप में प्रस्तुत एक व्यापक घोषणा में, नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने खुलासा किया है कि उनके पास अपने जीवनसाथी या आश्रितों के नाम पर कोई आवासीय घर, कोई कृषि भूमि या उनके नाम पर पंजीकृत कोई अचल संपत्ति नहीं है।



उमर ने वर्ष 2014 में श्रीनगर के सोनवार विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत किए गए अपने पिछले चुनावी हलफनामे की तुलना की, उनकी चल संपत्ति में 65.59 लाख से 16 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई है। वर्ष 2014 में 54.45 लाख - पिछले दस वर्षों में कुल 11.45 लाख की गिरावट। जो बात चौंकाने वाली है वह यह है कि उमर के पास किसी भी आवासीय संपत्ति या कृषि भूमि का स्वामित्व नहीं है, मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के बाद से यह स्थिति अपरिवर्तित है।

उन्होंने इस साल 2 मई को रिटर्निंग ऑफिसर बारामुल्ला के समक्ष प्रस्तुत अपने हालिया घोषणापत्र में इस रुख को दोहराया। उमर बारामुल्ला लोकसभा क्षेत्र से नेकां के उम्मीदवार हैं। इसके अलावा, चुनावी हलफनामे के अनुसार, सिडेनहम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स से वाणिज्य में स्नातक उमर अब्दुल्ला ने अपनी वैवाहिक स्थिति का खुलासा करते हुए कहा कि वह अपनी पत्नी से अलग हो गए हैं और तलाक की कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। उनकी आय का स्रोत मुख्य रूप से पूर्व विधायक और पूर्व संसद सदस्य के रूप में पेंशन से आता है।

विशेष रूप से, उन पर किसी भी बैंक से कोई ऋण या देनदारी नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में उनकी आय अलग-अलग रही है, 2019-20 में 7,92,093 रुपए, 2020-21 में 11,73,030 रुपए, 2021-22 में 13,20,460 रुपए और 2023 में उल्लेखनीय कमी के साथ 13,20,460 रुपए हो गई। 24, 2022-23 में 19,39,620 रुपए।

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनाव प्रचार की कमान नई पीढ़ी के हाथ

**भोपाल,** 3 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है। इस बार के चुनाव प्रचार में कांग्रेस की बुजुर्ग पीढ़ी नदारद नजर आ रही है। प्रचार की कमान पूरी तरह नई पीढ़ी ने संभाल रखी है।

राज्य में लोकसभा चुनाव के दो चरणों के मतदान हो चुके हैं और अब दो चरणों में 17 लोकसभा सीटों पर मतदान होने हैं। कांग्रेस ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। अधिकांश बुजुर्ग नेता या तो अपने चुनाव क्षेत्र में सिमट कर रह गए हैं या अपने करीबियों के क्षेत्र तक मुश्किल से प्रचार करने पहुंच पा रहे हैं।

कांग्रेस की बुजुर्ग पीढ़ी के नेताओं में मुख्य तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह शामिल हैं। कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ रहे हैं और वहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। उसके बाद कमलनाथ एक दो संसदीय क्षेत्र में ही प्रचार करने पहुंचे। दिग्विजय सिंह राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। स्थिति यह है कि वह अपने चुनाव क्षेत्र से बाहर नहीं जा पा रहे हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सियासत में बड़ा बदलाव हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष की कमान जहां जीतू पटवारी को सौंपी गई, वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को बनाया गया। चुनाव प्रचार में इन दो नेताओं के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा की सक्रियता नजर आ रही है। ये चारों नेता कई स्थानों का एक साथ दौरा कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कांग्रेस ने जहां लोकसभा चुनाव में नए चेहरों को मौका दिया है, वहीं प्रचार में भी नई पीढ़ी को आगे लाया है।



चुनाव प्रचार में कांग्रेस की बुजुर्ग पीढ़ी नदारद

यह बात अलग है कि प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के बीच चल रही तनातनी बीच-बीच में सामने आ जाती है। इसके बावजूद कांग्रेस की युवा पीढ़ी एकजुट दिखने की कोशिश में जुटी है। चुनावी नतीजे कुछ भी हो, मगर कांग्रेस ने नई पीढ़ी को आगे लाने का काम जरूर किया है।

# रोड शो के बाद डॉ. उदित राज ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली से किया नामांकन

**नई दिल्ली** 3 मई (एजेंसियां)। उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. उदित राज ने शुक्रवार को महिलाओं और बुजुर्गों से आर्शीवाद लेते हुए कंझावला स्थित रिटर्निंग ऑफिसर के ऑफिस पहुंच कर नामांकन किया। डॉ. उदित राज को लेकर क्षेत्र में कहा जा रहा है कि 'अब नए उदय का राज होना तय है'। उनके नामांकन से पहले आयोजित रोड शो में बड़ा जनसैलाब उमड़ा, जिसने यह जता दिया है कि इस बार इस सीट पर हवा कांग्रेस की ओर बह रही है। वहीं इस दौरान इंडिया गठबंधन की एकजुटता भी देखने को मिली। इस दौरान दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष श्री देवेंद्र यादव, आम आदमी पार्टी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री गोपाल राय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौ. वीरेंद्र सिंह के साथ उत्तर पश्चिम दिल्ली से आम आदमी पार्टी के 9 में से 8 विधायक राखी बिड़ला, रधुविंदर शौकीन, मुकेश अहलावत, धर्मपाल लाकड़ा, जय भगवान, शरद कुमार चौहान, अजेश यादव, मोहिंद्र गोयल उपस्थित रहे और पूर्व से तय व्यस्तताओं के चलते किराड़ी विधायक ऋतुराज की जगह उनकी धर्मपत्नी शामिल हुई। आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद भी नामांकन में पहुंचे।नामांकन से पहले डॉ. उदित राज का रोड शो आयोजित किया गया था। उनका काफिला रोहिणी सेक्टर 24 के उनके मुख्य कार्यालय से 10.30 बजे चला। जो सेक्टर रोहिणी 23 होते हुए बेगमपुर से कराला गांव होते हुए कंझावला गांव से निकल कर डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर ऑफिस कंझावला पहुंचा। इस रोड शो के दौरान उमड़े जनसैलाब को देख डॉ. उदित राज ने कहा, 'शायद ही इतना जनसैलाब दिल्ली के किसी प्रत्याशी के नामांकन में दिखेगा।



सीएम चंपई सोरेन ने इंडिया गठबंधन की जीत का किया दावा

# बहुत मजबूत स्थिति में है महागठबंधन

**जमशेदपुर,** 3 मई (एजेंसियां)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक समीर मोहंती ने शुक्रवार को जमशेदपुर लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्होंने रोड शो निकाला, जिसमें खूब भीड़ जुटी।

इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद थे। नामांकन करने से पहले समीर मोहंती ने पूजा अर्चना की। इस बीच, उनकी बेटी ने गले लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। समीर मोहंती के साथ नामांकन कक्ष से बाहर आए सीएम चंपई सोरेन ने मीडिया से बातचीत के दौरान इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया।



झामुमो नेता समीर मोहंती ने किया नामांकन

उन्होंने कहा कि महागठंबधन बहुत मजबूत स्थिति में है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हम पूरी मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। देश में किसी की भी लहर नहीं है। देश में अगर किसी की लहर है, तो वो इंडिया गठबंधन की है। इसके साथ ही सीएम चंपई सोरेन ने पीएम मोदी के चाईबासा दौरे पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देश में चुनावी माहौल है। कोई कहीं भी जा सकता है। इससे हमारे प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

वहीं झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने समीर मोहंती के जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश जुमलों की सरकार से त्रस्त हो चुका है। प्रधानमंत्री के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, जिसे वो लोगों के बीच रख सकें। वो अपनी जनसभाओं में पाकिस्तान का जिक्र कर रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा के मामले में भी मोदी सरकार पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। मोदी सरकार के पास लोगों के बीच अपनी उपलब्धि साझा करने के लिए कुछ नहीं बचा है।

नामांकन दाखिल करने से पूर्व समीर मोहंती विशाल जनसभा में शामिल हुए, जहां झामुमो के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सभी ने उनको जीत दिलाने के प्रति संकल्प लिया।

विदिशा : देश की सबसे चर्चित सीटों में से एक

# भाजपा के अभेद किले में 'मामा' के सामने 'दादा'

**विदिशा,** 3 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित सीटों में से एक, भारतीय जनता पार्टी के गढ़ के नाम से प्रचलित विदिशा यूं तो इस बार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही सबकी नजरों में थी, लेकिन कांग्रेस ने यहां से एक बार फिर पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा पर दांव खेल कर इसे और चर्चाओं का केंद्र बना दिया।

चार बार इस संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुके चौहान जहां पूरे राज्य में 'मामा' के नाम से पहचाने जाते हैं, वहीं शर्मा ने सांसद रहते हुए पूरे संसदीय क्षेत्र में 'दादा' के नाम से पहचान बनाई है। ऐसे में अब ये चुनाव मामा और दादा के बीच की जंग का सामना कर रहा है।

ये संसदीय क्षेत्र इसके पहले भी अपने दिग्गज प्रत्याशियों के चलते देश भर में सुर्खियां बटोर चुका है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज इस संसदीय क्षेत्र का संसद में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। लगभग तीन दशक से भी ज्यादा समय से भाजपा का अभेद किला बने हुए इस क्षेत्र में पिछले चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने लगभग पांच लाख से भी अधिक मतों से कांग्रेस प्रत्याशी शैलेंद्र पटेल को पराजित किया था। ऐसे में अब सबकी निगाहें इस बार यहां से जीतने वाले प्रत्याशी और उनकी जीत के अंतर पर टिकी हुई हैं।

विदिशा लोकसभा में आठ विधानसभाएं हैं, जिनमें भोजपुर, सांची, सिलवानी, विदिशा, बासौदा, बुधनी, इछावर और खातेगांव शामिल हैं। इनमें से सिलवानी को छोड़कर अन्य सभी पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। विदिशा लोकसभा सीट में रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास जिले के हिस्सों को शामिल किया गया है। ये क्षेत्र सांची के स्तूपों के चलते देश-दुनिया में विख्यात है। वहीं भोजपुर का विशाल शिव मंदिर अपने ऐतिहासिक महत्व के चलते देश के चुनिंदा शिव मंदिरों में शामिल है।



■ तीन दशक से भी ज्यादा समय से भाजपा का अभेद किला
■ विदिशा लोकसभा में आठ विधानसभाएं

समूचे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की ओर से प्रचार का मैदान चौहान ने स्वयं संभाला हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान चौहान की राज्य भर में लोकप्रियता के बाद अब वे लगातार स्थान-स्थान पर न केवल अपने ही संसदीय क्षेत्र में महिलाओं के बीच चुनाव प्रचार करते देखे जा रहे हैं, बल्कि कई बार दूसरे संसदीय क्षेत्रों में भी उन्हें दूसरे प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील करते हुए भी देखा जा रहा है। वहीं कांग्रेस की ओर से शर्मा स्वयं चुनाव की कमान संभाले हुए हैं। दोनों ही दलों की ओर से इस संसदीय क्षेत्र में अब तक किसी राष्ट्रीय स्तर के नेता की कोई चुनावी सभा नहीं हुई है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पिपरिया में की अपनी चुनावी सभा के दौरान मंच पर उपस्थित चौहान को विदिशा संसदीय क्षेत्र से भारी मतों से जिताने की मतदाताओं से अपील की थी।

अपेक्षाकृत ग्रामीण मानी जाने वाली इस लोकसभा सीट पर कुल 19 लाख 19 हजार 785 मतदाता हैं, जिनमें से 9 लाख 96 हजार 48 पुरुष और 9 लाख 23 हजार 689 महिलाएं हैं। अन्य मतदाताओं की संख्या 48 है। यहां सात मई को मतदान होना है। यहां से कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

# नौ सीटों पर नए प्रत्याशी के बीच होगा मुकाबला

**पटना,** 3 मई (एजेंसियां)। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में नौ सीट पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नए प्रत्याशियों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और महागठबंधन के प्रत्याशी के बीच मुकाबला हुआ। इस बार के चुनाव में नौ सीट ऐसी हैं, जहां वर्ष 2019 के चुनाव में प्रतिद्धंदी रूप में चुनाव लड़े राजनेता इस बार के चुनाव में नहीं नजर आयेंगे। उनकी जगह नए प्रत्याशी वर्ष 2024 के चुनाव में मुकाबला करते नजर आएंगे।

वर्ष 2019 के चुनाव में वाल्मीकीनगर संसदीय सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल जदयू प्रत्याशी वैधनाथ प्रसाद महतो और महागठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री केदार पांडेय के पौत्र और पूर्व सांसद स्वर्गीय मनोज पांडेय के पुत्र शाश्वत केदार के बीच मुकाबला हुआ। इस चुनाव में जदयू के वैधनाथ महतो ने जीत हासिल की। वैधनाथ महतो के निधन के बाद वर्ष 2020 में हुए उपचुनाव में उनके पुत्र जदयू प्रत्याशी सुनील कुमार ने जीत हासिल की थी। इस बार के चुनाव में राजग में शामिल जदयू उम्मीदवार वैधनाथ महतो के पुत्र सुनील कुमार और इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) गठबंधन में शामिल राजद प्रत्याशी दीपक यादव के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा।




■ झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में 7 को चुनाव

वर्ष 2019 के चुनाव में शिवहर संसदीय सीट से राजग में शामिल भारतीय जनता पार्टी की रमा देवी ने राजद के सैय्यद फैसल अली को पराजित किया। इस बार के चुनाव में शिवहर सीट राजग के घटक दल जदयू को मिली है। जदयू ने पूर्व सांसद लवली आनंद को चुनावी रणभूमि में उतारा है, वहीं इंडिया गठबंधन से राजद के टिकट पर पूर्व मुखिया रही रितु जायसवाल चुनावी मैदान में हैं। रमा देवी को भाजपा ने बेटिकट कर दिया है और वह चुनाव नहीं लड़ रही है। इस तरह शिवहर सीट पर भी नये प्रत्याशियों के बीच चुनावी टक्कर देखने को मिलेगी। वर्ष 2019 के चुनाव में सीवान संसदीय सीट से जदयू की कविता सिंह ने बाजी अपने नाम की थी। कविता सिह ने राजद प्रत्याशी पूर्व बाहुबली सांसद मोहम्मद शाहबुद्दीन की पत्नी हिना शाहाब को पराजित किया था।

## तीसरे चरण की दो सीट पर राजद के विधायक देंगे राजग के सांसदों को चुनौती

बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में दो सीट सुपौल और अररिया में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के शामिल राजद के दो विधायक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के वर्तमान सांसदों को चुनौती देंगे। बिहार लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में होने जा रहा है। इनमें से दो सीट झंझारपुर और अररिया के विधायक राजग के वर्तमान सांसदों को चुनौती देंगे। सुपौल संसदीय सीट से राजद प्रत्याशी, सिंहेश्वर विधानसभा के विधायक चंद्रहास चौपाल पहली बार लोकसभा में अपनी किस्मत आजमाने के लिये तैयार है। चौपाल सुपौल सीट पर जदयू के वर्तमान सांसद दिलकेश्वर कामत को चुनौती देंगे। अररिया से पूर्व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री तस्लीमुद्दीन के पुत्र और जोकीहाट के विधायक शाहनवाज आलम पहली बार लोकसभा के चुनावी मैदान में उतरे हैं। आलम का मुकाबला इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रदीप कुमार सिंह से होगा। शाहनवाज आलम ने वर्ष 2020 में जोकीहाट से ओबैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) के टिकट पर चुनाव लड़ा था और उन्होंने अपने बड़े भाई राजद प्रत्याशी सरफराज आलम को पराजित किया था। बाद में शहनवाज आलम ने (एआईएमआईएम) से नाता तोड़ राजद से नाता जोड़ लिया था।

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 0.75 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.69 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.21 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.18 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआइ | 0.18 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एलटी | 2.74 प्रतिशत |
| मारुति | 2.37 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.17 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.03 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## वित्त वर्ष 2023-24 में अदाणी ग्रीन का ईबीआईटीडीए 30 प्रतिशत बढ़ा

■ 2030 तक का लक्ष्य बढ़ाकर 50 गीगावाट किया

**अहमदाबाद,** 3 मई (एजेंसियां)। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शुक्रवार को तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उसने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसका ईबीआईटीडीए 30 प्रतिशत बढ़कर 7,222 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। उसने वर्ष 2030 के लिए स्थापित क्षमता का अपना लक्ष्य 45 गीगावाट से बढ़ाकर 50 गीगावाट कर दिया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले साल उसने स्थापित क्षमता में 2.8 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता जोड़ी जो देश में कुल जोड़ी गई नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का 15 प्रतिशत है। इससे कंपनी के राजस्व ईबीआईटीडीए और नकद लाभ में मजबूत वृद्धि देखी गई है। चालू वित्त वर्ष में कंपनी ने 10,462



हम अभूतपूर्व पैमाने व गति के साथ किफायती स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग हैं : अमित सिंह

करोड़ रुपए के ईबीआईटीडीए का अनुमान व्यक्त किया है। उसने बताया कि गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में उसका ऋण बनाम ईबीआईटीडीए अनुपात 5.4 रहा था, जिसके मौजूदा वित्त वर्ष में कम होकर चार पर आने का अनुमान है। अमित सिंह ने कहा कि मुझे गर्व है कि टीम ने खावड़ा में 30 गीगावाट की परियोजना के पहले दो गीगावाट का काम भूमि पूजन के बाद 12 महीने में पूरा कर उत्पादन शुरू कर दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का नकद लाभ 25 फीसदी बढ़कर 3,986 करोड़ रुपए और परिचालन में मौजूद क्षमता 35 प्रतिशत बढ़कर 10.9 गीगावाट पर पहुंच गई। अडाणी ग्रीन को गुरुवार को पांच प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बैंकों के कंसोर्टियम से राजस्थान और गुजरात में 750 मेगावाट की निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए 40 करोड़ डॉलर का ऋण मिला है।

### कोयला व गैस पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2.44 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में कोयला और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2023-24 में 2.44 प्रतिशत बढ़कर 243.22 गीगावाट हो गई, जो मार्च 2023 में 237.27 गीगावाट थी। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हरित ऊर्जा स्रोतों (गैर-जीवाश्म ईंधन) पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता पिछले वित्त वर्ष में 10.79 प्रतिशत बढ़कर 190.57 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 172.01 गीगावाट थी। जीवाश्म ईंधन पर आधारित बिजली घरों में ईंधन के रूप में कोयला, लिग्नाइट, गैस और डीजल का उपयोग किया जाता है। जबकि गैर-जीवाश्म ईंधन में सौर, पवन और जल विद्युत से उत्पन्न बिजली शामिल है। पिछले वित्त वर्ष में परमाणु ऊर्जा क्षमता वृद्धि 6.78 गीगावाट से बढ़कर 8.18 गीगावाट हो गई, जो सालाना आधार पर 20.64 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

## दिल्ली सरकार की जीएसटी वसूली रिकॉर्ड स्तर पर




■ अप्रैल में 23 फीसदी का आया उछाल

**नई दिल्ली**, 3 मई (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार के खजाने के लिए चालू वित्त वर्ष की शुरुआत शानदार रही। सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने में रिकॉर्ड जीएसटी वसूली हुई। जीएसटी संग्रह में वृद्धि दर राष्ट्रीय वृद्धि दर से लगभग दोगुनी रही। पड़ोसी राज्यों की तुलना में भी दिल्ली में जीएसटी संग्रह वृद्धि दर अधिक दर्ज की गई। दिल्ली में बीते दो वित्त वर्ष से जीएसटी वसूली लक्ष्य से ज्यादा हो रही है। दिल्ली सरकार को बीते वित्त वर्ष करीब 32,160 करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में मिले थे, जबकि लक्ष्य 32,000 करोड़ रुपए का ही था।

चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में दिल्ली सरकार का जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि अप्रैल में दिल्ली को करीब 3,890 करोड़ रुपए की जीएसटी वसूली हुई, जो अब तक की सबसे अधिक जीएसटी वसूली है। दिल्ली सरकार को पिछले साल अप्रैल में 3,160 करोड़ रुपए जीएसटी प्राप्त हुआ था। इस तरह इस साल अप्रैल में पिछले साल इसी महीने की तुलना में 23 फीसदी ज्यादा जीएसटी मिला।

दिल्ली सरकार के जीएसटी संग्रह में वृद्धि दर पड़ोसी राज्यों से अधिक है। साथ ही यह राष्ट्रीय स्तर पर जीएसटी बढ़ोतरी दर से भी ज्यादा है। अप्रैल महीने में दिल्ली के जीएसटी संग्रह में 23 फीसदी इजाफा हुआ है, जबकि उत्तर प्रदेश में 19 फीसदी, हरियाणा में 21 फीसदी और राजस्थान में 16 फीसदी इजाफा हुआ।

दिल्ली ने जीएसटी संग्रह वृद्धि दर के मामले में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया। अप्रैल में राष्ट्रीय स्तर पर जीएसटी वसूली में 13 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई जो इसी महीने दिल्ली की जीएसटी वृद्धि दर 23 फीसदी से लगभग आधी है।

## अमेजन डॉट इन की ग्रेट समर सेल का लें आनंद

**नई दिल्ली**, 3 मई (एजेंसियां)। गर्मी की तपन बढ़ने के साथ, अमेज़ॅन इंडिया 02 मई, 2024 से शुरु होने जा रही अपनी मच अवेटेड अमेज़ॅन ग्रेट समर सेल के साथ वापस आ गया है। यहां आपको मिलती है शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ #FunInTheSunWithAmazon। कस्टमर्स आईसीआईसीआई बैंक, बॉबकार्ड और वनकार्ड क्रेडिट/डेबिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10 प्रतिशत इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट के अलावा ढेर सारे अफोर्डेबल फाइनेंस ऑप्शन; डेबिट और क्रेडिट कार्ड और बजाज फिनसर्व पर नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर और भी बहुत कुछ पा सकते हैं । इस साल, कस्टमर्स को कारीगरों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप, ब्रांड और लोकल नेबरहुड स्टोर्स के साथ स्मार्टफोन, कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रोसरी, फैशन एंड ब्यूटी एसेंशियल्स, होम एंड किचन, बड़े एप्लायसेंस, टीवी एवं अन्य कैटेगरी में विक्रेताओं के लाखों प्रोडक्ट पर बेहतरीन डीलस् मिलेगी। कस्टमर्स वनप्लस, शियोमी, सैमसंग, एमआई, टीसीएल, पैम्पर, टाटा, एलजी, एचपी और लैक्मे जैसे ब्रांड के शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ खरीदारी और बचत करके इस गर्मी को मजेदार और यादगार बना सकते हैं। कस्टमर्स Amazon Pay ICICI बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने पर अनलिमिटेड 5 प्रतिशत कैशबैक भी पा सकते हैं। इसके अलावा, अमेज़ॅन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड, अमेज़ॅन पे लेटर और सलेक्टेड क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई का ऑप्शन भी उपलब्ध है।

## ईवी के स्वामित्व के लिए नए युग की शुरुआत

**नई दिल्ली**, 3 मई (एजेंसियां)। पियाजियो ग्रुप की सहायक कंपनी और छोटे वाणिज्यिक वाहनों एवं इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर के निर्माता पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने अपने आपे इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के लिए बैटरी सब्सक्रिप्शन मॉडल की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ ही ईवी के स्वामित्व के लिए एक नए युग की शुरुआत हो रही है।

इस योजना में वाहन की अग्रिम लागत में से बैटरी को अलग करके तिपहिया ईवी के स्वामित्व को आसान बनाया गया है। ग्राहक अब 2.59 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) में आप इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर खरीद सकते हैं और डीलरशिप के माध्यम से मासिक शुल्क के पट्टे पर पियाजियो द्वारा



■ पियाजियो इंडिया ने इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर के लिए पेश किया बैटरी सब्सक्रिप्शन मॉडल

स्वीकृत उच्च गुणवत्ता वाले बैटरी पैक सब्सक्राइब कर सकते हैं।

यह सब्सक्रिप्शन मॉडल बैटरी की चिंता को दूर करता है। ग्राहक अब बैटरी के रखरखाव, जीवनकाल और एक्सचेंज के खर्च से बेफिक्र होकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के फायदों का आनंद उठा सकते हैं। पियाजियो बैटरी के परफॉर्मेंस की पूरी जिम्मेदारी लेगी और इस तरह लम्बे समय तक ईवी स्वामित्व के लिए मन की शांति प्रदान करेगी। पियाजियो इंडिया को यकीन है कि यह मॉडल अनुदान के युग के बाद ईवी की वृद्धि जारी रखने के नजरिए से नीति-निर्माताओं के लिए एक गेम-चेंजर हो सकता है। अफॉर्डेबिलिटी और बैटरी की चिंताओं का हल करके यह सब्सक्रिप्शन मॉडल इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के व्यापक अंगीकरण को प्रोत्साहित कर सकता है। इससे शहरी इलाकों में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन उपलब्ध होगा तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

कंपनी ने कहा कि अब ग्राहक सीधे डीलरशिप से 2.59 लाख रुपए (एक्स-शोरूम महाराष्ट्र) में अब आपे इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर की चेसिस खरीदेंगे। ग्राहक को डीलरशिप से बैटरी मासिक किराए पर दी जाएगी।

## मुनाफावसूली के दबाव में लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में रोजगार के आंकड़े आने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर लगभग सभी समूहों के शेयरों में हुई मुनाफावसूली के दबाव में शेयर बाजार पिछले दिवस की तेजी गंवाकर आज लुढ़क गया।


बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 732.96 अंक का गोता लगाकर 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 73,878.15 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का

■ सेंसेक्स 732.96 अंक का गोता लगाकर 73,878.15 पर

■ निफ्टी 172.35 अंक की गिरावट के साथ 22,475.85 पर बंद

निफ्टी 172.35 अंक की भारी गिरावट के साथ 22,475.85 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर भी मुनाफावसूली का दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 0.21 प्रतिशत टूटकर 42,414.53 अंक और स्मॉलकैप 0.55 प्रतिशत गिरकर 47,191.41 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3958 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2306 में बिकवाली जबकि 1527 में लिवाली हुई वहीं 125 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां गिरावट जबकि 15 तेजी पर रही। बीएसई में हेल्थकेयर और धातु समूह




की 0.81 प्रतिशत तक बढ़त को छोड़कर अन्य समूहों पर मुनाफावसूली हावी रही। इससे कमोडिटीज 0.29, सीडी 0.71, ऊर्जा 0.37, एफएमसीजी 0.44, वित्तीय सेवाएं 0.49, इंडस्ट्रियल्स 0.76, आईटी 0.64, दूरसंचार 1.42, यूटिलिटीज 0.43, ऑटो 0.63, बैंकिंग 0.61, कैपिटल गुड्स 1.18, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.57, तेल एवं गैस 0.80, पावर 0.13, रियल्टी 1.09, टेक 0.96 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.01 प्रतिशत टूट गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.42, जर्मनी का डैक्स 0.52 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.48 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 0.10, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.26 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 407 अंक की जबरदस्त तेजी के साथ 75,017.82 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 75,095.18 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई मुनाफावसूली के दबाव में लगातार गिरता हुआ दोपहर बाद 73,467.73 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,611.11 अंक की तुलना में 0.98 प्रतिशत की भारी गिरावट लेकर 73,878.15 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों ने एलटी 2.74, मारुति 2.37, नेस्ले इंडिया 2.22, रिलायंस 2.17, भारती एयरटेल 2.03, अल्ट्रासिमको 1.96, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.94, टाटा मोटर्स 1.38, टेक महिंद्रा 1.36, एनटीपीसी 1.15, एचडीएफसी बैंक 0.94, एचसीएल टेक 0.92, एक्सिस बैंक 0.80, टीसीएस 0.63, टाटा स्टील 0.54 और विप्रो 0.09 प्रतिशत शामिल हैं। वहीं, बजाज फाइनेंस 0.75, बजाज फिनसर्व 0.69, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.21, एसबीआई 0.18, आईसीआईसीआई 0.18 और इंफोसिस के शेयर 0.11 प्रतिशत लाभ में रहे।

## टाटा ग्रुप की कंपनी को हुआ 7 फीसदी का शुद्ध मुनाफा

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत में ज्वेलरी से लेकर लग्जरी घड़ियां बेचने वाली टाटा ग्रुप की कंपनी ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 24 की मार्च तिमाही के लिए रिजल्ट्स जारी कर दिए हैं। एक्सचेंजों को जानकारी देते हुए कंपनी ने बताया कि आई केयर और घड़ी और वियरेबल्स के बिजनेस में ग्रोथ की वजह से उसने 7.1 फीसदी का स्टैंडअलोन नेट मुनाफा दर्ज किया। कंपनी ने मार्च तिमाही में 786 करोड़ रुपए का नेट मुनाफा दर्ज किया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 734 करोड़ रुपए रहा था।




■ मार्च तिमाही में 786 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज

कंज्यूमर लाइफ स्टाइल कंपनी ने अपने बयान में बताया कि वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के दौरान उसने स्टैंडअलोन रेवेन्यू 17 फीसदी बढ़कर 10,047 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 8,553 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 24 की अंतिम तिमाही में उसकी कुल आय 17.4 फीसदी बढ़कर 10,280 करोड़ रुपए हो गई। जबकि, एक साल पहले की समान अवधि में यह 8,753 करोड़ रुपए रही थी। कंपनी ने बताया कि बोर्ड की तरफ से 1 रुपए की फेस वैल्यू पर 11 रुपए प्रति शेयर देने की मंजूरी दे दी गई है। अंतिम फैसला शेयरहोल्डर्स के अधीन होगा। अगर शेयरहोल्डर्स की तरफ से इसे मंजूरी मिल जाती है तो लाभांश की रकम आपके डीमैट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगी।

## अधिकांश खाद्य तेलों में उबाल, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग मजबूत रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में 400 रुपए प्रति क्विंटल तक का उबाल आ गया जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3880 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.08 सेंट की गिरावट के साथ 43.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में उबाल रहा। सूरजमुखी तेल 367 रुपए, सोया रिफाइंड 220 रुपए, पाम ऑयल 400 रुपए और वनस्पति तेल 267 रुपए प्रति क्विंटल उबल गया जबकि सरसों तेल 147 रुपए और मूंगफली तेल 220 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में



मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए और उड़द दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मूंग दाल 100 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई वहीं मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## भारत के निजी बंदरगाहों का प्रदर्शन बेहतर

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत के निजी बंदरगाहों का केंद्र सरकार के बंदरगाहों से बेहतर प्रदर्शन कायम रहा। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार 2023-24 (वित्त वर्ष 24) में भारत के निजी बंदरगाहों ने दो अंकों में वृद्धि दर्ज की जबकि सरकारी स्वामित्व वाले प्रमुख बंदरगाहों ने 4.45 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। गैर प्रमुख बंदरगाहों ने बीते वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 11.18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर 72.1 करोड़ टन सामान भेजा जबकि प्रमुख बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 24 में 81.8 करोड़ टन वस्तुओं को भेजा।

केंद्र सरकार पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के जरिये इन प्रमुख बंदरगाहों का संचालन करती है जबकि गैर प्रमुख बंदरगाह का स्वामित्व राज्य सरकारों और निजी कंपनियों के पास है।

गैर प्रमुख बंदरगाहों में सामान की आवाजाही की वृद्धि प्राथमिक तौर पर तापीय कोयले के कारण हुई। इन बंदरगाहों के सामान लदान करने में तापीय कोयले की हिस्सेदारी



■ कांडला पोर्ट ने खो दिया सबसे ज्यादा कार्गो संचालन का तमगा

■ गैर बंदरगाहों ने की सालाना आधार पर 11.18 प्रतिशत की वृद्धि

सात प्रतिशत है। गैर प्रमुख बंदरगाहों से बीते वित्त वर्ष में तापीय कोयले का लदान 5.1 करोड़ टन से बढ़कर 5.3 करोड़ टन हो गया। वित्त वर्ष 23 में लौह अयस्क में नरमी रही थी लेकिन इसकी मात्रा में वित्त वर्ष 24 में 44 प्रतिशत का इजाफा हुआ। प्रमुख बंदरगाहों की वृद्धि मुख्य तौर पर कच्चे तेल (5.05 प्रतिशत), तापीय कोयले (बढ़कर 4.72 प्रतिशत) और लौह अयस्क (28 प्रतिशत) में हुई। हालांकि गुजरात मैरीटाइम बोर्ड के अंतर्गत निजी बंदरगाहों ने संयुक्त रूप से 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जबकि दीनदयाल बंदरगाह (कांडला) का ट्रैफिक संचालन 4.2 प्रतिशत कम होकर 13.1 करोड़ टन हो गया। दीनदयाल बंदरगाह से विदेशी सामान भेजने में करीब 5 प्रतिशत गिरावट आने के कारण इसके ट्रैफिक संचालन पर असर पड़ा।

अधिकारियों का विश्वास है कि बंदरगाहों के सामान लदान की क्षमता पर कुछ असर गैर बासमती चावल पर प्रतिबंध लगाने की नीतियों का भी पड़ा। इसका असर निजी बंदरगाहों पर भी पड़ा। गुजरात मैरीटाइम बोर्ड के तहत प्रमुख निजी बंदरगाह मुंद्रा पोर्ट, पीपावाव और हजीरा आते हैं।

भारत के प्रमुख बंदरगाह कांडला पोर्ट ने सर्वाधिक कार्गो संचालन का तमगा खो दिया। इसका कारण यह है कि ओडीशा के पारादीप बंदरगाह ने 14.5 करोड़ टन कार्गो का संचालन किया जबकि कांडला बंदरगाह 13.1 करोड़ टन कार्गो का ही संचालन कर पाया।

**सार संक्षेप**

### ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स को एफडीए से मंजूरी

**नई दिल्ली।** ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड को एसिटामिनोफेन और इबुप्रोफेन टैबलेट, 250 मिलीग्राम/125 मिलीग्राम के लिए अमेरिका खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएस एफडीए) से अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एफडीए द्वारा हेलोन यूएस होल्डिंग्स, एलएलसी के एसिटामिनोफेन टैबलेट, 250 मिलीग्राम/125 मिलीग्राम (ओटीसी) के साथ एडविल2 डुअल एक्शन के लिए बायोइक्विलेंट 1 के रूप में निर्धारित किया गया है। ग्लेनमार्क के एसिटामिनोफेन और इबुप्रोफेन टैबलेट, 250 मिलीग्राम/125 मिलीग्राम (ओटीसी), ग्लेनमार्क थेरेप्यूटिक्स इंक द्वारा अमेरिका में वितरित किए जाएंगे।

### वियतजेट ने पहली तिमाही में शानदार कारोबारी प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। विमानन उद्योग में एयरक्राफ्ट की कम उपलब्धता की चुनौती से निपटते हुए, वियतजेट एविएशन ज्वाइंट स्टॉक कंपनी ने 2024 की पहली तिमाही में शानदार कारोबारी प्रदर्शन किया है, जो पूरे वर्ष के दौरान मजबूत वित्तीय स्थिति को गति देता है। 2024 की पहली तिमाही में, वियतजेट का हवाई परिवहन राजस्व 17.76 ट्रिलियन वीएनडी (करीब 701.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर) और कर पश्चात लाभ 250 बिलियन वीएनडी (करीब 20.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जो सालाना क्रमशः 38 प्रतिशत और 209 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। विमानन कंपनी का समेकित राजस्व और कर पश्चात लाभ क्रमशः 17.79 ट्रिलियन वीएनडी (करीब 702.39 मिलियन अमेरिकी डॉलर) और 539 बिलियन वीएनडी (करीब 21.27 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जो सालाना 38 और 212 फीसदी अधिक है।

### पियाजियो इंडिया ने इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर बाज़ार में किया धमाका

नोएडा। पियाजियो ग्रुप की अनुषंगी और छोटे वाणिज्यिक वाहनों के अग्रणी निर्माता और इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (3ईवी) के प्रवर्तक, पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने अपने आपे इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (3डब्ल्यूएस) के लिए एक महत्वपूर्ण 'बैटरी सब्सक्रिप्शन मॉडल' की घोषणा की है। इस योजना में वाहन की अग्रिम लागत में से बैटरी को अलग करके 3व्हीलर ईवी के स्वामित्व को आसान बनाया है। ग्राहक अब 2.59 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) में आपे इलेक्ट्रिक 3व्हीलर खरीद सकते हैं और डीलरशिप के माध्यम से मासिक शुल्क के पट्टे पर पियाजियो द्वारा स्वीकृत उच्च गुणवत्ता वाले बैटरी पैक सब्सक्राइब कर सकते हैं।

# खेल जगत

## इंग्लैंड के स्पिनर जोश बेकर का निधन

**लंदन।** इंग्लैंड के वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए खेलने वाले स्पिनर जोश बेकर का निधन हो गया है। वह 20 वर्ष के थे। वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बेकर के निधन की पुष्टि की है। हालांकि, अब तक उनकी मौत का कारण पता नहीं चल सका है। वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एशले जाइल्स ने बेकर के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जोश के निधन की खबर ने हम सभी को दुखी कर दिया है। जोश एक टीम के साथी से कहीं अधिक थे, वह हमारे क्रिकेट परिवार के अभिन्न अंग थे। हम सभी उसे बहुत याद करेंगे। हमारा सारा प्यार और प्रार्थनाएं जोश के परिवार और दोस्तों के लिए हैं। जाइल्स ने कहा कि इस अत्यंत कठिन समय के में क्लब जोश के परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों का समर्थन करने के लिए समर्पित है।




# प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखने के लिए बेंगलुरू और गुजरात के लिए करो या मरो का मुकाबला

### मोहित, राशिद व वारियर के लिए आरसीबी के विराट व रोकना बड़ी चुनौती

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। विराट कोहली के एक शतक और चार अर्धशतकों सहित कुल 500 रन बना मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल ) 2024 क्रिकेट लीग में रन बनाने में दूसरे स्थान पर होने और लगातार छह हार के बाद अपने पिछले दो मैचों पहले सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन और फिर गुजरात टाइटंस को उसके घर अहमदाबाद

■ विराट के आरसीबी और शुभमन के गुजरात के लिए बड़ी पारी खेलने की आस





आईपीएल 2024

में नौ विकेट से हराने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फिलहाल दसवें और अंतिम स्थान है। आरसीबी अंतिम स्थान पर होने के बावजूद अब अपने घर में बेंगलुरु में भी शनिवार को गुजरात टाइटंस को फिर हरा लगातार तीसरी और 11 मैचों में कुल चौथी जीत के साथ प्ले ऑफ में स्थान पाने की उम्मीद जिंदा रखने के मकसद से उतरेगी। आरसीबी के फिलहाल दस मैचों में तीन जीत और सात हार के साथ मात्र अंक हैं और अपने बाकी चारों मैच जीत वह प्ले ऑफ की होड़ में बने रह सकती है। यही नही आरसीबी अपने अगले चार में से तीन ही मैच जीतती है तो भी गुणा भाग के लिहाज से कुल छह जीत के साथ भी उसकी उम्मीदें जिंदा रह सकती है। वहीं गुजरात टाइटंस दस मैचों में चार जीत और छह हार के साथ कुल आठ के साथ आठवें स्थान पर है। इस मैच में विराट कोहली के आरसीबी के लिए तथा शुभमन गिल के गुजरात टाइटंस के लिए बड़ी पारी खेलने की आस है।

विल जैक के मात्र 41 गेंदों में तूफानी अविजित शतक और विराट कोहली (अविजित 70) के साथ दूसरे विकेट की 166 रन की असमाप्त भागीदारी से आरसीबी ने अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के 200 रन के स्कोर का पीछा करते हुए मात्र 16 ओवर में मात्र एक विकेट खोकर 206 रन बना दमदार अंदाज से मैच जीत लिया था। आरसीबी के लिए विराट कोहली मौजूदा संस्करण में पहले ही मैच से रन बनाने में सबसे आगे चल रहे थे लेकिन दस मैचों के बाद चेन्नै सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (कुल 509 रन) ने अपने घर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अर्द्धशतक जड़ जरूर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया। आरसीबी के शीर्ष क्रम में विराट कोहली, दो-दो अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान फॉफ डू प्लेसी (कुल 288 रन), दिनेश कार्तिक (कुल 262 रन), रजत पाटीदार (कुल 211 रन), विल जैक(5 मैच, एक शतक , एक अर्द्धशतक कुल 176 रन) और कैमरून ग्रीन (कुल 111 रन) के रूप में शीर्ष व मध्यक्रम तो रंग में है। ऐसे में विराट सहित आरसीबी के शीर्ष क्रम को रोकना गुजरात टाइटंस के लिए मौजूदा सीजन के अधबीच सहित कारगर रहे सबसे कामयाब अचानक राह भटकने वाले तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ( कुल दस विकेट), अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान (कुल 8 विकेट), साई किशोर (कुल सात विकेट),नूर अहमद (कुल सात विकेट) के साथ तेज गेंदबाज संदीप वारियर (4 मैच, कुल 5 विकेट) और उमेश यादव (6 मैच, कुल सात विकेट) के लिए खासी मुश्किल चुनौती होगा। आरसीबी ने जहां अपने पिछले लगातार दोनो मैच जीते हैं। वहीं गुजरात टाइटंस को अपने पिछले दो मैचों में पहले दिल्ली कैपिटल्स से दिल्ली में दस रन से और फिर आरसीबी से नौ विकेट से लगातार हार झेलनी पड़ी है और उसकी कोशिश लगातार तीसरी हार से बच फिर जीत की राह पर वापस लौटने की होगी।

अब अगले महीने अमेरिका और वेस्ट इंडीज के लिए भारत की टी-20 विश्व कप टीम की घोषणा के बाद विराट कोहली और खुल कर अपनी आरसीबी को लगातार तीसरी और कुल चौथी जीत के साथ उसकी प्ले ऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के मकसद से उतरेंगे। वहीं खुद को एकदम विराट कोहली की तरह ढालने और उन्हीं की तरह क्रिकेट में बुलंदियां चूमने की हसरत रखने वाले गुजरात टाइटंस के नौजवान कप्तान शुभमन गिल टी-20 विश्व कप के लिए भारत के 15 खिलाड़ियों में स्थान पाने से चूकने लेकिन चार रिजर्व खिलाड़ियों में जगह पाने वाले किसी भी संभावित मौके के लिए खुद को तैयार रखने के मकसद से बड़ी पारी खेलने की पुरजोर कोशिश करेंगे। उतरेंगे। शुभमन गिल (कुल 320 रन) ने बढ़िया आगाज के बाद दस मैचों में दो अर्द्धशतक जड़ने के बाद अचानक लय खोकर बतौर ओपनर की होड़ में बाएं हाथ के यशस्वी जायसवाल से पिछड़ कर टी-20 विश्व कप के लिए भारत के 15 खिलाड़ियों में स्थान पाने से चूक गए और इसका बेशक उन्हें मलाल रहेगा ही।

# टीम इंडिया बनी वनडे टी-20 में नंबर वन

**दुबई,** 3 मई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा शुक्रवार को जारी वार्षिक अपडेट के बाद भारत ने पुरुषों की वनडे और टी20 रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। टेस्ट रैंकिंग में भारत दूसरे स्थान पर है जबकि नंबर-1 पर ऑस्ट्रेलिया पर कब्जा है। टेस्ट रैंकिंग के लिए, आईसीसी ने कहा कि वार्षिक अपडेट 2020-21 सीजन के परिणामों को हटा देता है और मई 2021 के बाद से पूरी हुई सभी श्रृंखलाओं को दर्शाता है। वर्तमान विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेता ऑस्ट्रेलिया अब 124 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

शीर्ष स्थान छोड़ने वाला भारत रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया से केवल चार अंक पीछे है और तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका 103 अंकों के साथ 100 अंकों से ऊपर चौथी टीम है। भारत मुख्य रूप से इसलिए फिसला क्योंकि 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में उसकी 2-1 सीरीज जीत रैंकिंग से हटा दी गई है। तीसरे से नौवें स्थान पर रहने वाली टीमों का क्रम समान रहता है। अब केवल नौ टीमें रैंकिंग में हैं क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड ने अभी तक पर्याप्त टेस्ट नहीं खेले हैं जबकि जिम्बाब्वे भी बाहर है क्योंकि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं। रैंकिंग तालिका में आने के लिए टीमों को तीन साल की अवधि में कम से कम आठ टेस्ट खेलने होंगे। सफेद गेंद वाले मैचों के मामले में, भारत वनडे और टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर है, क्योंकि वार्षिक अपडेट में कहा गया है कि इसमें मई 2023 से पहले पूरे किए गए मैचों को 50 प्रतिशत और बाद के मैचों को 100 प्रतिशत पर महत्व दिया गया है। भारत भले ही विश्व कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया हो, लेकिन उसने उन पर अपनी बढ़त तीन से छह अंक तक बढ़ा ली है, जिससे वह 122 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन आयरलैंड जिम्बाब्वे को पछाड़कर 11वें स्थान पर पहुंच गया है। तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के साथ आठ से चार अंकों का अंतर कम कर लिया है, जबकि श्रीलंका पांचवें स्थान पर मौजूद इंग्लैंड से सिर्फ दो अंक पीछे है। टी20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से आगे दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, लेकिन वह भारत से सात अंक पीछे है, जो 264 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका अपडेट से पहले छठे स्थान से दो स्थान आगे बढ़ने के बाद इंग्लैंड से सिर्फ दो अंक पीछे है। न्यूजीलैंड के भी दक्षिण अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं, लेकिन कुछ अंकों के मामले में वह पीछे है, जबकि वेस्टइंडीज के 249 अंक हैं, जिसका मतलब है कि तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड और छठे स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज के बीच सिर्फ तीन अंकों का अंतर है।



■ टेस्ट रैंकिंग में भारत दूसरे स्थान पर है जबकि नंबर-1 पर ऑस्ट्रेलिया पर कब्जा है

## श्रेयस अय्यर सकारात्मक के साथ चुनौतियों का करते है सामना : अभिषेक नायर

**मुम्बई,** 3 मई (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच अभिषेक नायर कहा कि श्रेयस अय्यर अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सकारात्मक सोच के साथ सामना करते है।



अभिषेक नायर ने कहा कि वह उन लोगों में से हैं जो मानसिक तौर पर काफ़ी मज़बूत हैं। उनके अंदर किसी चीज के लिए शिकायत करने की आदत नहीं है। कुछ चीजे उनके नियंत्रण में नहीं है लेकिन फिटनेस एक ऐसी चीज है जिसे नियंत्रित करना उनके बस में है। हमारे मेडिकल स्टाफ ने उनके ऊपर काफी मेहनत की है। रिजेक्ट होने के बावजूद उनकी सोच काफी सकारात्मक है और उनका ध्यान वापसी करने पर है। उन्होंने कहा कि भले ही वह आईपीएल खेल रहे हों या भारत के लिए वह हमेशा रन बनाने की ही सोचते हैं। ऐसा नहीं है कि वह उनके साथ हुए इन घटनाक्रमों से प्रभावित नहीं हुए हैं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने इन सबको हैंडल किया है वो तारीफ के काबिल है। अय्यर ने गुरुवार को नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। आंद्रे रसल के साथ उन्होंने बड़े शॉट्स लगाने का अभ्यास किया। अय्यर के सामने सबसे नई चुनौती मुम्बई इंडियंस को उस वेन्यू पर हराना है, जहां उनकी टीम को पिछले 12 वर्षों से जीत का इंतजार है।

# विराट ओपनिंग और रोहित नंबर 3 पर करें बल्लेबाजी : जडेजा



टी-20 विश्वकप

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व ऑलराउंडर अजय जडेजा का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा को टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए, जबकि उन्हें विराट कोहली को ओपनिंग के लिए प्रमोट करना चाहिए।



भारत की 15 सदस्यीय विश्व कप टीम में टॉप ऑर्डर में बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली का नाम यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव के साथ शामिल है। भारत को प्रतियोगिता के ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगी। आईपीएल 2024 के आधिकारिक स्ट्रीमिंग पार्टनर जियोसिनेमा से जडेजा ने कहा कि मेरे लिए, विराट कोहली ओपनिंग करते हैं। कौन पीछे जाता है? रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। उन्हें थोड़ा आराम मिलता है और खेल को समझने का मौका मिलता है, एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा है। अगर आपकी टीम में विराट है, तो आप जानते हैं कि निरंतरता ही वह चीज़ है जो आपको मिलेगी, इसलिए, उसका उपयोग भी कर सकते हैं। वह शीर्ष पर सर्वश्रेष्ठ है। जब बोर्ड पर 20-30 होता है और फिर स्पिन आती है, जैसे-जैसे वह लंबे समय तक रहता है, वह बेहतर होता जाता है।

## जून-जुलाई में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। जून-जुलाई के महीने में भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका की मेज़बानी करेगी। इस दौरे पर तीन वनडे, तीन टी20 और एक टेस्ट मैच खेला जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि सीमित ओवरों की दोनों श्रृंखला बेंगलुरु में खेली जाएंगी। सबसे पहले 16 जून को वनडे श्रृंखला का आग़ाज़ होगा जबकि दौरे का एकमात्र टेस्ट 28 जून को शुरू होगा। टी20 श्रृंखला टेस्ट मैच के बाद खेली जाएगी। सितंबर अक्तूबर में बांग्लादेश में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए टी20 श्रृंखला का कार्यक्रम बाद में निर्धारित किया गया है। 16,19 और 23 जून को वनडे खेले जाएंगे जबकि 5,7 और 9 जुलाई को टी20 खेले जाएंगे। एकमात्र टेस्ट पहले से आईसीसी के फ़्यूचर टूर प्रोग्राम का हिस्सा नहीं था। इसे क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए ) और बीसीसीआई द्वारा महिला टेस्ट को प्रमोट करने के इरादे से प्रस्तावित दौरे में बाद में जोड़ा गया। सात महीनों में यह तीसरी बार होगा जब भारतीय महिला टीम टेस्ट मैच खेलेगी। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ़ टेस्ट मैच खेला था। तीन वनडे मैचों की श्रृंखला आईसीसी विमेंस चैंपियनशिप का हिस्सा है। जिसके तहत शीर्ष चार टीम और मेज़बान देश को 2025 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में सीधा प्रवेश दिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### डॉ. मल्लिका नड्डा एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी समझ रखने वाली अग्रणी सामाजिक कार्यकर्ताओं में से एक हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (शिमला) से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज़ बनेंगी। डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत क्षेत्र में एसओ भारत के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगी, जहां स्पेशल ओलंपिक भारत को स्थायी सीट प्राप्त है। उनका कार्यकाल तीन साल (1 मई 2024 से 31 मार्च 2027 तक) का होगा। डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि मैं एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद के सदस्यों का मुझ पर भरोसा जताने के लिए आभारी हूं।

### हम में से किसी ने अपना विकेट जानबूझकर नहीं गंवाया : पराग

**हैदराबाद।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से एक रन से हार का सामना करने के बाद, इन-फॉर्म बल्लेबाज रियान पराग ने इस बात से इनकार किया कि कुछ बल्लेबाजों ने, जिनमें वह भी शामिल हैं, निर्णायक मोड़ पर अपने विकेट जानबूझकर गंवाए। शुरुआती ओवर में जोस बटलर और संजू सैमसन को खोने के बाद, पराग और यशस्वी जायसवाल ने जवाबी हमले में तीसरे विकेट के लिए 134 रन जोड़े और एक प्रभावशाली जीत की ओर अग्रसर थे। लेकिन जायसवाल 40 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पराग 49 गेंदों में 77 रन बनाकर आउट हुए और वहां से आरआर को इस सीजन की दूसरी हार झेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### गवर्नर्स गोल्फ कप टूर्नामेंट सात जून से होगा शुरू

**नैनीताल।** गवर्नर्स गोल्फ क्लब की ओर से सरोवर नगरी नैनीताल में प्रति वर्ष आयोजित होने वाला गवर्नर गोल्फ कप टूर्नामेंट अगले महीने सात से नौ जून के मध्य आयोजित किया जायेगा। राजभवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोल्फ क्लब की ओर से टूर्नामेंट के लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागियों के नाम आमंत्रित किये जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा गवर्नर्स कप इंटर स्कल गोल्फ टूर्नामेंट 12 मई को आयोजित किया जाएगा।

## बस्तर की पांच बेटियों ने बनाया क्रिकेट में स्थान

**जगदलपुर,** 3 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बस्तर के पांच बेटियों ने महिला सीनियर क्रिकेट 23 में अपना विशेष स्थान बनाया है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा बीते 7 अप्रैल को महिला क्रिकेटरों का ट्रायल लिया गया था। ट्रायल में छत्तीसगढ़




सभी खिलाड़ियों को रायपुर में 4 मई को अपनी उपस्थिति देनी है

स्टेट के सभी जिलो के खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया था। जिसमें बस्तर जिले के महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को प्रभावित कर महक नायक, मानसी गोंड, भूमिका चिपानी, झरना देवांगन, आस्था सिंह ने अपना स्थान छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट द्वारा बनाई गई जोन के टीम में बनाया। यह सभी खिलाड़ियों को रायपुर में 4 मई को अपनी उपस्थिति देना है। जहां उन्हे केम्प में शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर एलिट ग्रुप के प्रतियोगिता में भाग लेना है। उसके बाद उनका प्रदर्शन अच्छा रहा तो राज्य के टीम में चयन किया जायेगा। महक नायक दाये हाथ के बल्लेबाज के साथ मध्यम गति की गेंदबाज, मानसी गोंड मध्यम क्रम बल्लेबाज के साथ विकेट किपर, भूमिका चिपानी विकेट किपर एवं बल्लेबाज, हारना देवांगन मध्यम क्रम की दाये हाथ की बल्लेबाज तथा आस्था सिंह दाये हाथ की सलामी बल्लेबाज है। टीम में चयन होने पर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी/सदस्यगण आंनद मोहन मिश्रा, राजकुमार महतो, शिवनारायण महंती, विश्वमोहन मिश्र, केदार ठाकुर प्रेम झा, अनूप मेहरा, सुनील पठारिया, प्रदीप गुहा, शाहिद खान, महेन्द्र साहू विवेक राय, प्रीतपाल सिंह, करणदीप एवं खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुगे शुभकामनायें दी है।

## टी-20 विश्व कप के मैच अधिकारियों में नितिन मेनन, जयरामन मदनगोपाल, जवागल श्रीनाथ शामिल


**दुबई,** 3 मई (एजेंसियां)। अंपायर नितिन मेनन और जयरामन मदनगोपाल के साथ मैच रेफरी, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ, आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के पहले दौर के लिए नियुक्त 26 मैच अधिकारियों में शामिल हैं। मदनगोपाल टूर्नामेंट के दौरान सैम नोगाजस्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब के साथ सीनियर पुरुष आईसीसी स्पर्धाओं में अंपायर के रूप में हिस्सा लेंगे। कुल मिलाकर, 20 अंपायर और छह मैच रेफरी पुरुष टी20 विश्व कप के 9वें संस्करण का संचालन करेंगे। अंपायरों के अनुभवी समूह में वार्षिक आईसीसी पुरस्कारों में आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर के लिए डेविड शेफर्ड ट्रॉफी 2023 के विजेता रिचर्ड इलिंगवर्थ, साथ ही कुमार धर्मसेना, क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल शामिल हैं, जिन्हें 2022 के फाइनल के लिए नियुक्त किया गया था। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में संस्करण, जिसे इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराकर जीता। मैच रेफरी की टीम में रंजन मदुगले की वापसी हो रही है, जिन्होंने 2022 फाइनल की देखरेख की थी और इसमें प्रारूप के सबसे कैप्ड रेफरी, जेफ क्रो 175 टी20 और एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट भी शामिल हैं, जो 150 टी20 से एक मैच दूर हैं। टूर्नामेंट में 20 टीमें 28 दिनों तक नौ स्थानों पर 55 मैच खेलेंगी, जिसे आईसीसी इसे अब तक का सबसे बड़ा आईसीसी टी20 विश्व कप कहता है।



■ 20 अंपायर और छह मैच रेफरी पुरुष टी20 विश्व कप के 9वें संस्करण का संचालन करेंगे

# शुभंकर शर्मा, गगनजीत भुल्लर पेरिस ओलंपिक में पदार्पण के लिए तैयार

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां) प्रमुख भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर पेरिस 2024 में ओलंपिक में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। 29 अप्रैल तक ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) में शुभंकर और गगनजीत क्रमश: 47 और 52वें स्थान पर हैं और उनके 1 अगस्त को ले गोल्फ नेशनल में भाग लेने वाले 60 पेशेवरों में शामिल होने की उम्मीद है। अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए शुभंकर ने कहा कि वह ओलंपिक के लिए एक सुनियोजित कार्यक्रम का पालन कर रहे हैं। शुभंकर ने साई मीडिया को बताया कि मैं खुद से खुश हूं और जहां मैं आज खड़ा हूं। यह सही दिशा में बढ़ रहा है। अब चुनौतियों से ज्यादा, यह उस सप्ताह को सही तरीके से पूरा करने के बारे में है। मैं बहुत सकारात्मक हूं। शुभंकर पेशेवर सर्किट में अपने सीनियर भुल्लर का बहुत सम्मान करते हैं। शुभंकर ने कहा कि गगन एक सिद्ध चैंपियन हैं और मैं उन्हें बहुत आदर और सम्मान की दृष्टि से देखता हूं। जीतने के बारे में उनकी मानसिकता अद्भुत है। मुझे यकीन है कि हम दोनों पेरिस में देश को गौरवान्वित करने के लिए एक-दूसरे को प्रेरित करने में सक्षम होंगे। 11 बार के एशियाई टूर चैंपियन और 2006 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता गगनजीत ने कहा कि वह पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भूखे हैं। उन्होंने कहा कि टॉप्स में शामिल होना मेरे लिए गर्व का क्षण है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में प्रायोजकों ने मुझे समर्थन दिया है, लेकिन कई चीजें बाकी हैं। मैं एक मनोवैज्ञानिक, कैडी और फिटनेस कोच के साथ अपनी टीम को मजबूत करना चाहूंगा। गगनजीत भुल्लर ने कहा कि शुभंकर मुझसे बहुत छोटा है, लेकिन मैंने टूर्नामेंट में उसके साथ कुछ राउंड खेले हैं। हम दोनों उत्साहित हैं क्योंकि यह हमारा पहला ओलंपिक है। गोल्फ एक ऐसा खेल है जिसमें कुछ भी हो सकता है, कुछ अच्छे राउंड, कुछ अच्छे शॉट निश्चित रूप से परिणाम तय करने में काफी मदद कर सकते हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के समर्थन से प्रेरित होकर, चंडीगढ़ स्थित पेशेवरों को ग्रेड बनाने के लिए अपनी रैंकिंग को पर्याप्त ऊंचा रखने का भरोसा है।



शुभंकर मुझसे बहुत छोटा है, लेकिन मैंने टूर्नामेंट में उसके साथ कुछ राउंड खेले हैं। हम दोनों उत्साहित हैं क्योंकि यह हमारा पहला ओलंपिक है : गगनजीत भुल्लर

मैं खुद से खुश हूं और जहां मैं आज खड़ा हूं यह सही दिशा में बढ़ रहा है, अब चुनौतियों से ज्यादा, यह उस सप्ताह को सही तरीके से पूरा करने के बारे में है : शुभंकर शर्मा